Page 11
खेल

जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
Page 09
देश



**मुझे नहीं पता कि वह कितने समय तक टिक पाएगा, खेलते देखना चाहते डिविलियर्स...**

**बंगाल में असम मॉडल अपनाएगी भाजपा, सीएम सुवेंदु बोले-अवैध घुसपैठियों पर होगी...**

कृष्ण पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2083
• औरंगाबाद • गुरूवार • 14 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 161 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,53,900 | ₹ 3,10,000 |



## आज का इतिहास

**1992 : भारत ने तमिल टाइगर्स के नाम से मशहूर श्रीलंकाई विद्रोही संगठन एलटीटीई पर प्रतिबंध लगा दिया था। संयुक्त राष्ट्र और भारत समेत 32 देशों ने उसे आतंकवादी संगठन करार दिया।**

**1870 : नेल्सन फुटबॉल क्लब और नेल्सन कॉलेज के बीच न्यूजीलैंड में पहला रग्बी मैच खेला गया।**

## न्यूज बाइट्स

### जमीन विवाद मामले में शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को पटना हाई कोर्ट से राहत

**पटना (नि.सं.)** । पटना हाई कोर्ट ने जमीन विवाद और रंगदारी से जुड़े एक आपराधिक मामले में राजद विधायक ओसामा शहाब को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायाधीश अजीत कुमार की एकलपीठ ने ओसामा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए केस डायरी की मांग की है। मामले में सिवान के महादेवा थाना कांड संख्या 73/26 दर्ज है। शिकायतकर्ता डॉ. सुधा सिंह ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2024 में खरीदी गई जमीन पर ओसामा शहाब और उनके सहयोगियों ने जबरन कब्जा करने, निर्माण कार्य रुकवाने तथा मारपीट करने की कोशिश की।

### खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित

**पटना (नि.सं.)** । भारत सरकार ने खरीफ फसल वर्ष 2026-27 के विपणन सत्र के लिए विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की है। बुधवार को लिए गए इस निर्णय के तहत धान सहित कई प्रमुख फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है, जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सरकार द्वारा जारी नई दरों के अनुसार धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 72 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा सूरजमुखी के समर्थन मूल्य में 622 रुपए प्रति क्विंटल, कपास में 557 रुपए प्रति क्विंटल, रामतिल में 515 रुपए प्रति क्विंटल तथा तिल में 500 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। सरकार का कहना है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराने तथा कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

---

### सम्राट कैबिनेट में 19 एजेंडों पर लगी मुहर, पांच जिलों में ग्रामीण एसपी की होगी नियुक्ति

# महिलाओं को इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर मिलेगी एक लाख की प्रोत्साहन राशि

## बिहार के नौ लाख सरकारी कर्मचारियों का बढ़ा महंगाई भत्ता

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई। राज्य के करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता (डीए) 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। वित्त विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। इस फैसले से कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनभोगियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। सरकार के अनुसार सबसे निचले स्तर पर 19 हजार रुपए मूल वेतन पाने वाले कर्मचारियों के वेतन में लगभग 390 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोतरी होगी, जबकि 2.25 लाख रुपए मूल वेतन पाने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को करीब 4500 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त मिलेंगे। इसी फॉर्मूले के आधार पर पेंशनरों की मासिक पेंशन में भी 250 रुपए से लेकर 2200 रुपए तक की वृद्धि होगी। कैबिनेट बैठक में राज्य की कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी अहम फैसला लिया गया। बढ़ते अपराध, भूमि विवाद, साम्प्रदायिक तनाव और सीमावर्ती गतिविधियों को देखते हुए पांच जिलों में ग्रामीण एसपी के पद सृजित करने को



मंजूरी दी गई है। ये पद पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, वैशाली, मधुबनी और सीवान जिलों में बनाए जाएंगे। सरकार का मानना है कि अतिरिक्त प्रशासनिक निगरानी से इन संवेदनशील जिलों में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। बुधवार को हुई सम्राट कैबिनेट की चौथी बैठक करीब 40 मिनट तक चली। बैठक में विकास योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025-27 के दौरान 72 हजार 901 करोड़ रुपए तक का कर्ज लेने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। सरकार का कहना है कि इस राशि का उपयोग सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं में किया जाएगा।

नई नीति के तहत बिहार में क्रय एवं निबंधित सभी इलेक्ट्रिक वाहनों को मोटर वाहन कर में 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग पर भारत सरकार की नीति के अनुरूप अतिरिक्त प्रोत्साहन का लाभ भी दिया जाएगा। इससे आम लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

#### महिलाओं को विशेष प्रोत्साहन

परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि नई नीति के तहत महिलाओं को इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहन खरीदने पर प्रति वाहन 1 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने वाली महिलाओं को 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। प्रोत्साहन राषि वर्ष 2026-27 के लिए देय होगा। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने पर सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को 10 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को 12 हजार रुपये प्रति वाहन अनुदान दिया जाएगा। वहीं इलेक्ट्रिक मालवाहक तिपहिया वाहन की खरीद पर सामान्य वर्ग को 50 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को 60 हजार रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी।

#### प्रदूषण नियंत्रण और हरित बिहार की दिशा में कदम

नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति से राज्य में वायु एवं ध्वनि प्रदूषण में कमी आएगी तथा ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक नए वाहनों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

#### सरकार लेगी 72 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज

बिहार सरकार ने विकास योजनाओं एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं को गति देने के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लेने का निर्णय लिया है। करीब 40 मिनट तक चली बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025-27 के दौरान 72 हजार 901 करोड़ रुपए तक का कर्ज लेगी। सरकार के अनुसार इस राशि का उपयोग सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई तथा अन्य जनहित एवं विकास योजनाओं पर किया जाएगा।

---

# सीएम ने की 'नो व्हीकल डे' मनाने की अपील

## सार्वजनिक परिवहन के उपयोग पर दिया जोर



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों से सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए आम लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों को भी पहल करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक परिवहन, विद्युत चालित वाहनों तथा साझा यात्रा व्यवस्था को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी एवं सरकारी कार्यालयों में जहां संभव हो, वहां घर से कार्य करने की व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। उन्होंने मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी अपने वाहन काफिले को छोटा करने तथा अनावश्यक वाहनों के उपयोग से बचने की अपील की। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार लोगों से ईंधन एवं संसाधनों की बचत करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि जहां संभव हो, वहां पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग किया जाए तथा मेट्रो, विद्युत बसों एवं सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही अनावश्यक विदेशी यात्राओं से बचने की भी सलाह दी गई थी। प्रधानमंत्री की अपील का असर अब बिहार सरकार में भी दिखाई देने लगा है। नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के काफिलों में कटौती शुरू हो गई है। पहले जहां मंत्री कई वाहनों के बड़े काफिले के साथ निकलते थे, वहीं अब कई मंत्री एक या दो वाहनों में ही कार्यक्रमों और बैठकों में पहुंच रहे हैं।बुधवार को पटना सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान इसका स्पष्ट प्रभाव देखने को मिला। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विद्युत चालित वाहन से सचिवालय पहुंचे। वहीं मंत्री अशोक चौधरी, जमा खान और मदन सहनी एक ही वाहन से बैठक में शामिल होने पहुंचे। सामान्यतः मंत्रियों के साथ कई सुरक्षा एवं एस्कॉर्ट वाहन चलते थे, लेकिन इस बार काफिला काफी छोटा नजर आया। मंत्रिमंडल की बैठक से पहले मुख्यमंत्री राजेंद्र नगर स्थित स्मृति पार्क में दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदीकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने भी विद्युत चालित वाहन से पहुंचे।

### पंचायती राज विभाग की पहल

## कार्यालय आने-जाने के लिए नहीं करेंगे निजी ईंधन चालित वाहनों का उपयोग : दीपक प्रकाश

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग ने पेट्रोलियम पदार्थों की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। विभागीय मंत्री दीपक प्रकाश दीपक प्रकाश ने विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए विशेष व्यवस्था लागू करते हुए एक अपील जारी की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ईंधन की खपत कम करना, तेल आयात पर निर्भरता घटाना तथा प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देना है। विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार यह निर्णय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की अपील से प्रेरित होकर लिया गया है। पंचायती राज विभाग अब ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। प्रशासनिक स्तर पर इसे एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रत्येक शुक्रवार को कार्यालय आने-जाने के लिए निजी ईंधन चालित वाहनों का उपयोग नहीं करेंगे। इसके स्थान पर उन्हें सार्वजनिक परिवहन अथवा विद्युत चालित वाहनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया है। विभाग का मानना है कि सप्ताह में एक दिन सामूहिक रूप से इस व्यवस्था का पालन करने से ईंधन की खपत में उल्लेखनीय कमी आएगी।

विभाग ने कर्मचारियों को पैदल चलने तथा साइकिल का उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि जो कर्मचारी पैदल अथवा साइकिल से कार्यालय पहुंचेंगे, उनका विशेष रूप से स्वागत किया जाएगा। हालांकि शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को इस व्यवस्था से छूट प्रदान की गई है और उन्हें अपनी सुविधा के अनुसार यात्रा करने की अनुमति दी गई है।

---

# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं परीक्षा का परिणाम जारी, छात्राओं ने फिर मारी बाजी

- **विद्यार्थी डिजिलॉकर और उमंग अनुप्रयोग के माध्यम से भी परिणाम देख सकते हैं।**
- **डिजिटल अंकपत्रिका डाउनलोड करने के लिए छह अंकों का सुरक्षा पिन आवश्यक होगा।**

एजेंसी | नई दिल्ली

सीबीएसई ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया है। इस वर्ष पटना क्षेत्र का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 74.45 दर्ज किया गया है। छात्र अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से देख सकते हैं। इस वर्ष पटना क्षेत्र से कुल 79 हजार 12 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 58 हजार 824 विद्यार्थी सफल हुए हैं। परीक्षा में शामिल 49 हजार 632 छात्रों में से 34 हजार 989 छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि 29 हजार 380 छात्राओं में से 23 हजार 835 छात्राएं सफल रहीं। परिणाम में एक बार फिर छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 70.50 रहा, जबकि छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस प्रकार छात्राओं का परिणाम छात्रों की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत अधिक रहा। बोर्ड ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परिणाम को डिजिटल माध्यमों पर भी उपलब्ध कराया है। विद्यार्थी डिजिलॉकर तथा उमंग अनुप्रयोग के माध्यम से भी अपनी अंकपत्रिका और अन्य प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

इसके लिए विद्यालयों को छह अंकों का सुरक्षा पिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसी पिन की सहायता से विद्यार्थी अपनी डिजिटल अंकपत्रिका तथा प्रव्रजन प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड के अनुसार परीक्षा में सफल होने के लिए प्रत्येक विषय में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को परिणाम देखने के लिए अपना अनुक्रमांक, विद्यालय कोड तथा प्रवेश पत्र पहचान संख्या तैयार रखने की सलाह दी गई है।

---

# बियाडा की जमीन आवंटन व्यवस्था में बड़ा बदलाव, अब 90 वर्ष तक मिलेगी लीज

- **बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 की अवधि 30 जून 2026 तक बढ़ाई गई।**

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की जमीन आवंटन व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब औद्योगिक इकाइयों को 30 वर्ष, 60 वर्ष अथवा 90 वर्ष की अवधि तक रियायती दर पर जमीन लीज पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 तथा बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2016 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 की अवधि बढ़ाकर 30 जून 2026 तक कर दी गई है।

सरकार के अनुसार नए प्रावधानों के तहत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा उद्योगों को जमीन आवंटन की प्रक्रिया को अधिक सरल और निवेशकों के अनुकूल बनाया गया है। अब उद्योगों को लंबी अवधि के लिए अनुपातिक रूप से कम दर पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे बड़े निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। संशोधित व्यवस्था में मेगा औद्योगिक इकाइयों की परियोजना लागत की सीमा 200 करोड़ रुपए से अधिक तथा 500 करोड़ रुपए तक निर्धारित की गई है। इसके साथ ही परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न चरणों का निर्धारण भी किया गया है। सरकार का मानना है कि इन बदलावों से राज्य में निवेश की गति बढ़ेगी, औद्योगिक क्षेत्रों में नई इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से जमीन आवंटन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और आसान हो सकेगी।

---

# अमूल दूध दो रुपए हुआ महंगा

**नई दिल्ली (ए.)**। अमूल ने बुधवार को दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ोतरी कर दी है। नए दाम गुरुवार (14 मई) से लागू होंगे। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मुताबिक, अमूल दूध के प्रमुख वेरिएंट और पैक पर कीमतें बढ़ाई गई हैं। कंपनी का कहना है कि यह बढ़ोतरी 2.5% से 3.5% के बीच है। मई 2025 के बाद पहली बार दूध के दाम बढ़ाए गए हैं। पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। को-ऑपरेटिव के मुताबिक, दूध के उत्पादन और ऑपरेशनल खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पशु चारे की बढ़ती कीमत और ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ने की वजह से समय-समय पर दूध की कीमतों में बदलाव करना पड़ता है। पिछले कुछ सालों में डेयरी इंडस्ट्री पर इनपुट कॉस्ट का दबाव काफी बढ़ गया है।

---

## शिक्षा मंत्री पर 50 लाख रुपए गबन का आरोप



**पटना(नि.सं.)**। सम्राट सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तवारी पद संभालने के साथ ही पुराने भ्रष्टाचार मामले को लेकर विवादों में घिर गए हैं। मंत्री पर धोखाधड़ी, सरकारी राशि के गबन तथा फर्जी दस्तावेजों के उपयोग जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। मामला मुजफ्फरपुर स्थित निगरानी न्यायालय में लंबित है, जहां अगली सुनवाई 14 जुलाई को निर्धारित की गई है। मामला करीब 11 वर्ष पुराना बताया जा रहा है। आरोपों के अनुसार मिथिलेश तिवारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर महाविद्यालय, खजुरिया, बरौली, गोपालगंज की प्रबंधन समिति के तत्कालीन अध्यक्ष थे। उन पर आरोप है कि महाविद्यालय कर्मियों के वेतन भुगतान के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई लगभग 50 लाख रुपए की राशि में अनियमितता की गई।

---

# एक्सक्लूसिव शिक्षकों की नियुक्ति नियम बदलकर रद्द नहीं कर सकती बिहार सरकार : हाईकोर्ट

निज संवाददाता | पटना



बिहार में एक्सक्लूसिव शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के मामले में पटना उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को बड़ा झटका दिया है। न्यायालय ने सरकार द्वारा चयनित शिक्षकों के नियुक्ति पत्र रद करने की कार्रवाई को अवैध, मनमाना तथा कानून के विरुद्ध करार देते हुए शिक्षकों को राहत प्रदान की है। न्यायमूर्ति आलोक कुमार सिन्हा की एकलपीठ ने तीन सौ से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को पूर्व में जारी नियुक्ति पत्र बहाल करने तथा शिक्षकों को उनके मूल आवंटित जिलों में पदस्थापित करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने सरकार को छह सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूरी करने को कहा है। मामला स्थानीय निकायों के अंतर्गत नियुक्त शिक्षकों से जुड़ा हुआ है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष गिरि, अधिवक्ता सुमित कुमार झा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। उन्होंने न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता बिहार पंचायती प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली 2012 के तहत नियुक्त शिक्षक हैं।

वर्ष 2023 में राज्य सरकार ने बिहार विद्यालय एक्सक्लूसिव शिक्षक नियमावली 2023 लागू की थी। इसके तहत स्थानीय निकाय शिक्षकों को राज्य स्तरीय सेवा शर्तों के अनुरूप लाने का प्रावधान किया गया तथा "एक्सक्लूसिव शिक्षक" का दर्जा प्राप्त करने के लिए दक्षता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई। इसके बाद बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 25 जनवरी 2024 को विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए थे। सभी अभ्यर्थियों ने आवेदन के साथ जिला विकल्प भी दिए थे।

---

### दाखिल-खारिज मामलों को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अपनाया सख्त रुख

# दाखिल खारिज के लंबित मामलों का 15 दिनों के अंदर निष्पादन का निर्देश

- **विवादित मामलों के लिए अधिकतम 75 दिनों की समय-सीमा तय।**
- **कई अंचलों में 120 दिनों से अधिक समय से मामले लंबित पाए गए।**
- **विभाग ने इसे गंभीर लापरवाही एवं कार्य में शिथिलता माना।**

निज संवाददाता | पटना



बिहार में लंबे समय से लंबित दाखिल-खारिज मामलों को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को 120 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों का अगले 15 दिनों के भीतर हर हाल में निष्पादन सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। विभागीय आदेश के बाद अंचल कार्यालयों में हड़कंप मच गया है। विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन के लिए पहले से समय-सीमा निर्धारित है। नियमों के अनुसार अविवादित मामलों का निपटारा 35 दिनों तथा विवादित मामलों का निष्पादन 75 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद विभागीय समीक्षा में यह सामने आया कि कई अंचलों में मामले 120 दिनों से भी अधिक समय से लंबित पड़े हैं। विभाग ने इसे गंभीर लापरवाही एवं कार्य में शिथिलता माना है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने लंबित मामलों की अंचलवार सूची भी जिलों को भेजी है। सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि संबंधित अंचलाधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का आदेश दें तथा यह सुनिश्चित करें कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन हो। सरकार का उद्देश्य ऐसे अंचलों की पहचान करना है, जहां जानबूझकर अथवा लापरवाहीवश आम लोगों के आवेदन लंबित रखे जा रहे हैं। राज्य सरकार ने जिला स्तर पर नियमित समीक्षा और सघन निगरानी के भी निर्देश दिए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में दाखिल-खारिज का मामला निर्धारित 75 दिनों की अधिकतम समय-सीमा से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। जिलाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लंबित मामलों के निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार का कहना है कि भूमि सुधार से जुड़े कार्य उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को उम्मीद है कि 15 दिनों के इस विशेष अभियान से हजारों लंबित आवेदनों का निष्पादन होगा तथा आम लोगों को अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### आंधी - पानी से बढ़ी लोगों की परेशानी

**नारदीगंज( नवादा)**। इन दिनों बेमौसम वर्षा हो रही है। तेज आंधी पानी से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। बीते मंगलवार को शाम में आंधी पानी के साथ वर्षा हुई। इस दौरान बज्रपात की भी घटना घटी। बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह ने मंगलवार को रामे गांव में मंदिर के समीप लगा ट्रान्सफार्मर पर बज्रपात हो गया। इस घटना होने से ट्रांसफार्मर जल गया है। यह ट्रांसफार्मर 100 केभी का था। घटना की लिखित सूचना वरीय अधिकारियों को अग्रसारित किया गया। ताकि इस गांव में बिजली की समस्या जल्द दूर हो सके।

### माध्यमिक विद्यालय में होगी नवम वर्ग में नामांकन

**नारदीगंज( नवादा)**। पंचायत के मध्य विद्यालय से आठवीं कक्षा पास छात्र व छात्राओं को पंचायत अंतर्गत उच्च माध्यमिक या माध्यमिक विद्यालय में नवम कक्षा नामांकन होगा। बीईओ दीपक सक्सेना ने कहा यह आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उच्च माध्यमिक और माध्यमिक विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक को पत्र जारी कर कहा है। बीईओ ने कहा किसी भी पंचायत के मध्य विद्यालय के छात्र और छात्राओं द्वारा आठवीं कक्षा पास होने के बाद विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र के आधार पर उस पंचायत के छात्र व छात्राओं का सम्बंधित पंचायत में स्थित माध्यमिक या उच्च माध्यमिक विद्यालय में ही नामांकन होगा। उन्होंने कहा पंचायत के मध्य विद्यालयों से आठवीं कक्षा पास छात्राओं का ही अपने वर्ग नौवीं में नामांकन किया जाए। उच्च माध्यमिक या माध्यमिक विद्यालय के निकटतम आवासित बालिकाओं का अति विशेष परिस्थितियों में वर्ग नौवीं में नामांकन किया जाए। इसके लिए स्वयं सक्षम प्राधिकार हैं। कहा गया किसी के द्वारा आवासीय पता के साक्ष्य के तौर पर आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र के आधार पर क्रमशः बीईओ के अधोहस्ताक्षरी के द्वारा प्रति हस्ताक्षरित विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र के आधार पर नौवीं कक्षा में नामांकन किया जाए।

### फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नारदीगंज( नवादा)**। थाना क्षेत्र के संदोहरा में मंगलवार की रात में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा संदोहरा निवासी रंजन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह मारपीट से सम्बंधित कांड संख्या 450/2024 का आरोपी है। घटना के बाद से वह भागे हुए था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### विद्युत स्पर्शाघात से युवक की मौत

**नारदीगंज( नवादा)**। थाना क्षेत्र के गोंदापर गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भोला यादव का 17 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार बताया गया है। घटना बुधवार को दोपहर के बाद घटी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। काफी संख्या में लोग जुटे, और संवेदना और ढांढस बांधने में लगे रहे। मिली जानकारी के अनुसार गोंदापर निवासी भोला यादव का पुत्र कुंदन कुमार अपने घर कुछ कार्य कर रहा था। इसी बीच बिजली के शॉट सर्किट के चपेट में आ गया। जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घटना होते ही उसके स्वजन समेत आसपास के लोग दौड़ पड़े। तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा लेकर गए। जहां इलाज के दौरान कुंदन कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजन को सौप दिया। पीड़ित परिवार के अलावा ग्रामीणों ने आपदा प्रबंधन कोष से सहयोग राशि देने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

### वन विभाग व बंगाल टीम के संयुक्त अभियान में हाथी का सफल रेस्क्यू

**कौआकोल**। कौआकोल क्षेत्र में लगातार उत्पात मचा रहे हाथी को वन विभाग की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर बुधवार को झारखंड की तरफ सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा से आई विशेषज्ञ टीम ने स्थानीय वन विभाग के सहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाया। रेंजर सौरभ शांडिल्य ने बताया कि हाथी को कौआकोल क्षेत्र के कई गांवों से लगातार निगरानी करते हुए खदेड़ा गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोगों को घरों में रहने एवं हाथी से दूरी बनाए रखने की अपील की गई। वनकर्मियों द्वारा मशाल,पटाखा एवं निगरानी टीम की मदद से हाथी की दिशा नियंत्रित की गई और बुधवार को उसे सुरक्षित रूप से झारखंड के जंगली क्षेत्रों की ओर भेज दिया गया। हाथी के इलाके में रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था,लेकिन रेस्क्यू के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

### जोरावरडीह में यज्ञ के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- **बजरंगबली की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रहा अनुष्ठान**

**कौआकोल**। प्रखण्ड क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में चल रहे तीन दिवसीय श्रीहनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धा एवं भक्ति का माहौल बना रहा। यज्ञ स्थल पर सुबह से ही पूजा-अर्चना,हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य पंडित कुंदन पाराशर द्वारा समस्त वेदों का विधानपूर्वक पूजन कराया गया। इस अवसर पर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। यज्ञ परिसर में भजन-कीर्तन,आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि यज्ञ के अंतिम दिन विशेष पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। पूरे गांव में धार्मिक उत्सव एवं भक्ति का वातावरण बना हुआ है।

### विद्यालय की रेलिंग से गिरकर छात्र जख्मी, हालत खतरे से बाहर

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के बिझो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को खेलने के दौरान एक स्कूली छात्र रेलिंग से गिरकर घायल हो गया। घायल छात्र का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिझो गांव निवासी रंजीत महतो के 13 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार विद्यालय परिसर में खेल रहा था। इसी दौरान वह रेलिंग से फिसलकर नीचे गिर गया, जिससे वह जख्मी हो गया। घटना के बाद विद्यालय कर्मियों एवं स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए पीएचसी कौआकोल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि घायल छात्र की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है तथा उसका इलाज जारी है। घटना के बाद परिजनों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## रजौली पुलिस ने कुर्की अभियुक्त को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**रजौली**। रजौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक कुर्की अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कर्मकला गांव निवासी बासु चौधरी के पुत्र वीरेंद्र चौधरी के रूप में हुई है। वीरेंद्र चौधरी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके विरुद्ध न्यायालय से कुर्की का आदेश निर्गत था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अभियुक्त गांव में मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बलों ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को बुधवार को मेडिकल जांच के बाद माननीय न्यायालय, नवादा भेज दिया गया है। पुलिस अन्य फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है।



थाना परिसर में पुलिस बल के साथ गिरफ्तार कुर्की अभियुक्त

# फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, नवादा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में लहराया परचम

## शिवम राज बने स्कूल टॉपर, 90% अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन

**विद्यालय के मेधावी छात्रों की सूची इस प्रकार हैः**

| | |
|---|---|
| शिवम राज* — | 90% |
| हरेराम* — | 88% |
| ज्योति प्रियदर्शनी* — | 88% |
| सौम्या सुर्भी* — | 85% |
| आनंद सागर* — | 82% |
| मुस्कान कुमारी* — | 81% |
| प्रवीण प्रसाद यादव* — | 80% |
| केशव सिंह* — | 78% |
| आकाश कुमार* — | 76% |
| बिट्टू कुमार* — | 71% |







सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, आनंद नगर, चातर, नवादा ने CBSE सीनियर सेकेंडरी परीक्षा 2026 में एक बार फिर शानदार सफलता हासिल कर जिले में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम संतोषजनक एवं प्रेरणादायक रहा, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में भी शानदार उपलब्धियाँ हासिल कीं।

*शिवम राज* एवं *रोहित कुमार* ने पेंटिंग में 100 अंक प्राप्त किए।

*ज्योति प्रियदर्शनी* ने समाजशास्त्र में 97 एवं अर्थशास्त्र में 93 अंक प्राप्त कर कला संकाय में सर्वोच्च प्रदर्शन किया।

*सौम्या सुर्भी* एवं *रोहित कुमार* ने रसायन विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किए।

*प्रवीण प्रसाद यादव* ने अंग्रेजी में 92 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन किया। स्कूल के चेयरमैन *प्रो. विजय कुमार, प्राचार्य **राजेश कुमार* तथा उप-प्राचार्य *नवदीप कुमार सिन्हा* ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

**प्रो. विजय कुमार ने कहाः** "यह सफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि पूरे स्कूल परिवार की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। हमारे छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं। फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। 'संस्कार के साथ शिक्षा, अनुशासन के साथ परीक्षा' हमारा मूल मंत्र है।" इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री *सुमन कुमार, अनीश कुमार, सायरा फातिमा, अर्पिता कुमारी, सलोनी कुमारी, संतोष कुमार, प्रवीण कुमार, गोपाल कुमार* सहित समस्त शिक्षक मंडल ने पूरे वर्ष विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं व्यक्तिगत सहयोग प्रदान किया। फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, आनंद नगर, चातर, नवादा अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं आधुनिक शिक्षण पद्धति के लिए जिले में विशेष पहचान रखता है। इस वर्ष का CBSE परिणाम एक बार फिर साबित करता है कि सही मार्गदर्शन, मेहनत और समर्पण से हर विद्यार्थी सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। विद्यालय प्रबंधन सभी सफल छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं समर्पित शिक्षकों को इस गौरवपूर्ण सफलता पर हार्दिक बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## रजौलीः प्रेम-प्रसंग में पंचायत के दौरान मारपीट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- **युवती ने लगाया शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप**
- **पंचायत में नहीं पहुंचा आरोपी, भाई ने की गाली-गलौज; पीड़िता ने थाने में दी लिखित शिकायत**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में बुधवार दोपहर प्रेम-प्रसंग के मामले को सुलझाने के लिए देवी मंडप के पास बुलाई गई पंचायत में मारपीट हो गई। प्रेमी पक्ष के लोगों की गाली-गलौज के बाद माहौल बिगड़ गया। पंचायत बेनतीजा रही। इसके बाद पीड़िता ने रजौली थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता ने आवेदन में बताया कि बहादुरपुर निवासी रामकृष्ण कुमार साव उर्फ टुन्टुन साव के पुत्र आकाश दीप से उसका बीते पांच वर्षों से प्रेम संबंध था। शादी की बात करने पर युवक ने परिजनों से छिपकर शादी का झांसा दिया और दिसंबर 2025 में उसे दिल्ली के करोल बाग ले गया। दोनों लगभग दो माह दिल्ली में साथ रहे। बाद में युवक ने युवती को उसके परिजनों के पास भेज दिया। युवती का आरोप है कि जब परिजनों ने उसकी शादी कहीं और तय की तो आकाश दीप ने होने वाले रिश्तेदारों को आपत्तिजनक फोटो भेजकर रिश्ता तुड़वा दिया। युवक अब तक तीन रिश्ते तुड़वा चुका है। इससे तंग आकर युवती सोमवार को अपनी मां के साथ युवक के घर गई। वहां युवक और उसकी मां ने युवती से मारपीट की। युवती ने डायल 112 को बुलाया। पुलिस टीम युवक-युवती को थाना ले आई। थाने में युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया। युवक और उसके पिता ने दो दिनों में गांव में पंचायत कर मामला निपटाने का दिलासा दिया। इस पर युवती ने आवेदन वापस ले लिया। लेकिन बुधवार को हुई पंचायत में आरोपी आकाश दीप शामिल नहीं हुआ। बैठक में उसके पिता, छोटा भाई मोहित कुमार साव, चाचा समेत अन्य लोग मौजूद थे। बैठक के दौरान मोहित कुमार साव ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इससे पंचायत में कोई निर्णय नहीं हो सका। पंचायत की बैठक में पीड़िता और उसके परिजनों के अलावे ग्रामीण रोहित कुमार साव, पिंटू साव, गोपाल साव,हेमंत पाण्डेय, अनिल यादव, अर्जुन यादव, मुकेश कुमार, चंदन कुमार, सीपू पाण्डेय, मंटू पाण्डेय, अर्जुन चौधरी, चंद्रिका राम, रूपेश सिंह एवं बटन पांडेय समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। घटना के बाद पीड़िता ने थाने में दोबारा लिखित आवेदन देकर पूरी घटना से अवगत कराया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि प्रेम-प्रसंग को लेकर दोनों पक्ष में सहमति नहीं बनने के बाद पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पीड़िता द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## गुप्त सूचना पर उत्पाद टीम की छापेमारी, 93 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरोपी आदतन शराब तस्कर, पूर्व में 27 लीटर शराब मामले में था फरार**

**रजौली**। उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को रजौली थाना क्षेत्र के बसरौन गांव में छापेमारी कर 93 लीटर विदेशी शराब और बीयर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बसरौन निवासी टुकन तुरिया के पुत्र कारु तुरिया के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि अवर निरीक्षक मद्य निषेध न्यूटन के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। गुप्त सूचना मिली थी कि बसरौन गांव में कारु तुरिया बिक्री के लिए विदेशी शराब घर के पीछे छिपाकर रखा है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। तलाशी में घर के पीछे से 57 लीटर विदेशी शराब और 36 लीटर बीयर, कुल 93 लीटर शराब बरामद हुई। मौके से कारु तुरिया को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद बलों के अनुसार कारु तुरिया आदतन उत्पाद अपराधी है। इसके विरुद्ध पूर्व में उत्पाद थाना कांड संख्या 203/26 में नामजद प्राथमिकी दर्ज है। उस मामले में एक बाइक से 27 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई थी। कारु तुरिया तब फरार हो गया था। उक्त कांड में उसे रिमांड कराया जा रहा है। बरामद शराब और बीयर को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार तस्कर को बुधवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस छापामारी टीम में सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध सुमन भारती, मद्यनिषेध सिपाही मो. इरफान अंसारी और गृह रक्षक सागर कुमार शामिल थे।

# रजौली स्थित मुंबई फ्लेवर फैमिली रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ और लूट, पूर्व कुक पर संगीन आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 स्थित छपरा के पास 'मुम्बई फ्लेवर फैमिली रेस्टोरेंट' में देर रात भारी तोड़फोड़ और लूटपाट की घटना सामने आई है।रेस्टोरेंट के संचालक सुधीर कुमार यादव ने इस संबंध में अपने ही एक पूर्व कर्मचारी कमलेश कुमार यादव और उसके 5-6 अज्ञात साथियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने न केवल रेस्टोरेंट की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया, बल्कि गल्ले से नकदी भी लूट ली।



उत्पात के बाद होटल में बिखरा सामाग्री

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी कमलेश कुमार यादव पिता,लालजीत यादव, ग्राम- सपही पिछले तीन महीनों से इस रेस्टोरेंट में कुक के रूप में कार्यरत था। करीब दस दिन पहले, हिसाब-किताब में लगभग डेढ़ लाख रुपये के गबन का मामला सामने आने पर संचालक सुधीर कुमार यादव ने उसे नौकरी से निकाल दिया था। पीड़ित का कहना है कि इसी रंजिश में कमलेश लगातार उन्हें फोन पर मारपीट और जान से मारने की धमकियां दे रहा था।

मंगलवार मध्य रात्रि आरोपी अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ लोहे की खंती, रॉड और डंडे लेकर रेस्टोरेंट पहुंचा। उन्होंने होटल का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां जमकर उत्पात मचाया। हमलावरों ने न केवल फर्नीचर को क्षतिग्रस्त किया, बल्कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को भी पूरी तरह तोड़ दिया। संचालक के मुताबिक, आरोपियों ने काउंटर के गल्ले में रखे 50,000 रुपये नकद भी लूट लिए। इस पूरी वारदात में रेस्टोरेंट मालिक को लगभग 15 लाख रुपये के आर्थिक नुकसान का अनुमान है।पीड़ित होटल संचालक ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है और पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि उनके साथ भविष्य में कोई भी अनहोनी होती है, तो उसका जिम्मेदार कमलेश कुमार यादव ही होगा। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों की तलाश जारी है।

## बिहारी बिगहा गांव पहुचे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष, शोकाकुल स्वजन से मिल दी सान्त्वना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। नवादा जिले के नरहट प्रखंड अंतर्गत बिहारी बिगहा गांव में मंगलवार को हुई वज्रपात की दर्दनाक घटना के बाद भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



शोकाकुल स्वजन से मिलते जिलाध्यक्ष

बताया जाता है कि मंगलवार की शाम तेज बारिश और आंधी के दौरान गांव निवासी मुनि यादव की 45 वर्षीय पत्नी गिरजा देवी रेलवे लाइन की ओर भैंस लाने गई थीं। इसी दौरान अचानक हुए वज्रपात की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में ग्रामीणों और परिजनों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे धर्मेंद्र राजवंशी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में हुई यह घटना बेहद दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को जल्द सरकारी सहायता और उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि भीम आर्मी हमेशा गरीब, पीड़ित और जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ी रही है और आगे भी हरसंभव मदद करती रहेगी। इस मौके पर भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष सुभाष जी, जिला महामंत्री राजेश जी, रंजन जी, मुकेश संगम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं ग्रामीणों ने भी घटना पर गहरा दुख जताते हुए सरकार से पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत सहायता देने की मांग की है।

## नालंदा में हलवाई की मौत, सड़क किनारे पड़े थे, घर से मार्केटिंग के लिए निकले थे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में मंगलवार की रात एक शख्स की संदिग्ध स्थिति में मौत हुई। मृतक अफजल विगहा निवासी किशोर राम (45) है। किशोर राम एक हलवाई थे। अपने पीछे तीन बेटों, दो बेटियों और पत्नी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मृतक के चचेरे भाई शत्रुघ्न राम ने बताया कि किशोर राम मंगलवार की शाम माधोपुर बाजार गए थे। काफी देर तक जब वे वापस नहीं लौटे, तो चिंता होने लगी। इसी बीच स्थानीय गश्ती पुलिस को सड़क किनारे एक व्यक्ति साइकिल समेत गिरा हुआ मिला। पुलिस ने इलाज के लिए चंडी रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी थाने के माध्यम से मिली। मामला चंडी थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव की है।



**पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजारः** यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ हादसा है या मौत के पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। चंडी थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गश्ती दल ने माधोपुर के पास व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में सड़क पर गिरा हुआ पाया था। पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस फिलहाल परिजनों से आवेदन मिलने का इंतजार कर रही है, जिसके बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# राजगीर मलमास मेले में श्रद्धालुओं के लिए बदला ट्रैफिक प्लान, 15 मई से नई पाबंदियां लागू होंगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। आगामी 17 मई से धर्मनगरी राजगीर में शुरू होने वाले राजकीय मलमास मेला 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। मेले के दौरान उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए 15 मई से ही प्रभावी होने वाला एक विस्तृत ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है। इस योजना के तहत राजगीर शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में वाहनों के परिचालन के लिए कड़े नियम निर्धारित किए गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वनगंगा से राजगीर की ओर ट्रकों और ट्रैक्टरों जैसे सभी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। इसके साथ ही हसनपुर आरओबी से वनगंगा और हरियाली से कलाली मोड़ व ब्रह्मकुंड की ओर जाने वाले मार्गों पर सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों के चलने पर रोक लगा दी गई है।

**ब्रह्मकुंड और वैतरणी क्षेत्र को पूर्णतः 'नो व्हीकल जोन' घोषितः** श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए ब्रह्मकुंड और वैतरणी क्षेत्र को पूर्णतः 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। इन पवित्र स्थलों के आसपास किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी और श्रद्धालुओं को पैदल ही आवागमन करना होगा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ब्रह्मकुंड में प्रवेश विरायतन मोड़ से जिग-जैग मार्ग के जरिए होगा, जबकि निकासी के लिए काशी कुंड के पास से अलग रास्ता बनाया गया है। इसी तरह वैतरणी घाट पर प्रवेश और निकास के लिए भी एकतरफा मार्ग निर्धारित किए गए हैं। शहर के भीतर सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने 30 से अधिक स्थानों पर बैरियर और ड्रॉप गेट लगाए हैं, वहीं विभिन्न प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक आउट पोस्ट बनाए गए हैं जहां पुलिस बल मुस्तैद रहेगा।




**भारी वाहन अब बख्तियारपुर-रजौली एनएच से होकर गुजरेंगेः** व्यावसायिक और निजी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई है। बिहारशरीफ से गया और नवादा जाने वाले भारी वाहन अब राजगीर शहर के भीतर न आकर बख्तियारपुर-रजौली एनएच से होकर गुजरेंगे। गया की ओर से आने वाले वाहन इस्लामपुर मार्ग या नारदीगंज के रास्ते अपने गंतव्य की ओर भेजे जाएंगे। नियमित बसें केवल राजगीर बस स्टैंड तक ही आ सकेंगी। स्थानीय परिवहन को सुगम बनाने के लिए ऑटो, टोटो और टांगा के परिचालन हेतु विशेष रूट और कलर कोड (लाल और पीला) निर्धारित किए गए हैं, जिससे शहर के मुख्य हिस्सों में जाम की स्थिति पैदा न हो।

**गाड़ियों के ठहराव के लिए 12 पार्किंग स्थलों का चयनः** वाहनों के ठहराव के लिए प्रशासन ने 12 बड़े पार्किंग स्थलों का चयन किया है, जिनमें पीएएचईटी कैंपस, किला मैदान, हॉकी मैदान और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे स्थान शामिल हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों और नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पार्किंग स्थलों और ड्रॉप गेट्स पर बिजली, पानी और साइनबोर्ड जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित कर ली जाएं। प्रशासन का लक्ष्य है कि एक महीने तक चलने वाले इस आस्था के महाकुंभ में आने वाले लाखों श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से स्नान-ध्यान कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटे ने गोली मारकर पिता की हत्या की, मृतक की पत्नी बोली- संपत्ति का विवाद था



**नालंदा**। नालंदा में एक बेटे ने बुधवार को अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। मामला भागन विगहा ओपी क्षेत्र के तूफानगंज गांव का है, जहां पूर्व से चले आ रहे संपत्ति विवाद के चलते हत्याकांड को अंजाम दिया गया। मृतक की पहचान धर्म सिंह पासवान के बेटे 55 साल के बच्चू पासवान के रूप में की गई है। मृतक की पत्नी गुलाबी देवी ने बिलखते हुए बताया कि उनका सौतेला बेटा पवन कुमार अक्सर विवाद करता रहता था। आज वह घर आया और पिता को बुलाकर बाहर ले गया। पिता ने उसे घर में पानी और शरबत भी पिलाया, लेकिन बाहर निकलते ही पवन ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली सीधे बच्चू पासवान के पेट में लगी। घटना के तुरंत बाद घायल अवस्था में परिजनों और स्थानीय पुलिस की मदद से बच्चू पासवान को बिहार शरीफ सदर अस्पताल (मॉडल अस्पताल) ले जाया गया। हालांकि, वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी गुलाबी देवी ने बताया कि पवन अलग रहता था। उसे रहने के लिए अलग घर और जमीन भी खरीदकर दी गई थी, लेकिन वह और संपत्ति की मांग को लेकर अक्सर विवाद करता था। इसी रंजिश में उसने अपने पिता की जान ले ली। बच्चू पासवान के तीन बेटे हैं, जिनमें से पवन पहली पत्नी का बेटा है। वह करीब 8 साल से खुशुरुपुर थाना के नेटार गांव में अलग रह रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल और भागन विगहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल (FSL) की टीम को भी बुलाया। डीएसपी ने बताया कि आज सूचना मिली कि तूफानगंज गांव में फायरिंग हुई है। जांच में पता चला कि बच्चू पासवान को उनके बेटे पवन पासवान ने गोली मारी है। आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गांव में स्थिति नियंत्रण में है।

### नालंदा में नाबालिग की हत्या के बाद 300 पुलिसकर्मी तैनात, सकरावां गांव छावनी में तब्दील



**नालंदा**। नालंदा में मंगरवार को 14 साल के किशोर शुभम की पीट-पीटकर हत्या हुई थी। उसने पेड़ से नींबू तोड़ा, इसी को लेकर विवाद हुआ था। चश्मदीद गौतम ने बताया कि आरोपी पक्ष आक्रोशित था और गंदी गालियां दे रहा था। गौतम ने बताया कि आरोपी का बड़ा भाई लाठी लेकर आया। उसने लाठी अपने छोटे भाई को थमा दी। पहले शुभम को थप्पड़ मारा गया, फिर उसे ढकेलकर लाठियों से बेरहमी से पीटा गया। शुभम वहीं गिर पड़ा। आरोप है कि बेसुध स्थिति में बच्चे को आरोपी घसीटते हुए अंदर ले गए और कमरे में बंद कर दिया। नालंदा के अस्थावां थाना क्षेत्र के सकरावां गांव में मंगलवार को स्थिति अनियंत्रित हो गई थी, हालात इस कदर बेकाबू हो गए कि नालंदा जिला प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए करीब 300 पुलिसकर्मियों की भारी फौज उतारनी पड़ी। घटना के बाद पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। नालंदा के लगभग सभी थानों के अध्यक्षों को मौके पर तैनात किया गया है, वहीं पड़ोसी जिले शेखपुरा और पटना के बाढ़ अनुमंडल से भी अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है और अब तक कुल 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए नालंदा एसपी भारत सोनी स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। उन्होंने बताया कि सकरावां गांव में वर्तमान में भारी पुलिस बल (जाब्ता) और मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। 300 जवानों की तैनाती का मुख्य उद्देश्य गांव में किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या सामाजिक हिंसा को रोकना और कानून-व्यवस्था बहाल करना था। जब पुलिस की टीम शुरुआत में गांव पहुंची थी, तो उसे उग्र भीड़ के भारी प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। ्रामीणों के गुस्से को देखते हुए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी और जब भीड़ ने रोड़ेबाजी शुरू की, तो आत्मरक्षार्थ और व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान कुछ महिलाए भी चोटिल हो गई। जिन्होंने पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप लगाया है। पथराव में आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, जिनका उपचार कराया जा रहा है।

विवाद की जड़ बेहद मामूली थी, जिसने एक हंसते-खेलते परिवार को तबाह कर दिया। मृतक शुभम कुमार (14) मंगलवार की दोपहर करीब 11:30 बजे स्कूल से लौटा था। वह अपने एक दोस्त के साथ खलील अंसारी उर्फ गोरे के बागान की ओर गया था। आरोप है कि शुभम ने वहां गिरा हुआ एक नींबू उठा लिया, जिससे नाराज होकर खलील अंसारी और उसके परिजनों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। मासूम शुभम को लाठी-डंडों से इतना पीटा गया कि उसने अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मौत की खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण आरोपियों के घर को घेरने निकल पड़े, जिसके बाद प्रशासन को इतने बड़े पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। पीड़ित पिता राजकुमार पासवान, जो पटना में ऑटो चलाकर परिवार पालते हैं, इस घटना से पूरी तरह टूट चुके हैं। उन्होंने बताया कि एक साल पहले ही उनके एक बच्चे की बीमारी से मौत हुई थी, जिसका कर्ज वे आज तक चुका रहे हैं। अब दूसरे बेटे की हत्या ने उनका सब कुछ छीन लिया है। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए 5 लाख रुपये की तत्काल सहायता राशि प्रदान की है। मृतक की बहन, प्रतिमा देवी ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाए हैं। प्रतिमा का कहना है कि उनके भाई की हत्या के बावजूद पुलिस उचित कार्रवाई नहीं कर रही है।

# मगध रेंज के आईजी विकास वैभव बोले, कहा- हर महीने थानों में लोक संवाद होगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**गयाजी**। गयाजी के रेड क्रॉस परिषद में शनिवार को पुलिस-पब्लिक संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव ने आम लोगों से सीधे संवाद किया। इस मौके पर शहर में जाम की समस्या का मुद्दा छाया रहा। हर किसी ने ट्रैफिक जाम के आगे खुद को बेबस बताया। वहीं महिला सुरक्षा का भी मुद्दा उठा। आईजी की ओर भरोसा दिया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

साथ ही में उन्होंने ये भी कहा कि समस्या के साथ समाधान भी बताएं। लेकिन कार्यक्रम में मौजूद लोगों की ओर से एक भी समस्या का समाधान नहीं रखा गया। खास बात यह भी रही कि आईजी विकास वैभव ने कहा कि इस कार्यक्रम में केवल टैफिक की समस्या का मसला आया है। इसका मतलब यह भी स्पष्ट है कि शहर में क्राइम नहीं है। अच्छी बात है।

**वकील ने नगर निगम की भूमिका को कटघरे में खड़ा किया**: कार्यक्रम में मौजूद वकील धर्मेंद्र कुमार ने नगर निगम की भूमिका को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम ही अतिक्रमण कराता है। नगर निगम ही जाम जैसे कारणों का कारक है। नगर निगम के पास अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष टीम है, लेकिन वो हटाने बजाय अतिक्रमण मिलीभगत से कराता है। इस कार्यक्रम में शहर और जिले के कई लोग पहुंचे। लोगों ने पुलिस व्यवस्था, ट्रैफिक, सुरक्षा और आम जनजीवन से जुड़े मुद्दे खुलकर रखे। आईजी विकास वैभव ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए जिससे आम लोगों का भरोसा मजबूत हो। उन्होंने साफ कहा कि जनता के सुझाव पुलिस व्यवस्था सुधारने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

**हर महीने के पहले शनिवार को हर थाने में लोक संवाद होगा**: आईजी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब हर महीने के पहले शनिवार को जिले के हर थाने में "लोक संवाद संगोष्ठी" आयोजित की जाएगी। इसमें स्थानीय लोग सीधे थाना स्तर पर अपनी समस्याएं और सुझाव रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल से सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक समस्याएं सामने आएंगी, जिनका समाधान अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा। विकास वैभव ने अपने पिछले अनुभव साझा करते हुए कहा कि रोहतास, पटना, भागलपुर और मुंगेर जैसे जिलों में इस तरह के संवाद कार्यक्रमों से कई बड़ी समस्याओं का समाधान हुआ था। उन्होंने कहा कि जब पुलिस और जनता साथ बैठते हैं तो व्यवस्था ज्यादा मजबूत होती है।

**महिला ने रात में रेलवे स्टेशन से घर लौटने के दौरान असुरक्षा का मुद्दा उठाया**: कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने रात में रेलवे स्टेशन से घर लौटने के दौरान असुरक्षा की बात उठाई। इस पर आईजी ने गंभीरता दिखाते हुए कहा कि प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पुलिस असिस्टेंट बूथ बनाने की योजना तैयार की जाएगी। इससे खासकर महिलाओं और रात में आने वाले यात्रियों को सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रात में स्टेशन से टैक्सी या अन्य वाहन से घर जाता है और पुलिस बूथ को जानकारी देता है, तो गश्ती दल को अलर्ट किया जाएगा ताकि वह व्यक्ति सुरक्षित घर पहुंच सके।

# मजदूरी मांगने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या, आरोपियों ने मृतक के भाई को भी पीटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी के चाकंद थाना क्षेत्र के पीर बिगहा गांव में बकाया मजदूरी मांगने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 25 साल के इरफान के रूप में हुई है। घटना में इरफान का भाई रिजवान भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। रिजवान का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

घटना के बाद आरोपी घर में ताला बंद कर गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। मृतक के परिजनों के मुताबिक, इरफान गांव के मुन्ना ठेकेदार के यहां मजदूरी करता था। इरफान का करीब 10 दिनों का मजदूरी बकाया था। मजदूरी मांगने के लिए वो लगातार ठेकेदार के घर जा रहा था। लेकिन हर बार उसे टाल दिया जाता था। मंगलवार की शाम भी इरफान बकाया पैसे मांगने मुन्ना के घर पहुंचा। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। मामला बढ़ा तो मारपीट की नौबत आ गई। सूचना पर चाकंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्षों को समझा कर शांत कराया।

**रिजवान को विवाद की जानकारी हुई तो मुन्ना के घर पहुंचा**: बताया गया कि मामला शांत होने के बाद इरफान घर लौट आया। जब उसे विवाद की जानकारी हुई तो वो मुन्ना के घर बात करने पहुंचा। पीछे से इरफान भी चला आया। बातचीत के दौरान ही मुन्ना और इरफान, रिजवान के बीच विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। लाठी-डंडे और रोड़ेबाजी शुरू हो गई।

इसी दौरान इरफान के सिर पर पत्थर लगा, जिसके बाद वो बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। घटना के बाद इरफान को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल रिजवान को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया।

पीड़ित परिवार ने चाकंद थाना में लिखित शिकायत दी है। इस मामले में 10 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने कहा कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मजदूरी मांगने गए युवक की हत्या के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

# 2 सड़क हादसे, बाइक सवार की मौत, दूसरा युवक खेत में गिरा, बस ने बाइक को एक किमी तक घसीटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी में बुधवार को बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर ने बस को तेज रफ्तार में भगाने की कोशिश की। इसी दौरान करीब एक किमी तक बाइक को घसीटा। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। गनीमत रही कि टक्कर के बाद वो खेत में गिर गया था। उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसके हाथ और पैर फ्रैक्चर हुए हैं। घायल युवक कोंच प्रखंड का रहने वाला है। घटना पंचानपुर में हुई है। इसी बीच, पंचानपुर थाना क्षेत्र में एक दूसरी सड़क दुर्घटना भी सामने आई। प्रसिद्ध पंडित जी की मिठाई दुकान के समीप एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**घायल को स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल**: हादसे में मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस मृतक युवक की पहचान करने में जुटी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक कोंच की तरफ से गया शहर की ओर आ रहा था, तभी पंचानपुर पुल से पहले यह हादसा हुआ। वहीं, घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है।

अगर बस को समय रहते नहीं रोका जाता तो युवक की मौके पर ही मौत हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही पंचानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त बस, बाइक को कब्जे में लिया। बस के चालक को भी पकड़ा। दोनों वाहनों को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। चालक से पूछताछ की जा रही है।

# 'जनता को उपदेश, केंद्र-राज्य सरकार खुद कर रही ऐश'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने का आग्रह करते हैं, लेकिन उनकी सरकार और काफिला सबसे अधिक ईंधन का उपयोग करता है। जो मोदी जी बोलते हैं, वह खुद नहीं करते हैं। देश में सबसे लंबा काफिला प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का चलता है। सबसे ज्यादा पेट्रोल और डीजल की खपत भी वहीं होती है। आम जनता तो टेंपो, बाइक और रिक्शा से चलने वाली है।'

जहानाबाद सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव बुधवार को गयाजी में एक निजी रिसॉर्ट के उद्घाटन समारोह में ये बातें कही। यादव ने आरोप लगाया कि सरकार आम लोगों को बचत का संदेश दे रही है, जबकि बड़े स्तर पर सरकारी खर्च लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने सोने-चांदी की खरीद पर प्रधानमंत्री की अपील पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि पूरे हिंदुस्तान में अंबानी और अडानी से ज्यादा सोना किसी के पास होगा।

**'सरकार की नीतियां बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई जा रही'**: सांसद ने दावा किया कि सरकार की नीतियां बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग आर्थिक दबाव झेल रहा है। प्रधानमंत्री की जीवनशैली पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि चाय बेचने वाला इंसान अगर रोज करोड़ों रुपये का ड्रेस नहीं बदलेगा तो उसे नींद नहीं आएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि करोड़ों रुपये खर्च कर चलने वाली व्यवस्था अब आम जनता को सादगी और बचत का उपदेश दे रही है।

**'प्रधानमंत्री खुद बेचैन हैं और देश की जनता को भी बेचैन कर दिया है'**: बातचीत के दौरान सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मैं उनका नाम बेचैन भारत रखता हूं। प्रधानमंत्री खुद बेचैन हैं और देश की जनता को भी बेचैन कर दिया है। सांसद ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए भी विवादित बयान दिया। सांसद ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान देश में ऐसी स्थिति बनाई गई जिससे बड़े लोगों को फायदा मिला। हालांकि, उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में कोई ठोस प्रमाण पेश नहीं किया।

♦ **गयाजी में पीएम मोदी की अपील पर बोले जहानाबाद सांसद, कहा- अंबानी-अडानी जीतना सोना किसी के पास नहीं**

सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में धर्म और मंदिर-मस्जिद के नाम पर लोगों को बांटने की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासनकाल में ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जब किसी न किसी मुद्दे पर तनाव या विवाद की स्थिति नहीं बनती हो।

सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव के बयान के बाद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों के बीच काफी चर्चा देखने को मिली। समर्थकों ने उनके बयान का समर्थन किया, जबकि भाजपा समर्थकों ने इसे राजनीतिक हताशा और गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी बताया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बिहार में आगामी चुनावी माहौल को देखते हुए नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर और तेज हो सकता है।

# अब ड्रोन से गयाजी रेलवे स्टेशन की होगी निगरानी, चौबीसों घंटे रखी जाएगी नजर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गया जंक्शन पर यात्रियों की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बुधवार को ड्रोन के माध्यम से हाईटेक निगरानी व्यवस्था शुरू की है। इस नई तकनीक के जरिए स्टेशन परिसर के हर संवेदनशील हिस्से पर पैनी नजर रखी जा रही है। आरपीएफ थाना अध्यक्ष बनारसी यादव ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश-निकास द्वार, पार्किंग स्थल और रेलवे यार्ड सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों की लगातार निगरानी की जा रही है। ड्रोन से प्राप्त लाइव वीडियो फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर तत्काल कार्रवाई की व्यवस्था भी की गई है।

**बढ़ती भीड़, सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को देख उठाया कदम**: आरपीएफ के अनुसार, स्टेशन परिसर में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। खासकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ड्रोन निगरानी काफी कारगर साबित हो रही है, जिससे भीड़ नियंत्रण में मदद मिल रही है और सुरक्षा बलों को स्थिति पर नजर बनाए रखने में आसानी हो रही है।

इस अभियान के दौरान राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। दोनों एजेंसियां संयुक्त रूप से स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही हैं। रेलवे प्रशासन ने जानकारी दी कि गया रेलवे स्टेशन और रेलवे यार्ड क्षेत्र की अब 24 घंटे ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके लिए आरपीएफ के जवानों को ड्रोन संचालन और निगरानी प्रणाली को प्रभावी तरीके से संचालित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रशिक्षित जवान लगातार स्टेशन परिसर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं।

# पावापुरी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में पुलिस की छापेमारी, नीट पेपर लीक मामले में हुई कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा**। नीट (NEET) पेपर लीक मामले में सॉल्वर गैंग की कड़ियों को जोड़ने के लिए बुधवार को जांच का दायरा पावापुरी स्थित भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (VIMS) तक पहुंच गया। पावापुरी ओपी पुलिस की एक विशेष टीम ने मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में दबिश दी और फरार चल रहे मुख्य आरोपियों के कमरों की गहन तलाशी ली। पुलिस की टीम ने सबसे पहले 2022 बैच के छात्र और इस पूरे खेल का मुख्य सरगना माने जा रहे उज्ज्वल कुमार उर्फ राजा बाबू के हॉस्टल कमरा संख्या 502 को खंगाला। इसके बाद टीम 2024 बैच के छात्र अवधेश कुमार के कमरा संख्या 110 में पहुंची। उज्ज्वल फिलहाल फरार है, जबकि उसका मौसेरा भाई अमन कुमार पहले से ही न्यायिक हिरासत में है।

**वीडियोग्राफी के बीच हुई जांच, मिले केवल परिचय पत्र**: विम्स (VIMS) के अधीक्षक डॉ. जैकी जमा ने बताया कि स्थानीय पुलिस अनुसंधान के उद्देश्य से कॉलेज आई थी। कॉलेज प्रशासन द्वारा गठित टीम की मौजूदगी में दोनों छात्रों के कमरों की सघन तलाशी ली गई। पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। हालांकि, काफी मशक्कत के बाद भी कमरों से कोई आपत्तिजनक दस्तावेज या नीट परीक्षा से जुड़े साक्ष्य बरामद नहीं हुए। पुलिस को कमरों से केवल कॉलेज के परिचय पत्र (ID Card) प्राप्त हुए हैं। गौरव कुमार, पावापुरी ओपी प्रभारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज परिसर में की गई यह कार्रवाई अनुसंधान का एक हिस्सा थी। अधीक्षक द्वारा बनाई गई टीम के सामने कमरों की तलाशी ली गई। फिलहाल कोई आपत्तिजनक सामग्री या नीट से संबंधित पुख्ता साक्ष्य नहीं मिले हैं।

**फरार आरोपियों की तलाश तेज**: भले ही बुधवार की छापेमारी में पुलिस के हाथ खाली रहे हों, लेकिन जांच टीम उज्ज्वल कुमार और अवधेश कुमार के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। पुलिस को अंदेशा है कि फरार होने से पहले आरोपियों ने सबूतों को ठिकाने लगा दिया होगा। फिलहाल पुलिस अन्य छात्रों से भी पूछताछ कर रही है ताकि इस सॉल्वर गैंग की जड़ों तक पहुंचा जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने चांदी के जेवरों के साथ दो चोर गिरफ्तार

**डेहरी (रोहतास)** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन ने प्लेटफार्म संख्या 03 के यात्री शेड से यात्री सामान चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर चोरों को 239.5 ग्राम चांदी और 0.29 मिलीग्राम सोने के जेवरात के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी जयशंकर कुमार एवं प्रधान आरक्षी विनोद कुमार सिंह 12 मई को स्टेशन पर गश्त व चेकिंग कर रहे थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चंद्रभान सिंह खरवार (30 वर्ष) और बीस कुमार (25 वर्ष) के रूप में हुई, दोनों किरानी खरवार के पुत्र एवं ग्राम गजबोर बीघा, थाना बारुण, जिला औरंगाबाद (बिहार) के निवासी हैं। तलाशी में मिले आभूषणों की कीमत करीब 22,000 रुपये है। पूछताछ में दोनों ने ट्रेन में यात्रियों का सामान चोरी करना कबूल किया। RPF ने आवश्यक कार्रवाई कर दोनों को राजकीय रेल थाना डेहरी ऑन सोन को सौंप दिया है।

### धर्मावती नदी किनारे मिली दुधमुंही बच्ची, चाइल्ड केयर को किया गया सुपुर्द

**कोचस (रोहतास)**। मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है जहां कोचस थाना क्षेत्र से एक दुधमुंही नवजात शिशु लावारिश हालत मे मिली है। नवजात शिशु मिलने की खबर इलाके मे आग की तरफ फैल गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। इस घटना में लोगो के द्वारा तरह तरह की बात सामने आ रही है।मामला बुधवार सुबह की बताई जा रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि कोचस के सेमरिया गांव के ग्रामीण धर्मावती नदी के तरफ सुबह में टहलने के लिए गए थे तभी एक नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई पड़ी जहां ग्रामीणों ने देखा कि एक बच्ची लावारिस हालत में नदी किनारे पड़ी हुई है, फौरन इसकी सूचना गांव वालों ने स्थानीय थाने को दिया, तभी सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित रेस्क्यू कर स्थानीय पीएचसी को सौंपा जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने दूधमुही बच्ची का उपचार कर बेहतर इलाज के लिए चाइल्ड केयर को सौंप सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

### विदाई सह सम्मान सामारोह का किया गया आयोजन



**काराकाट /रोहतास** । प्रखंड काराकाट में प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद((स्वच्छता) का विदाई सह सम्मान सामारोह का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार के द्वारा किया । आलोक सर को अंगवस्त्र एंव बुक से सम्मानित किया गया।आलोक सर ने प्रखंड काराकाट में 8 जुलाई2024से 13अप्रैल 2026तक इमानदारी एंव निष्ठापूर्वक कार्य को किया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की प्रखंड समन्वयक(स्वच्छता) बहुत ही नेक एंव इमानदार एंव अपने कार्यो को लग्न पूर्वक ससमय निर्वहन करते थे। मौके पर उपस्थित नये प्रखंड समन्वयक हरिनाथ सिंह ,स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार सिंह,मनोज कुमार ,संजू कुमारी,याहिया अमीन ,श्याम बिहारी इत्यादी लोग भी उन्हें सम्मानित किए।

### सम्राट चौधरी के प्राथमिकता में अधिकारी बदलो, नाम बदलो और सीएम आवास का विस्तार करो ही शामिल है- अरुण यादव

### एनडीए सरकार के पास जनता के लिए कोई विजन और रोडमैप नहीं है



**सासाराम/पटना**। भाजपा-आरएसएस के नीतियों में नाम बदलो, तानाशाही, ध्रुवीकरण और लोकतंत्र को कमजोर करने की राजनीति ही सिर्फ शामिल है। उसी नीतियों पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी काम कर रहे हैं। बिहार की एनडीए सरकार के पास जनता के लिए कोई विजन और रोडमैप नहीं है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का जनता से जुड़े कामों पर फोकस कम है, वहीं भाजपा और अपनी ब्रांडिंग पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्राथमिकता में अधिकारी बदलो, चिड़िया घर का नाम बदलो, कॉलेज का नाम बदलो, घर बदलो, मुख्यमंत्री आवास का नाम बदलो और मुख्यमंत्री आवास को विस्तार करो यही सिर्फ शामिल है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, पलायन, महंगाई, गरीबी, और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दा सरकार की नीतियों में दूर दूर तक नहीं है। राज्य के लोगों को नौकरी-रोजगार मुहैया कराने की चिंता अगर सरकार को रहती तो अपने वादे अनुसार अबतक 10 लाख नौकरी-रोजगार मुहैया करा दिए होते। क्योकि सरकार ने पांच साल में एक करोड़ नौकरी-रोजगार मुहैया कराने का वादा किया है। उस अनुसार छः माह में 10 लाख नौकरी-रोजगार मुहैया कराना चाहिए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय जिन महिलाओं को 10 हजार रुपया देकर वोट लिया, उन महिलाओं को और एक लाख 90 हजार देने की बात कही गई थी। लेकिन अभी तक उन महिलाओं को राशि नहीं मुहैया कराया गया है। प्रत्येक जिला में नए-नए उद्योग-धंधे स्थापित करने की बात कही थी। बंद पड़ी हुई चीनी मिल को चालू कर की बात कही थी, वही 25 नए चीनी मिल स्थापित करने सहित कई तरह के वादे किए थे। सभी वादे जुमला साबित होता नजर आ रहा है।

### गयाजी में हत्याकांड के 2 आरोपी गिरफ्तार, छापेमारी में कट्टा और पिस्टल भी बरामद



**गयाजी**। गयाजी में अवधेश सिंह की 19 अप्रैल को हत्या हुई थी। हत्याकांड में पुलिस ने फरार 2 आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें एक मुख्य आरोपी भी है। पुलिस अब पूरे हत्याकांड के साजिश के बारे में पता लगा रही है। मामले में पुलिस ने इससे पहले भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस की विशेष टीम ने खगड़ी बीघा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार और उपरहुली गांव निवासी रौशन कुमार गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान इनके पास से एक देसी कट्टा और एक देसी पिस्टल बरामद किया गया। बताया गया कि गिरफ्तार रौशन कुमार एक रिटायर्ड चौकीदार का पोता है। हत्या परैया थाना क्षेत्र में हुई थी। 19 अप्रैल 2026 को हुए अवधेश सिंह हत्याकांड के बाद से ही पुलिस लगातार आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि इस कांड में शामिल किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों से गहन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के जरिए हत्या के पीछे की पूरी साजिश, शामिल अन्य लोगों और घटना के कारणों का खुलासा करने की कोशिश हो रही है। पुलिस का कहना है कि अभी भी कुछ आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

# भव्य मुशायरा एवं विचार गोष्ठी का किया जाएगा आयोजन- जिला पदाधिकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास**। सासाराम में 21 एवं 22 मई को शेरशाह सूरी महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव के अंतर्गत भव्य मुशायरा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी, रोहतास के निर्देश पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सर्वसम्मति से ख्यातिप्राप्त शायरों, कवियों एवं वक्ताओं का चयन किया गया है, जो महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे।



मुशायरा में शायर जलील खैराबादी (कानपुर), अहमद आज़मी (आजमगढ़), तनुज नाज़ (फतेहपुर), चकाचौंध ज्ञानपुरी (ज्ञानपुर), पूनम श्रीवास्तव (मिर्जापुर), निजाम बनारसी (वाराणसी) सहित स्थानीय साहित्यकार डॉ. गुरु चरण सिंह, शायर मतीन सासारामी, कवि सरोज कुमार पंकज एवं आलम परवेज शामिल हैं। इनकी प्रस्तुतियां कार्यक्रम को साहित्यिक ऊंचाई प्रदान करेंगी तथा श्रोताओं को गंगा-जमुनी तहज़ीब की झलक देखने को मिलेगी।

वहीं, विचार गोष्ठी में इतिहासकार, शिक्षाविद एवं शोधकर्ता शेरशाह सूरी के जीवन, प्रशासन, न्याय व्यवस्था, पुरातात्विक महत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार रखेंगे। गोष्ठी में अली हुसैन इद्रीसी "शेरशाह सूरी की न्याय व्यवस्था", जी०एम० अंसारी "शेरशाह सूरी की पुरातात्विक दृष्टि", डॉ. जावेद अख्तर "शेरशाह सूरी की भू-राजस्व प्रणाली", डॉ. अरुण कुमार "राष्ट्र निर्माता के रूप में शेरशाह सूरी", डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय (पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, रांची विश्वविद्यालय) "विकास का पथिक—शेरशाह सूरी", डॉ. ए.के. आलमी "प्रशासनिक व्यवस्था" तथा डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह (पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास श्रीशंकर कॉलेज सासाराम) "साधारण जागीरदार से दिल्ली के सुल्तान तक का सफर" विषय पर व्याख्यान देंगे।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शेरशाह सूरी की ऐतिहासिक विरासत, प्रशासनिक कुशलता, सांस्कृतिक योगदान एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कला, संस्कृति, साहित्य और इतिहास को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को अपनी विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।

## CBSE 12वीं परीक्षा परिणाम में द डिवाइन पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास**। अनुमंडल स्थित द डिवाइन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने CBSE 12वीं परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 84 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 60 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की। विद्यालय के छात्र रजनीश राज दुबे ने 90.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं, 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए तथा 37 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

विद्यालय के चेयरमैन अखिलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा— हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार सफलता प्राप्त की है। यह परिणाम केवल विद्यार्थियों की मेहनत ही नहीं, बल्कि अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का भी प्रतीक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन करते रहेंगे।

उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी इस सफलता के लिए धन्यवाद दिया तथा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## वीकेएसयू के परीक्षा नियंत्रक बने प्रो. (डॉ.) लालबाबू सिंह

### शिक्षाविदों ने दी बधाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नोखा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलानुशासक प्रो.(डॉ.)लाल बाबू सिंह को यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक बनाए जाने पर आईडीबीपीएस कॉलेज, गढ़नोखा के शिक्षक, शिक्षकेत्तरकर्मी एवं शिक्षाविदों ने खुशी जताई है.महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) भीम सिंह ने बताया कि प्रो. (डॉ.)लालबाबू सिंह इस महाविद्यालय के सचिव रहे हैं एवं महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास में उनका काफी योगदान रहा है. साथ ही समय - समय पर महाविद्यालय को उनका उचित मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है.डॉ.सिंह को वीकेएसयू के परीक्षा नियंत्रक बनाए जाने पर महाविद्यालय कर्मियों में काफी खुशी व्याप्त है.शिक्षक प्रतिनिधि प्रो.अरविंद कुमार सिंह, प्रो.मुक्तिनाथ सिंह, प्रो. राजेंद्र सिंह,प्रो.अनिल बिहारी सिंह,प्रो.



अलख सिंह,प्रो. लालबाबू राय,प्रो. अखिलेश्वर सिंह, प्रो.विक्रमादित्य सिंह,प्रो.उपेंद्र सिंह, प्रो.अरविंद कुमार, प्रो.लालबाबू सिंह, प्रो.अर्जुन सिंह,प्रो. डीएन सिंह,प्रो.अर्जुन राय,प्रो.रामजी सिंह,प्रो.अशोक आजाद, प्रो.हरदेन्दु शेखर पाठक, महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी प्रो. (डॉ.) प्रेमचंद कुमार सिन्हा, एनएसएस पदाधिकारी प्रो. जे.सी बोस, प्रो.रामकिशुन सिंह,सतेंद्र सिंह,अनिल सिंह,अशोक सिंह,मनीष सिंह ,बीरेंद्र सिंह,कामेश्वर सिंह ,राजेंद्र सिंह आदि शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बधाई दी है.

## नगर निगम सासाराम में प्रोटोकॉल उल्लंघन और वित्तीय अनियमितता का आरोप, पार्षदों ने डीएम से की शिकायत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। नगर निगम सासाराम के वार्ड संख्या 23 और 24 में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और उद्घाटन कार्यक्रमों में निर्वाचित पार्षदों की अनदेखी का मामला गहरा गया है। वार्ड पार्षद राजेश कुमार (वार्ड 23) और अरिशा शाहजाद हुसैन (वार्ड 24) ने जिलाधिकारी को औपचारिक पत्र सौंपकर मेयर और निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



**जनप्रतिनिधियों के मौलिक अधिकारों का हननः** पार्षदों का आरोप है कि 12 मई 2026 को वार्ड संख्या 22 स्थित धर्मशाला रोड के उद्घाटन कार्यक्रम में संबंधित पार्षदों को आमंत्रित नहीं किया गया। उन्होंने इसे बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 44 और 68 का खुला उल्लंघन बताते हुए कहा कि निर्वाचित पार्षदों को अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करने और उनमें भाग लेने का वैधानिक अधिकार है।

**शिलापट्ट से पार्षदों का नाम गायबः** पार्षद राजेश कुमार ने शिकायत की है कि वार्ड संख्या 23 में महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य (योजना सं. 16) के शिलापट्ट पर उनका नाम अंकित नहीं किया गया है। पत्र के अनुसार, नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 1538 (दिनांक 13.06.2016) के स्पष्ट निर्देश हैं कि शिलान्यास या उद्घाटन पट्टिका पर महापौर के साथ संबंधित वार्ड पार्षद का नाम अनिवार्य रूप से होना चाहिए।

**वित्तीय पारदर्शिता पर उठे सवालः** गांधी प्रतिमा सौंदर्यीकरण कार्य में खर्च की गई 5,79,800 की राशि पर भी पार्षदों ने संदेह व्यक्त किया है। शिकायत में कहा गया है कि शिलापट्ट पर योजना का मद (नगर निगम निधि या राज्य योजना) और कार्य का विवरण स्पष्ट नहीं है। पार्षदों ने इसे वित्तीय अनियमितता और पारदर्शिता के अभाव का मामला बताया है

**पार्षदों की मुख्य मांगें:** महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल सौंदर्यीकरण कार्य के प्राक्कलन, मापी पुस्तिका और व्यय विवरण की तकनीकी जांच कराई जाए।

बिहार नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत शिलापट्ट पर संबंधित वार्ड पार्षदों के नाम अंकित कराए जाएं।

प्रोटोकॉल का पालन न करने वाले दोषी अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

भविष्य में जनप्रतिनिधियों की गरिमा बनाए रखने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी हों।

पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि जनता के पैसे का हिसाब सार्वजनिक नहीं किया गया और तानाशाही रवैया बंद नहीं हुआ, तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे।

## पैक्स वन शाखा प्रबंधक के मृत्यु उपरांत शोक सभा का आयोजन, सीनियर सिटीजन ने दो मिनट का रखा मौन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। कोचस नगर पंचायत पैक्स वन के जमा विधि योजना के शाखा प्रबंधक मे पिछले दिनों हुई मृत्यु उपरांत बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित नेशनल सिनियर सिटिजन एशोसिएशन के वरिष्ठ नागरिको के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड एशोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं सन् चालन एशोसिएशन के राष्ट्रीय सयुंक्त सचिव पुर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र दुबे के द्वारा किया गया।



बैठक में प्रतिदिन हो रहें आकस्मिक दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बिहार सरकार विधायक एवं सान्सदो से माँग किया गया कि कोचस प्रखण्ड मुख्यालय में आकस्मिक चिकित्सा केन्द्र खोला जाए। ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं में घायल लोगों का इलाज ससमय पर किया जा सके। कयोकि आकस्मिक चिकित्सा केन्द्र कोचस सौ किलोमीटर की दूरी पर है। वहाँ लेकर जाने में रास्ते में ही घायल व्यक्ति दम तोड़ देता है।वही कांग्रेस के नेता डॉक्टर मुना पासवान ने कहा कि कोचस प्रखण्ड में आकस्मिक दुर्घटनाओं के मुख्य कारण यहाँ के यातायात एवं प्रसाशनिक ब्यवस्था है बहुत बार कोचस प्रखण्ड के नागरिकों के द्वारा कोचस चौक पर गोलम्वर या यातायात पुलिस के लिए प्रसाशन को ज्ञापन दिया गया है लेकिन आज तक कोई व्यवस्था नहीं किया गया। यही कारण है कि आकस्मिक दुर्घटनाओं में यहाँ के नागरिक अपनी जान गवा रहे हैं। सीनियर सिटीजन के लोगो ने शोक सभा आयोजन के दौरान रमा शन्कर तिवारी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आत्मा के शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर खेदन प्रसाद सिंह, लक्ष्मण सिंह, रामाश्रय सिंह, डा मुन्ना कुमार पासवान, सर्वेश्वर पाठक, मुरारी ठाकुर, गोविन्द पाठक, राजु कुमार ,अलि मिस्त्री, गिरिष तिवारी, नन्द कुमार पासवान के साथ अन्य लोग मौजूद रहे ।

## नोखा में फिर शुरू होगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान,12 से 30 जून तक बनेंगे किसानों के डिजिटल ID



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नोखा/ रोहतास**। नोखा में कृषि विभाग ने किसानों के लिए फार्मर आईडी बनाने का अभियान मिशन मोड में शुरू कर दिया है। अंचल अधिकारी मधुसूदन चौरसिया ने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अब तक नहीं बनी है, वे जल्द पंजीकरण करा लें। ऐसा न करने पर भविष्य में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।अंचल अधिकारी चौरसिया ने स्पष्ट किया कि सरकार किसानों को मिलने वाली अधिकांश सुविधाओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ रही है। फार्मर आईडी किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया है। इसके जरिए किसानों को बीज, खाद, कृषि यंत्र अनुदान, फसल बीमा और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। विभाग का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

## काराकाट प्रखंड मुख्यालय से हटाए गए जर्जर पेड़, बड़ी घटना टली



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास**। प्रखंड मुख्यालय परिसर में लंबे समय से खड़े जर्जर और सूखे पेड़ों को आखिरकार वन विभाग ने बुधवार को हटवा दिया। परिसर में करीब चार सूखे पेड़ कई महीनों से खतरा बने हुए थे। इनकी सूखी टहनियां कभी भी टूटकर गिर सकती थीं, जिससे कर्मियों और फरियादियों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद मामले ने तूल पकड़ा और वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग की एसआई प्रीति कुमारी और अन्य कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर चारों जर्जर पेड़ों को कटवाया। इस दौरान एक पेड़ काटते समय उसका हिस्सा करवट लेकर मनरेगा भवन के दरवाजे के पास बाउंड्री दीवार पर जा गिरा, जिससे दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि प्रखंड परिसर में 50 वर्षों से अधिक पुराना एक विशाल महुआ का पेड़ भी पूरी तरह सूख चुका था। हल्की हवा में भी उसकी टहनियां टूटकर गिरने की आशंका बनी रहती थी। अंचलाधिकारी रितेश कुमार ने इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायत की थी, जबकि बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से पेड़ हटाने की मांग की थी। जर्जर पेड़ों को हटाए जाने से अब प्रखंड मुख्यालय परिसर में आने-जाने वाले लोगों को राहत मिली है और एक बड़ी दुर्घटना टल गई है।

## जहां वैदिक मंत्रों की ध्वनि और भगवान के नाम का संकीर्तन होता है,वहां स्वयं ईश्वर का वास होता है : जियर स्वामी





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास** ।प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरख परासी व धर्मागत परासी (सातों परसियां) स्थित निज धाम मां काली मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव भव्य महाभंडारे एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हो गया । यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया । महाभंडारे में महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी ।

मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा । "जय श्रीराम", "हर-हर महादेव" और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा । श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख- समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की । श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महामहोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संत- महात्माओं,विद्वानों एवं कथावाचकों का आयोजन समिति द्वारा भव्य सम्मान किया गया । आयोजन समिति अध्यक्ष समेत यज्ञ समिति के सदस्यों ने सभी को अंगवस्त्र एवं दान-दक्षिणा देकर भावभीनी विदाई दी । इस अवसर पर श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जहां वैदिक मंत्रों की ध्वनि और भगवान के नाम का संकीर्तन होता है,वहां स्वयं ईश्वर का वास होता है ।

यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं,बल्कि समाज को संस्कार,एकता और सेवा से जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम है । उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है । गांवों में होने वाले ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारा,नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं ।महामहोत्सव की सफलता को लेकर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला । आयोजन को सफल बनाने में यज्ञ समिति, ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों की सराहनीय भूमिका रही ।

## संक्षिप्त समाचार

### सीनियर सेकेंडरी में बिड़ला ओपन माइंड्स शत-प्रतिशत परिणाम

**भागलपुर**। भागलपुर के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित बिड़ला ओपन माइंड्स भागलपुर स्कूल ने इस वर्ष भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। विद्यालय के बारहवीं कक्षा के तीसरे बैच के परिणाम में विद्यालय के बच्चों तथा शिक्षकों की कड़ी मेहनत पूरी तरह से छलकती है। वर्ष 2025-26 के सीनियर सेकेंडरी में कुल 16 छात्र शामिल हुए थे। विद्यालय का शत-प्रतिशत रिजल्ट रहा, जिसमें दिव्य ज्योति ने 95 प्रतिशत अंक लाकर साइंस वर्ग के बायोलॉजी स्ट्रीम में टॉप किया। वहीं रौनक बाजोरिया ने मैथमेटिक्स स्ट्रीम में 88 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया तथा अपने माता पिता का नाम रौशन किया। इसके अलावा दिव्य ज्योति ने 100 लाकर बायोलॉजी में शतप्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस कार्य को करने में विद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षकेत्तर का योगदान सराहनीय रहा। इनकी मेहनत तथा कुशल नेतृत्व के कारण बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। बच्चों को कक्षा के बाद अतिरिक्त कक्षा संचालन कर पढ़ाया जाता था और जो भी कठिनाई उन्हें होती थी। उसे तत्काल ही दूर कर दिया जाता था। विद्यालय परिवार को अपने बच्चों पर बहुत गर्व है। ये बच्चे भविष्य में और उन्नति के शिखर पर चढ़ें ऐसा विद्यालय परिवार कामना करता है।

### जेठौर पुल पर भारी गाड़ियों की आवाजाही पर रोक

**बांका**। बांका जिले के अमरपुर प्रखंड को जिले के अन्य हिस्सों के साथ-साथ झारखंड,पश्चिम बंगाल और उड़ीसा से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण जेठौर पुल पर अब भारी एवं मालवाहक वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। पुल के क्षतिग्रस्त होने और उसके धंसने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह बड़ा फैसला लिया है।जिला प्रशासन की ओर से भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित कर दिया गया है। **पुल के दो पिलरों का बेड लेवल ऊपर**: डीएम नवदीप शुक्ला के निर्देश पर इंग्लिश मोड़-पुनसिया पथ स्थित जेठौर पुल की स्थिति का आकलन किया गया। जांच में पुल के दो पिलरों का बेड लेवल ऊपर आने की बात सामने आई, जिससे पुल के धंसने की आशंका बढ़ गई थी। इसके बाद आमजन की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से 12 मई से अगले आदेश तक सभी बड़े एवं भारी वाहनों के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद सुल्तानगंज और मुंगेर की ओर से आने वाले भारी वाहन अमरपुर होकर झारखंड के देवघर,दुमका,गोड्डा तथा पश्चिम बंगाल के कोलकाता, आसनसोल, वर्द्धमान, तारापीठ और उड़ीसा की ओर जा रहे थे। इससे जेठौर पुल पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा था।विक्रमशिला पुल छत्तीसगढ़ होने के बाद खासकर भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क मार्ग पर रजौन बाजार होकर जाने वाले भारी वाहनों ने अपना रुत बदल लिया था। जिसके कारण रजौन के रास्ते जाने वाली भारी वाहन पुनसिया-इंग्लिश मोड़ रास्ते से होकर जेठौर पुल होके जा रहे थे। प्रशासन ने पुल के दोनों ओर चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति कर दी है ताकि किसी भी भारी वाहन को पुल पार नहीं करने दिया जाए। अमरपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी सख्ती के साथ आदेश का पालन कराएगा और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# आगजनी में चार घर जलकर राख, आठ मवेशियों की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया**। फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र की भागकोहलिया पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-03 में मंगलवार की देर रात हुई भीषण आगजनी की घटना में आठ मवेशी सहित दस लाख रूपये से अधिक मूल्य की संपत्ति जलाकर राख हो गया। आगजनी के कारणों का अस्पष्ट पता नहीं चल पाया है। लेकिन कयास लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आगजनी की घटना घटित हुई। अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे चार परिवारों के आशियाने जलकर पूरी तरह राख हो गए। घटना में घरों में रखे नगद रुपये, जेवर-जेवरात, कपड़े, अनाज समेत दैनिक उपयोग की सभी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। वहीं आग की चपेट में आने से आठ मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई। आगलगी की इस घटना में लगभग दस लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार देर रात अचानक एक घर से आग की लपटें उठनी शुरू हुईं। तेज हवा और सटे हुए घरों के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। कुछ ही देर में आसपास के चार घर आग की चपेट में आ गए। आग की भयावहता ऐसी थी कि लोगों को घरों से सामान निकालने तक का मौका नहीं मिल पाया। ग्रामीणों ने बाल्टी, मोटर और अन्य संसाधनों के सहारे घंटों मशक्कत कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित परिवारों ने बताया कि आग में लगभग 25 हजार रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवरात, अनाज, बर्तन, कपड़े, फर्नीचर और जरूरी दस्तावेज तक नष्ट हो गए। वहीं घरों में बंधे आठ मवेशी आग में बुरी तरह झुलस गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने रहने और खाने तक का संकट उत्पन्न हो गया है। सभी परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। घटना की सूचना मिलते ही फारबिसगंज विधायक मनोज विश्वास मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। विधायक ने पीड़ितों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र राहत सामग्री उपलब्ध कराने एवं क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया। मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रियाज अंसारी, राजस्व विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सुल्तानगंज गोलीकांड के मुख्य आरोपी के घर चला बुलडोजर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। अब बिहार में अपराधियों के घर पर बुलडोजर चलने लगा है। बुधवार को जिले के नगर परिषद सुल्तानगंज गोलीकांड मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रामधनी यादव के घर पर बुलडोजर चला दिया। प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि बीते 28 अप्रैल मंगलवार को नगर परिषद सुल्तानगंज कार्यालय में दिनदहाड़े घुसकर तीन अपराधियों ने कार्यपालक पदाधिकारी कृष्णा भूषण कुमार और नगर सभापति राज कुमार गुड्डू को गोली मार दी थी। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। घटना के 16वें दिन जिला प्रशासन के निर्देश पर अंचल पदाधिकारी अनुज कुमार झा दल-बल के साथ आरोपी रामधनी यादव के घर पहुंचे और बुलडोजर चलवाकर मकान को ध्वस्त कर दिया। अंचल पदाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ पहले नापी कर नोटिस चिपकाया गया था। बावजूद इसके अवैध कब्जाधारियों ने जमीन खाली नहीं की। जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि रेलवे की जमीन पर बने अवैध मकानों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान दर्जनों पुलिस जवान और प्रशासनिक कर्मी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई को गोलीकांड के बाद अपराधियों और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त संदेश के तौर पर देखा जा रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**सं. एमसी/40/सी/आरएसपी/डोर ब्लॉकिंग/2026-27, दिनांक 12.05.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: एमसी-40-सी-डोर ब्लॉक-आरईवी, कार्य का नाम:** "3000 बीओएक्सएन वैगनों में दरवाजों की ऊँचाई को कम करना एवं ब्लॉकिंग"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,56,86,735/-, **बयाना राशि:** रु. 5,13,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 03.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www. ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-75/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## क्रिकेट, न्यू हॉराइजन ने विद्या विहार को किया पराजित

**भागलपुर**। तक्षिला एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित बिड़ला ओपन माइंडस भागलपुर स्कूल के संस्थापक उपेन्द्र शर्मा की स्मृति में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को विद्या विहार बनाम न्यू हॉराइजन स्कूल के बीच खेला गया मैच अति रोमांचक रहा। हर दिन की भांति विद्यालय के प्राचार्य ने स्वर्गीय उपेन्द्र शर्मा की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर खेल के आगाज़ के लिए पहल की। न्यू हॉराइजन स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया और आरबीएस विद्या विहार के समक्ष 123 रनों का लक्ष्य रखा। आरबीएस विद्या विहार ने बड़ी ही कुशलता से अपने लक्ष्य का पीछा किया, पर मज़बूत फील्डिंग की वजह से मात्र 115 रन ही बना पाई। उधर 40 रन और दो विकेट ले कर न्यू हॉराइजन स्कूल के मोहम्मद शादाब ने मैन ऑफ़ द मैच का ख़िताब अपने नाम किया। श्री उपेन्द्र शर्मा अन्तर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के सारे ही नॉक आउट मैच खेल लिए गए हैं। मैदान में उपस्थित प्राचार्य राकेश कुमार सिंह ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों का खेल के प्रति समर्पण देखकर आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की करने की अपेक्षा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## माणिक सरकार घाट के पास जमीन धंसी, कई मकानों में आई दरार

**भागलपुर**। शहर के माणिक सरकार घाट इलाके में एक बार फिर जमीन धंसने की घटना सामने आई है जिससे करीब 50 घरों के लोग दहशत में हैं। अचानक जमीन धंसने से कई मकानों में बड़ी दरारें आ गई हैं।


**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

प्रपत्र – घ

अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना

जिला औरंगाबाद नगरपालिका नगर पंचायत, जम्होर वार्ड संख्या 1 से 11

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वार्ड की अन्तिम मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्व साधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है :–

(1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय
(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर
(3) नगर पंचायत, जम्होर
(4) अंचल कार्यालय, औरंगाबाद
(5) प्रखंड कार्यालय, औरंगाबाद
(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना
(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर

स्थान :– औरंगाबाद
दिनांक :– 13.05.2026

PR- 003227 ( Election ) 2026-27 — निबंधन पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## फुट ओवर ब्रिज के गर्डर लॉन्चिंग कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

भागलपुर। रेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा यात्री सुविधाओं के निरंतर उन्नयन की दिशा में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के गर्डर लॉन्चिंग कार्य को सफलतापूर्वक एवं सुरक्षित रूप से सम्पन्न किया है। बुधवार को मालदा डीविजन के पीआरओ ने दी और कहा कि यह कार्य पीरपैंती रेलवे स्टेशन के बाद इस प्रकार की दूसरी महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो आधुनिक एवं विश्वस्तरीय स्टेशन पुनर्विकास के माध्यम से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में मंडल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कार्य मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण आरएसपी पूर्व रेलवे विनोद कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में गति शक्ति इकाई मालदा द्वारा संपन्न किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता का सतत सहयोग तथा मुख्य अभियंता निर्माण/आरएसपी-III पूर्व रेलवे राकेश रंजन के नेतृत्व में कार्य सम्पन्न हुआ। यातायात अवरोध (ट्रैफिक ब्लॉक) से ठीक पहले तथा उसके दौरान भारी वर्षा, आंधी एवं तेज हवा जैसी प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के बावजूद यह कार्य मध्यवर्ती दो रात्रियों में निर्धारित 4 घंटे 30 मिनट के ट्रैफिक ब्लॉक (22:45 बजे से 03:15 बजे तक) के भीतर सफलतापूर्वक एवं सुरक्षित रूप से सम्पन्न किया गया। गर्डरों को सुरक्षित रूप से स्थापित करने के उपरांत निर्धारित समय सीमा के भीतर ब्लॉक समाप्त कर दिया गया, जिससे ट्रेन सेवाओं का समयबद्ध एवं सुचारु पुनर्संचालन सुनिश्चित हुआ तथा यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। यह फुट ओवर ब्रिज दो स्पैन से युक्त है, जिसमें कुल 22 गर्डर लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक गर्डर की लंबाई लगभग 23 मीटर तथा वजन लगभग 8.3 मीट्रिक टन है।


**हावड़ा-राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन**

गर्मी के मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03029/03030 हावड़ा-राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सारिणी, ठहराव, यात्रा की तारीख और गठन के अनुसार चलाई जायेंगी :

| हावड़ा-राजगीर | | (03029) (03030) | राजगीर-हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | **22.50** | ↓ हावड़ा | **04.30** | – |
| 00.34 | 00.36 | बर्द्धमान | 02.08 | 02.10 |
| 02.12 | 02.14 | रामपुरहाट | 00.10 | 00.12 |
| 05.02 | 05.04 | साहिबगंज | 20.20 | 20.22 |
| 06.30 | 06.40 | भागलपुर | 19.45 | 19.55 |
| 07.40 | 07.42 | जमालपुर | 18.10 | 18.12 |
| 09.25 | 09.30 | किऊल | 17.20 | 17.25 |
| **13.00** | – | राजगीर ↑ | – | **14.00** |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के बैंडेल, बोलपुर शांतिनिकेतन, पाकुड़, बड़हरवा, सुल्तानगंज, अभयपुर, लक्खीसराय, शेखपुरा, सरायगढ़, बरबीघा, अस्थावां, बिहार शरीफ एवं नालन्दा स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा के दिन/तारीख: हावड़ा से: 03029-** दिनांक 16.05.2026 से 17.06.2026 तक (रोज़ाना) = 33 ट्रिप तथा **राजगीर से: 03030-** दिनांक 17.05.2026 से 18.06.2026 तक (रोज़ाना) = 33 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी-04, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-08 एवं एसएलआरडी-02 = 14 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे



**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

प्रपत्र – घ

अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना

जिला औरंगाबाद नगरपालिका नगर पंचायत, नवीनगर वार्ड संख्या 12

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वार्ड की अन्तिम मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्व साधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है :–

(1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय
(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर
(3) नगर पंचायत, नवीनगर
(4) अंचल कार्यालय, नवीनगर
(5) प्रखंड कार्यालय, नवीनगर
(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना
(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर

स्थान :– औरंगाबाद
दिनांक :– 13.05.2026

PR- 003226 ( Election ) 2026-27 — निबंधन पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस सं०- डी.डी.यू/ईएल/जी/ई०-निविदा/2026-27/02 दिनांक: 11.05.2026**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/जी/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं. 1. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम :** सं०- डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2026-27/02, विषय- डीडीयू मंडल के अन्तर्गत प्लांट डिपो/डीडीयू में ट्रेक मशीनों के आईओएच/पीओएच की क्षमता बढ़ाने के लिए शेड सुविधाओं का विस्तार करना और साथ ही भंडारण सुविधाओं में सुधार करने में विद्युती कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत :** रू० 8391680.99, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 04.06.2026, 15:00 Hrs, **ई-निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

**क्रम सं. 2. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम :** सं०- डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2025-26/09 आर 1, विषय- डीडीयू मंडल के अन्तर्गत (ए) अंकोरा स्टेशन के रनिंग रूम और भोजन कक्ष की अतिरिक्त सुविधाओं के साथ नवीनीकरण और सुधार कार्य में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। (बी) नबीनगर स्टेशन के रनिंग रूम और भोजन कक्ष की अतिरिक्त सुविधाओं के साथ नवीनीकरण और सुधार कार्य में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत :** रू० 660362.54, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 04.06.2026, 15:00 Hrs, **ई-निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा०), पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.**

पीआर/216/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/26-27/48



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा सासाराम एवं भभुआ रोड, स्टेशन पर सैलून के संचालन और रखरखाव हेतु ई-नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :-

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/1 -** सासाराम स्टेशन पर सैलून के स्थापना, संचालन और रखरखाव हेतु 03 वर्षों के लिए। **ई-नीलामी कैटलॉग संख्या :** COM-DDU-SLOON-2, **ई-नीलामी लॉट संख्या:** MSS-DDU-SSM-SS-48-26-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय:** ई-नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी।

**2. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/2 -** भभुआ रोड स्टेशन पर सैलून के स्थापना, संचालन और रखरखाव हेतु 03 वर्षों के लिए। **ई-नीलामी कैटलॉग संख्या :** COM-DDU-SLOON-2, **ई-नीलामी लॉट संख्या:** MSS-DDU-BBU-SS-50-26-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय:** ई-नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी।

**वेबसाइट का पता जहां ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है - www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) पं. दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/217/डी.डी.यू./सीओएमएल./ईएन/26-27/36



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (4), पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: 26_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/रामपुरहाट के अधीन इन स्थानों पर सेस मरम्मत-148637 घनमी कार्य:आजिमगंज-नलहाटी: डाउन 44.120-44.420=2100 घनमी, 44.480-45.030=3850 घनमी, 44.600-44.660=420 घनमी, अप 43.880-44.000=840 घनमी, 44.690-44.990=2100 घनमी, सांईथिया-नलहाटी: डाउन 93.150-93.360=2835 घनमी, 93.840-93.960=1620 घनमी, 107.360-107.420=540 घनमी, 109.600-109.710=1017 घनमी अप 90.000-90.060=1710 घनमी, 92.420-92.650=4301 घनमी. नलहाटी-बोनीडंगा: डाउन 106.032-108.032=10000 घनमी, 117.880-118.500=3000 घनमी, 120.800-120.900=500 घनमी, 122.600-123.000 =2000 घनमी, 123.480-124.020=7290 घनमी, 125.600-126.000=2000 घनमी, 127.500-127.600=500 घनमी, 128.000-128.200=1000 घनमी, 130.200-130.400 =1000 घनमी, 137.000-137.420=4116 घनमी, 137.500-137.700=1000 घनमी, 141.700-141.800=500 घनमी, 143.040-143.640=4320 घनमी, 144.330-145.030=4725 घनमी, 147.430-148.460=8248 घनमी, 168.670-169.070=3000 घनमी, 170.250-172.050=11880 घनमी, अप 131.500-133.000=31350 घनमी, 142.040-142.840=3360 घनमी, 143.360-143.660=1890 घनमी, 144.400- 144.900 =3750 घनमी, 147.510-148.010=3375 घनमी, 149.010-149.410=2700 घनमी, 168.010-169.010=7000 घनमी, 170.230-171.230=8800 घनमी, **अनुमानित मूल्य :** रु.4,88,19,150.85, **बयाना राशि :** रु. 9,76,400/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 10 (दस) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. : 27_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/रामपुरहाट के अधीन इन स्थानों पर सेस मरम्मत-172801 घनमी कार्य-रामपुरहाट-दुमका: एसएल 104.370 - 105.280 =4550 घनमी, 107.260-107.520=1300 घनमी, 108.280-108.280=2500 घनमी, 118.140-118.260=2376 घनमी, 118.520-120.330=9025 घनमी, 120.520-120.640=3360 घनमी, 120.920-120.980=1920 घनमी, 124.010-124.700=3450 घनमी, 126.080-126.500=12936 घनमी, 126.600-126.960=11088 घनमी, 127,000-128.000=5000 घनमी, 128.370-129.400=5150 घनमी, 130.000-130.460 = 2300 घनमी, 132.114-132.440 =12960 घनमी, 134.470-135.080=3050 घनमी, 128.41-128.89=24576 घनमी, 128.92-129.4=26880 घनमी, 130.01-130.43=24192 घनमी, 134.72-135.08=14688 घनमी, 132.15-132.45=1500 घनमी। **अनुमानित मूल्य :** रु.5,67,71,706.26, **बयाना राशि :** रु. 11,35,400/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 15 (पंद्रह) माह। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. : 28_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण :** बांशलोई ब्रिज-बांशलोई ब्रिज स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज (6 मीटर चौड़ाई) का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.3,25,67,994.52, **बयाना राशि :** रु. 6,51,400/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 10 (दस) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)**: शून्य (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 01.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी**: आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-64/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**Govt. of Bihar**

**Office of The Executive Engineer**
**Rural Works Department, Works Division, Aurangabad**

**EXPRESSION OF INTEREST-CUM-REQUEST FOR QUOTE FOR EMPANELMENT OF SUPPLY AGENCIES**

**Very Short Term Quotation**

**NIT No :- RWD/FDR/Aurangabad/01 (2026-27)**

Executive Engineer, RWD, Works Division, **Aurangabad** on behalf of The Honourable Governor of Bihar invites from eligible agencies/ suppliers who are registered in any state/central department but he has to get registration in Rural Works Department, Govt. of Bihar before agreement for empanelment to indicate their interest in supplying the below mentioned items required for emergent repair and restoration of rural roads affected by heavy rains/ floods in Aurangabad districts for RWD Works Division Aurangabad.

The procurement will be carried out through two bid system (First envelope for technical and second envelope for financial bid).

**Financial bid envelope**

| |
|---|
| I. Material |
| II. LABOUR |
| III. TOOLS, PLANTS & MACHINERIES WITH DRIVER & FUEL |

Further information can be obtained from Office of The **Executive Engineer, RWD, Works Division, Aurangabad** during Office hours **i.e. 10:00 to 15:00 hours from 18.05.2026 to 27.05.2026**. Or On Mobile No. 9296795066

**This can also be viewed on website http://prdbihar.gov.in.**

Expression of interest-cum- request for quote must be delivered in an envelope comprising two separate envelope (Envelope 1 as a technical and envelope 2 as financial bid) to the address below (in person, by registered post) by dated **27.05.2026** at 3:00 PM in the **Office of The Executive Engineer, RWD, Work Division, Aurangabad / Superintending Engineer, RWD, Works Circle, Aurangabad. Tender Opening date: 27.05.2026 at 3:30 PM**

The quoted rate envelope will be opened only of those bidders who will meet the minimum criteria in the technical part.

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

**PR- 003047 ( R W D ) 2026-27**

**Executive Engineer**
**RWD, Works Division,Aurangabad.**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल से आरंभिक निम्नवत कोचिंग ट्रेन के एस.एल.आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैं :-

**1. AA/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 13024 (गया से हावड़ा) गया-हावड़ा एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन।, **ई-नीलामी लॉट संख्या :** 13024-SLR-F1-GAYA-HWH-25-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय :** ई-नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी।

**AA/2 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 13697 (गया से दिल्ली) गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन।, **ई-नीलामी लॉट संख्या :** 13697-SLR-F1-GAYA-DLI-25-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय :** ई-नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी।

**AA/3 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 12397 (गया से नई दिल्ली) गया-नई दिल्ली के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन।, **ई-नीलामी लॉट संख्या :** 12397-SLR-F1-GAYA-NDLS-25-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय :** ई-नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी।

**AA/4 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 22409 (गया से आनंद विहार टर्मिनस) गया-ANVT गरीबरथ एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (3.9टी) का आवंटन।, **ई-नीलामी लॉट संख्या :** 22409-SLR-F1-GAYA-ANVT-25-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय :** ई-नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी।

**AA/5 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 12389 (गया से चेन्नई) गया-चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन।, **ई-नीलामी लॉट संख्या :** 12389-SLR-F1-GAYA-MAS-25-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय :** ई-नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी।

**ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या :** SLR-LEASE-26-5, **(2)** वेबसाइट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : **www.ireps.gov.in** (E-auction Leasing).

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/0219/डीडीयू/वा./ईएन/26-27/68

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# शादी समारोह में घुसकर ज्वेलरी-कैश लूटने का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ बाराती पक्ष ने कहा- असमाजिक तत्वों ने लाठी-डंडों से किया हमला, 5 नामजद समेत 25 अज्ञात पर केस

**आरा।** भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के शोभिटोला गांव में एक शादी समारोह में घुसकर ज्वेलरी और कैश लूटने और बारातियों से मारपीट का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित पक्ष की ओर से 5 नामजद और 30 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। हमले में दूल्हा, उसके पिता, भसुर समेत कई बाराती घायल हो गए। घटना के बाद विवाह समारोह में अफरा-तफरी मच गई और शादी बीच में ही रुक गई। मामले की सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। बाद में पुलिस की मौजूदगी में थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में दूल्हा-दुल्हन की शादी कराई गई।

**मंगलवार की शाम धूमधाम से बारात पहुंची थी गांवः** शोभिटोला गांव निवासी नरेश यादव की पुत्री सोनी कुमारी की शादी तियर थाना क्षेत्र के मनियारा गांव निवासी कृष्णधारी सिंह के पुत्र हरेंद्र कुमार के साथ तय थी। मंगलवार शाम धूमधाम से बारात गांव पहुंची थी और शादी की रस्में चल रही थीं। इसी दौरान अचानक प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार, उमेश यादव, सोनालाल, जेपी साह समेत करीब 20 अज्ञात लोगों ने बारातियों पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर लाठी-डंडे से लैस थे और उन्होंने बारातियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

**दूल्हा, दूल्हे के पिता समेत अन्य हुए घायलः** हमले में दूल्हा हरेंद्र कुमार, उसके पिता कृष्णधारी सिंह एवं अन्य रिश्तेदार घायल हो गए। दूल्हे के पिता ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने गहने और नकदी भी छीन ली। घटना के बाद शादी समारोह में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। हालात को देखते हुए पुलिस ने दूल्हा-दुल्हन को सुरक्षा के बीच शाहपुर थाना लाया। जहां थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में पुलिसकर्मियों और परिजनों की मौजूदगी में पूरे विधि-विधान से दोनों की शादी संपन्न कराई गई। इस मामले में दूल्हे के पिता के बयान पर पांच नामजद एवं 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बाल संसद चुनाव संपन्न, बच्चों ने सीखी लोकतंत्र की प्रक्रिया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर।** सिविल लाइंस स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ गोष्ठी व बाल संसद चुनाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल विकास में विद्यालय व अभिभावकों की अहम भूमिका व पारस्परिक दायित्व व ताल-मेल के निमित्त वाटिका स्तर पर कक्षा अरुण, उदय, प्रभात व प्रथम के माताओं के साथ विद्यालय ने मंगलवार को मातृ गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभावकों में से हीं एक गुंजा कुमारी ने की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह ने बदलते परिवेश में विद्यालय के संस्कार युक्त शिक्षण के अतिरिक्त नर्सरी से प्रथम के छोटे छात्र-छात्राओं में अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्हें दैनिक जीवन में दिखावा रहित आचरण, संघर्षशील व स्वयं के समस्याओं के समाधान के लिए उचित वातावरण व प्रेरणा देने की बात कही। वाटिका शिक्षा प्रमुख आचार्या संजू सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बाल शिक्षण के 12 आयामों के माध्यम से विद्यालय में दी जा रही शिक्षा सप्ताह में एक दिन चलाए जा रहे 'बैगलेस क्लास" का महत्व बताया। आचार्या सुनैना पांडेय व आराधना ने प्रयोगात्मक व अनुभवात्मक शिक्षण का माताओं को "लाइव डेमो" दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही गुंजा कुमारी ने विद्यालय द्वारा बच्चों के मानसिक, शारीरिक व उनके आचरण में विकास तथा बच्चों में बिना दबाव बनाए शिक्षण को अहम बताया। कई अभिभावकों ने अपने फीडबैक में विद्यालय के प्रयास और शिक्षण कौशल की सराहना की तथा कई माताओं के महत्वपूर्ण सुझाव को अमल में लाने का निश्चय किया गया। छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक परंपरा से अवगत कराने तथा भविष्य के जागरूक नागरिक बनाने हेतु बाल संसद व कन्या भारती के विभिन्न पदों के लिए हुए चुनाव परिणामों की भी आज घोषणा की गई, जिससे छात्र-छात्राओं में नेतृत्व प्रबंधन सह अस्तित्व तथा कर्तव्य बोध सरीखे गुणों का उद्भव हो सके।

## 15 मई को रोजगार शिविर, 50 तकनीशियन पदों पर भर्ती, गुरुग्राम में मिलेगा काम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में 15 मई 2026 को एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में 50 तकनीशियन पदों पर भर्ती होगी, जिसके लिए चयनित उम्मीदवारों को गुरुग्राम, हरियाणा में काम करने का अवसर मिलेगा। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह रोजगार शिविर संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई फील्ड स्थित जिला नियोजनालय परिसर में आयोजित होगा। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित रहेगा।

**27 हजार रुपए तक मिलेगा वेतनः** प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, डीएसईटीएस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इस शिविर में भाग ले रही है। कंपनी तकनीशियन (प्रशिक्षुता/संविदा) पद के लिए कुल 50 अभ्यर्थियों की नियुक्ति करेगी। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 20 हजार रुपए से लेकर 27 हजार रुपए तक वेतन दिया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 वर्ष से 32 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता के रूप में 10वीं, 12वीं, आईटीआई अथवा डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। नियुक्ति से पूर्व मेडिकल जांच भी कराई जाएगी।

**रोजगार शिविर में प्रवेश निशुल्कः** रोजगार शिविर में भाग लेने के लिए जिला नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। जिन युवाओं ने अभी तक निबंधन नहीं कराया है, वे राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा, आधार कार्ड तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र लेकर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। नियोजनालय द्वारा बताया गया है कि कंपनी अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर मौके पर ही चयन प्रक्रिया पूरी करेगी। रोजगार शिविर में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा। जिला नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि नियुक्ति से संबंधित सभी शर्तों एवं नियमों की जिम्मेदारी नियोजक कंपनी की होगी, जबकि नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा।

## घर में खड़ी बाइक में शॉर्ट-सर्किट, 2 भाई झुलसे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर में बुधवार की सुबह शॉर्ट-सर्किट से दो बाइक में आग लग गई। बाइक में तकनीकी खराबी थी। चाबी से बंद करने के बाद भी लाइट जलती थी। आग इतनी तेजी से फैली कि बरामदे में चौकी पर सो रहे 2 भाई गंभीर रूप से झुलस गया। अगलगी में घर में रखे लाखों रुपए के सामन जल गए। पड़ोसियों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। घर में सो रहे अन्य सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। झुलसे दोनों भाइयों का इलाज कराया जा रहा है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर मिल्की गांव की है।

**तीन महीने पहले बाइक खरीदी थीः** जानकारी के अनुसार झुलसे लोगों में रामपुर, मिल्की गांव निवासी ददन पांडेय के 38 वर्षीय बेटे संजीत कुमार पांडेय और 30 वर्षीय बेटे संजीव कुमार पांडेय शामिल हैं। संजीत कुमार पांडेय के पीठ, चेहरा, हाथ और पैर समेत शरीर के कई हिस्से बुरी तरह झुलस गए हैं, जबकि उन्हें बचाने के दौरान छोटे भाई संजीव कुमार पांडेय भी झुलस गए। चाचा अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि 3 महीने पहले दोनों भाइयों ने स्प्लेंडर समेत 2 बाइक खरीदी थी। कुछ दिनों बाद से बाइक में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसकी शिकायत सर्विस सेंटर में भी की गई थी, लेकिन सर्विसिंग के बाद भी समस्या दूर नहीं हुई। मंगलवार की रात गर्मी के कारण संजीत बरामदे में बाइक के पास सोए हुए थे। तभी सुबह अचानक बाइक से चिंगारी निकली और देखते ही देखते उसमें आग लग गई।

**गैस सिलेंडर घर के बाहर फेंकाः** आग घर तक फैलने लगी तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। काफी मशक्कत के बाद रसोई में रखा गैस सिलेंडर बाहर फेंका गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान घर में धुआं भर गया था, जिससे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। छत पर सो रहे परिवार के अन्य सदस्य ने भी किसी तरह दूसरी छत पर कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में बेड, पंखा, भूसा घर और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए।

## वीकेएसयू के हिंदी विभाग में हुई संगोष्ठी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में हिन्दी साहित्य के प्रख्यात साहित्यकार राही मासूम रज़ा के रचना संसार पर आधारित शोध प्रबंध "राही मासूम रज़ा का रचना संसार : एक अनुशीलन" विषय पर संगोष्ठी हुआ। शोधार्थी कुमारी प्रीति राय ने अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। इस शोध कार्य के निर्देशक प्रो. डॉ. नीरज कुमार रहे, जबकि बाह्य परीक्षक के रूप में प्रो. डॉ. अंताबहाद, पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष, राँची विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि राही मासूम रज़ा केवल हिन्दी के महान उपन्यासकार ही नहीं, बल्कि उर्दू के अत्यंत प्रसिद्ध शायर भी थे। वक्ताओं ने कहा कि राही मासूम रज़ा का साहित्य आज भी समाज को नई दृष्टि प्रदान करता है। मौके पर अतिथि डॉ जंग बहादुर पांडे पूर्व विभाग अध्यक्ष रांची विश्वविद्यालय प्रो मृत्युंजय कुमार सिंह प्रो सत्य नारायण सिंह,प्रो नीरज सिंह,प्रो रवीन्द्रनाथ राय, प्रो डॉ नीरज कुमार, डॉ विश्वनाथ राय,डॉ नवनीत राय, कुलानुशासक डॉ राकेश कुमार रंजन, डॉ पंकज कुमार शाहाबाद बुद्धिजीवी मंच के संचालक प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र प्रसाद विद्यासागर, डॉ डीपी राय नवीन कुमार राय, रंजीत सिंह और शुभम कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# बलिया-रघुनाथपुर रेल लाइन एलाइनमेंट को मिली रफ्तार, जनप्रतिनिधियों ने भेजा प्रस्ताव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर।** बलिया-आरा प्रस्तावित रेल लाइन परियोजना के एलाइनमेंट को लेकर अब सियासी और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। दैनिक भास्कर में खबर प्रकाशित होने के बाद इस मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है। डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह ने रेल मंत्री को प्रस्ताव भेज दिया है, वहीं बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने भी बताया है कि वे पहले ही इस संबंध में प्रस्ताव दे चुके हैं। दरअसल, सूचना के अधिकार के तहत रेलवे द्वारा दिए गए जवाब में यह कहा गया था कि इस रूट के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि की ओर से प्रस्ताव नहीं मिला है, जिसके कारण इस लाइन का न तो एलाइनमेंट तय हुआ और न ही फिजिबिलिटी सर्वे कराया गया। लेकिन खबर सामने आने के बाद जनप्रतिनिधियों ने अपनी सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। कई विधायक भी तैयार, मुद्दा बनेगा बड़ा : इस प्रस्ताव को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शैलेश ओझा भी सक्रिय हो गए हैं। वहीं जानकारी मिल रही है कि आधा दर्जन से अधिक विधायक भी जल्द ही इस संबंध में प्रस्ताव भेज सकते हैं, जिनमें बक्सर सदर विधायक आनंद मिश्रा और भोजपुर जिले के अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हैं। सांसद सुधाकर सिंह और विधायक आनंद मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि वे इस मुद्दे को प्राथमिकता पर उठाएंगे और जल्द ही रेल मंत्री से मिलकर रघुनाथपुर एलाइनमेंट की मांग करेंगे। अगर यह एलाइनमेंट रघुनाथपुर से होकर गुजरता है तो बक्सर और भोजपुर जिले के हजारों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही डीडीयू–पटना रेलखंड की बढ़ती गति क्षमता के कारण आरा से रघुनाथपुर तक की दूरी 25 मिनट से भी कम समय में तय हो सकेगी, जबकि रघुनाथपुर से बलिया तक करीब 35 किमी का सफर महज आधे घंटे में पूरा किया जा सकेगा। रघुनाथपुर से एलाइनमेंट की मांग क्यों? सांसद सुधाकर सिंह और डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह ने अपने प्रस्ताव में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बताया है कि रघुनाथपुर क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक और व्यापारिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि संत गोस्वामी तुलसीदास ने यहां प्रवास के दौरान रामचरितमानस के कुछ अंशों की रचना की थी। रघुनाथपुर से करीब 3 किमी उत्तर में स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर हर साल लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यदि रेल लाइन का एलाइनमेंट यहां से किया जाता है तो उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध बाबा बलेश्वर नाथ धाम से सीधा रेल संपर्क स्थापित हो सकेगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

## पराली जलाना उचित नहीं, हार्वेस्टर से कटे गेहूं के दाठ गलाने के लिए विशेषज्ञों ने बताए उपाय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई के बाद खेत में बचे दाठ (पराली) को मिट्टी में मिलाकर सड़ाने को लेकर किसानों के बीच लगातार चर्चा हो रही है। कृषि विशेषज्ञों और किसानों ने इसके लिए कई व्यावहारिक उपाय सुझाए हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी और अगली फसल की तैयारी आसान होगी। कृषि जानकारों के अनुसार, खेत में बचे गेहूं के दाठ को मिट्टी में मिलाने के लिए सबसे प्रभावी तरीका मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई करना है। इसके बाद प्रति एकड़ 20 से 25 किलोग्राम यूरिया का छिड़काव कर हल्की सिंचाई कर देने से दाठ तेजी से सड़-गलकर मिट्टी में मिल जाता है। इससे खेत की जैविक गुणवत्ता भी बेहतर होती है। कृषि विज्ञान केंद्र के पूर्व प्रमुख सह कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके द्विवेदी ने बताया कि किसान चाहें तो ढैंचा की खेती के जरिए भी खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं। इसके लिए प्रति एकड़ 10 किलोग्राम ढैंचा बीज, 10 किलोग्राम यूरिया और 20 किलोग्राम डीएपी का प्रयोग कर सकते है। बीज का छिड़काव करने के बाद सिंचाई करने से ढैंचा तेजी से बढ़ता है और बाद में इसे मिट्टी में मिलाने से प्राकृतिक हरी खाद का काम करता है। रोटावेटर का उपयोग कितना सही कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके द्विवेदी ने कहा कि रोटावेटर से भी दाठ को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी में मिलाया जा सकता है, लेकिन बेहतर परिणाम के लिए यूरिया और नमी जरूरी है, ताकि जैविक अपघटन तेजी से हो सके। ढैंचा की क्या सतही बुवाई संभव हैं कृषि वैज्ञानिक ने सलाह दिया कि ढैंचा की सतही बुवाई की जा सकती है। इसके लिए पहले खेत में भरपूर सिंचाई कर हल्का पानी जमा होने दें। इसके बाद बीज का छिड़काव कर दें। नमी मिलने पर बीज आसानी से अंकुरित हो जाएगा और अलग से जुताई की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## सिकंदर हत्याकांड का फरार आरोपी राजकोट से गिरफ्तार

♦ भोजपुर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर आरा लेकर लाई, आज कोर्ट में होगी पेशी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर में सिकंदर उर्फ अजय शंकर की हत्या हुई थी। हत्याकांड में फरार आरोपी विशाल बिंद को गुजरात को राजकोट से गिरफ्तार किया है। भोजपुर पुलिस उसे लेकर आरा पहुंची। गिरफ्तार आरोपित टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली का निवासी बताया जाता है। पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आई है और आज बुधवार को कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस के अनुसार विशाल बिंद हत्या और शराब के दो अलग-अलग मामलों में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। टाउन थाना इंस्पेक्टर देवराज राय ने बताया कि 2023 में हिमांशु शर्मा उर्फ यश शर्मा को गोली मारने के मामले में भी वह जेल जा चुका है। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर एक सप्ताह पहले गुजरात के राजकोट में उसकी गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद भोजपुर पुलिस की टीम उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेने के लिए वहां रवाना हुई थी।

**दोस्त के साथ जा रहे थे सिकंदर, अपराधियों ने की थी फायरिंगः** बताया जाता है कि सिकंदर हत्याकांड की जांच के दौरान विशाल बिंद का नाम सामने आया था, जिसके बाद से पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। 15 मार्च 2025 को होली की रात करीब 9 बजे उजियार टोला निवासी शुभम यादव उर्फ राहुल यादव अपने दोस्त दशई कुमार और सिकंदर उर्फ अजय शंकर के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान बिंद टोली स्थित संजू ठाकुर के घर के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने तीनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। गोलीबारी में सिकंदर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि शुभम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल शुभम यादव के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। विशाल बिंद की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब हत्याकांड में शामिल अन्य फरार आरोपितों की तलाश में भी जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला मुख्यालय से सटे गांव की सड़क पर कीचड़ व जलजमाव से बढ़ी परेशानी

**बक्सर।** जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित हरिकिशुनपुर गांव की जर्जर सड़क को लेकर अब आवाज तेज होने लगी है। बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने गांव की बदहाल सड़क को गंभीर मुद्दा बताते हुए जिलाधिकारी, सांसद, विधायक और संबंधित विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर तत्काल सड़क निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि पंचायत दलसागर अंतर्गत हरिकिशुनपुर गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क, जो आरा–बक्सर मुख्य मार्ग NH-84 से करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर स्थित है, पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। डॉ. पांडे ने कहा कि यह बेहद विडंबनापूर्ण स्थिति है कि जिला मुख्यालय से सटे गांव के लोग आज भी मूलभूत सड़क सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वर्षों से केवल आश्वासन मिलते रहे, लेकिन जमीन पर कोई ठोस काम नहीं दिख रहा है। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में सड़क की हालत और भयावह हो जाती है। पूरी सड़क कीचड़ और जलजमाव में तब्दील हो जाती है, जिससे स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं, मरीजों, किसानों और बुजुर्गों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि खराब सड़क के कारण किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई बार दुर्घटनाओं की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है और मरीजों को अस्पताल पहुंचाना चुनौती बन जाता है। डॉ. मनोज पांडेय ने मांग की कि सड़क का अविलंब कालीकरण और पक्कीकरण कराया जाए तथा संबंधित विभाग को शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण का मुद्दा नहीं, बल्कि हजारों ग्रामीणों के सम्मान, सुरक्षा और बुनियादी अधिकारों से जुड़ा मामला है। उन्होंने सांसद सुधाकर सिंह, सदर विधायक आनंद मिश्रा और जिला प्रशासन से व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्या का शीघ्र समाधान कराने की अपील की है।

### बक्सर से गुजरने वाली छह अमृत भारत ट्रेनों में खत्म होगी आरएसी सुविधा

**बक्सर।** आम रेल यात्रियों को ध्यान में रखकर शुरू की गई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में अब एक बड़ा बदलाव किया जा रहा है। रेलवे ने इन ट्रेनों में रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन (आरएसी) सुविधा को पूरी तरह समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बक्सर से गुजरने वाली लगभग आधा दर्जन अमृत भारत ट्रेनों में यह प्रक्रिया लागू होगी। रेलवे का मानना है कि इस व्यवस्था से यात्रियों को अपेक्षित सुविधा नहीं मिल पा रही थी और इसके कारण लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। अब अमृत भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को या तो पूरी तरह कन्फर्म टिकट मिलेगा या वे वेटिंग लिस्ट में रहेंगे। यानी आधी सीट पर यात्रा करने की व्यवस्था खत्म हो जाएगी। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब अधिकांश रूटों पर ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है और सीट की उपलब्धता बड़ी चुनौती बनी हुई है। दरअसल, आरएसी टिकट प्रणाली के तहत एक बर्थ पर दो यात्रियों को बैठकर यात्रा करनी पड़ती है। हालांकि तकनीकी रूप से दोनों यात्रियों को सीट अलॉट होती है, लेकिन लेटकर सफर करने की सुविधा केवल एक यात्री को मिलती है। ऐसे में लंबी दूरी की यात्रा के दौरान यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यात्रियों का कहना है कि जब उनसे पूरा किराया लिया जाता है, तो उन्हें आधी सुविधा क्यों दी जाती है। खासकर तब परेशानी और बढ़ जाती है जब एक ही सीट पर महिला और पुरुष यात्रियों को साथ बैठना पड़ता है। आरएसी सिस्टम सफर की गारंटी था, कोई ठोस विकल्प निकाला जाए : यात्री कई यात्रियों ने आरएसी व्यवस्था को खत्म करने की मांग की थी, जबकि कुछ इसे सफर की गारंटी मानते हैं। आरएसी टिकट होने पर यात्रियों को यह भरोसा रहता था कि भले पूरी सीट न मिले, लेकिन वे अपने गंतव्य तक पहुंच जाएंगे। अब इस सुविधा के हटने से ऐसे यात्रियों की चिंता बढ़ गई है। डुमरांव के यात्री उमेश गुप्ता रौनियार बताते हैं कि जब वेटिंग टिकट कन्फर्म नहीं हो पाता था और आरएसी मिल जाता था, तो कम से कम यात्रा की उम्मीद बनी रहती थी। अब इस व्यवस्था के खत्म होने से यात्रियों को टिकट कन्फर्म न होने पर पूरी यात्रा ही रद्द करनी पड़ सकती है। वहीं, रेल यात्री कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि रेलवे अपनी आय बढ़ाने के उपाय तो कर रहा है, लेकिन यात्रियों की मूल समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा। उनका कहना है कि यदि आरएसी टिकट पर यात्रियों को पूरी सीट नहीं मिलती, तो उन्हें किराए का कुछ हिस्सा वापस किया जाना चाहिए।

### बाल विवाह रोकने के लिए जागरुकता अभियान

**आरा।** जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने आरा रेलवे स्टेशन और व्यस्ततम इलाकों में पर बाल विवाह और बाल मजदूरी को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। जीआरपी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग बिहार पटना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे परवरिश योजना, ट्रांसजेंडर, कल्याण योजना, बाल विवाह,बाल मजदूरी, रोकथाम एवं दत्तक ग्रहण संबंधित प्रक्रिया के अनुपालन हेतु रेलवे स्टेशन आरा के पुलिस पदाधिकारी आरक्षी अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार गुप्ता एवं अन्य कर्मी के साथ एवं व्यस्ततम इलाकों में जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मी रविशंकर वर्मा, राधिका कुमारी सामाजिक कार्यकर्ता, चाइल्ड हेल्पलाइन भोजपुर के कर्मी पंकज कुमार सुमन केश वर्कर एवं आकाश कुमार सुपरवाइजर और रेल थाना आरा के सहयोग से प्रचार प्रसार किया गया।

### ट्रक टकराया ऑटो से महिला घायल

**कोईलवर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में ऑटो सवार महिला गंभीर घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब महिला बैंक से अपना काम निपटाकर घर लौट रही थी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। घायल महिला की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी 50 वर्षीय कामिनी देवी, पति अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह कोईलवर के जमालपुर अवस्थित बैंक से काम पूरा कर ऑटो से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान कोईलवर मेंटल अस्पताल के समीप पीछे से आ रहे एक खाली ट्रक ने तेज रफ्तार में ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान ट्रक ऑटो को साइड से रगड़ दिया। जिससे महिला गंभीर घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को ऑटो से निकालकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर पहुंचाया।

### नाट्य रूपांतरण से छात्राओं ने की शैक्षणिक गतिविधि

**बक्सर।** राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय में मंगलवार को छात्राओं ने नाट्य रूपांतरण विद्यालय प्रबंधन में अपने अभिनय का शानदार प्रदर्शन किया। सरकारी विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति के महत्व को बताते हुए प्रधानाध्यापक डॉ. कन्हैया प्रसाद राय के नेतृत्व एवं नृत्य शिक्षक गुरु बक्शी विकास के संयोजन में छात्राओं ने अभिनय एवं कला के माध्यम से आचरण, व्यवहार एवं विषयवार शिक्षा को प्रदर्शित किया। दशम वर्ग की छात्रा साक्षी पांडेय ने प्रधानाध्यापक की भूमिका में विद्यालय प्रबंधन से जुड़े छोटे बड़े विषयों की ओर आकर्षित किया तो वहीं छात्राओं ने शिक्षक एवं विद्यार्थी के कन्वर्सेशन के दृश्य को जीवंत करते हुए गणित, हिंदी, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन के कई महत्वपूर्ण अध्यायों पर चर्चा की एवं प्रश्नों को भी हल किया। इस नाट्य रूपांतरण में गीत संगीत ने विद्यालय के वातावरण को उत्साह से भर दिया। नाट्य रूपांतरण के बीच में घुस लेना अपराध है, आचरण ही आभूषण है, शिक्षा सफलता की कुंजी है जैसे महत्वपूर्ण संदेशों ने रोचकता बनाये रखा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने कहा की गतिविधि आधारित शिक्षा से शिक्षक और विद्यार्थियों में उत्साह कायम रहता है जो पठन पाठन का एक सशक्त माध्यम है। वहीं गुरु बक्शी विकास ने कहा कि विद्यालय संस्कृति में प्रतिभा को निखारने का अवसर अद्वितीय है। बस आवश्यकता है नये विचारों के साथ सक्रिय रहने का। इस अवसर पर संगीत शिक्षिका निशा कुमारी, गृह विज्ञान की शिक्षिका श्रेया राय, शिक्षकेतर कर्मी जितेंद्र सिंह व रंजीत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के 3 मंत्री एक ही गाड़ी में वैशाली पहुंचे, बोले- आगे बड़ी चुनौती, पहले से तैयारी करनी होगी

**हाजीपुर।** बिहार में तीन मंत्रियों ने एक ही गाड़ी में वैशाली के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। हालांकि उनके पीछे कार्यकर्ताओं और सिक्योरिटी मिलाकर 8 गाड़ियों का काफिला नजर आया। मंत्रियों ने कहा कि उन्होंने यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाओ अपील के बाद उठाया है। उनके एक साथ जाने से दो मंत्रियों पर आने वाली गाड़ियों का खर्च बचेगा। वैशाली के महुआ में आयोजित एक कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (PHED) के मंत्री संजय सिंह, गन्ना उद्योग विभाग के मंत्री संजय पासवान और अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री लखेंद्र पासवान शामिल हुए। तीनों मंत्रियों ने अपने अलग-अलग काफिले के बजाय एक ही सरकारी गाड़ी में यात्रा की। मंत्रियों ने अपने विभागीय प्रोटोकॉल से ऊपर उठकर कार पूलिंग के माध्यम से जनता के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया। इसका लक्ष्य सरकारी खर्च में कटौती करना और आम जनता को भी ईंधन बचाने के लिए प्रेरित करना है। इस संबंध में बिहार के मंत्री संजय सिंह ने कहा, "प्रधानमंत्री ने देशहित में ईंधन के संयमपूर्ण उपयोग की जो अपील की है, उसे लागू करना हम सभी का कर्तव्य है। आज हम तीनों मंत्रियों ने एक ही गाड़ी से महुआ जाने का निर्णय लिया है ताकि देश के विदेशी मुद्रा भंडार और ऊर्जा संसाधनों की बचत में हम अपना छोटा सा योगदान दे सकें।" उन्होंने आगे कहा कि बिहार सरकार प्रधानमंत्री के ईंधन संरक्षण मिशन के साथ मजबूती से खड़ी है। मंत्रियों की इस पहल को सराहा जा रहा है, और उम्मीद है कि यह संदेश आम नागरिकों को भी ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करेगा।

### वैशाली में ओवरलोड ट्रैक्टर ने व्यक्ति को रौंदा, मौतःएक्सीडेंट के बाद नाराज लोगों ने रोड जाम किया

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में एक ओवरलोड गिट्टी लदे ट्रैक्टर ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। इस हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने हाजीपुर-लालगंज मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। यह घटना लालगंज थाना क्षेत्र के पोझिया चौक पर हुई। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार में जा रहे गिट्टी लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को कुचल दिया। मृतक की पहचान अकबरपुर गांव निवासी अशोक राय के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने हाजीपुर-लालगंज मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार जारी रहता है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। लोगों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते इन वाहनों पर रोक लगाई जाती, तो इस दुर्घटना को टाला जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और पुलिस हालात को सामान्य करने की कोशिश कर रही है।



### बच्चे की गंगा में डूबने से मौत, भाई की शादी से पहले गई जान, दोस्तों के साथ नहाने गया था

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में एक दुखद घटना सामने आई है। पहलेजा थाना क्षेत्र के नौ डिहा सैदपुर में गंगा स्नान के दौरान 17 वर्षीय किशोर विनय कुमार की डूबने से मौत हो गई। वह अपने ममेरे भाई की शादी में शामिल होने नानी घर आया था। जानकारी के अनुसार, विनय अपने दोस्तों के साथ गंगा में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। वहां मौजूद लोगों ने उसे तुरंत बाहर निकाला और सोनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने जांच के बाद विनय को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के कोयला मोहन गांव निवासी रामानंद राय के पुत्र विनय कुमार के रूप में हुई है। विनय 8 मई को अपनी नानी के घर आया था ताकि वह शादी समारोह में शामिल हो सके। इस घटना से परिवार में खुशी का माहौल मातम में बदल गया है। सोनपुर थाने की पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि विनय अपने माता-पिता और भाई-बहन में सबसे छोटा था। उसके पिता मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। विनय अपनी मां और भाई के साथ नानी घर आया था और मेहंदी की रस्म से पहले गंगा स्नान के लिए घाट पर पहुंचा था।

### रेलवे 15 मई से लीची पार्सल बुकिंग शुरू करेगा, देश के अलग-अलग राज्यों में ट्रेन से भेजा जाएगा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची अब रेलवे से देश के बड़े शहरों तक पहुंचेगी। रेलवे ने 15 मई से लीची पार्सल बुकिंग शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। इस बार किसानों और कारोबारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि लीची तेजी से और ताजा हालत में मुंबई समेत अन्य शहरों तक पहुंच सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जंक्शन परिसर में धर्मशाला चौक के पास इंजीनियरिंग विभाग की नई बिल्डिंग के सामने बुकिंग कार्यालय बनाया गया है। यहीं पर किसान और व्यापारी अपनी लीची का वजन कराकर बुकिंग करा सकेंगे। इसके बाद सामने स्थित सैलून साइडिंग में खड़ी वीपी यानी वैन पार्सल में लीची की लोडिंग की जाएगी। रेलवे की योजना के मुताबिक पवन एक्सप्रेस के मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंचने पर पार्सल वैन को ट्रेन से जोड़ा जाएगा, जिसके जरिए लीची की खेप मुंबई भेजी जाएगी। हर साल बड़ी मात्रा में मुजफ्फरपुर की शाही लीची महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में जाती है और इस बार भी रिकॉर्ड खेप भेजे जाने की संभावना जताई जा रही है। रेलवे ने इस बार भुगतान व्यवस्था को भी आसान बनाया है। पार्सल इंचार्ज भरत कुमार ने बताया कि कारोबारियों को भुगतान में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। नगद के साथ-साथ डिजिटल पेमेंट की भी सुविधा दी गई है। कारोबारी क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे रेलवे के खाते में भुगतान कर सकेंगे। रेलवे की इस पहल से लीची कारोबारियों और किसानों में उत्साह है। कारोबारियों का कहना है कि समय पर बुकिंग और तेज पार्सल सेवा मिलने से मुजफ्फरपुर की शाही लीची देशभर के बाजारों तक ताजा और बेहतर गुणवत्ता में पहुंच सकेगी।

### दो बहनों की हत्या, खेलने के दौरान 2 दिन पहले गायब हुई थीं, शरीर पर चोट के निशान

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बुधवार की सुबह 2 दिन से लापता 2 बहनों की लाश मिली है। दोनों की बॉडी मकसूदपुर ईंट भट्ठे के पास मिली। पुलिस की माने तो लाशें सड़ने लगी थीं। आशंका जताई जा रही है कि 2 दिन पहले ही ये हत्याएं की गई हैं। बच्चियों के सिर, पेट और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान हैं। मृत बच्चियों की पहचान मौसम कुमारी (12) और रूचि कुमारी (7) के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार 2 दिन पहले दोनों चचेरी बहनें घर के बाहर खेल रही थीं। गांव में शादी थी, दोनों वहां बार-बार आना-जाना कर रही थीं। देर शाम तक वो घर नहीं लौटीं। जिसके बाद खोजबीन शुरू की गई। दोनों कहीं नहीं मिलीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। घटना मीनापुर के रामपुरहरी थाना क्षेत्र की है। मृत बच्ची मौसम की मां रितु देवी ने बताया कि, 'मेरी बेटी 5वीं में पढ़ती थी। गांव में किसी से हमारा विवाद नहीं है। बच्ची घर के दरवाजे पर खेल रही थी। गांव में शादी भी थी। मेरी बेटी वहां भी आ-जा रही थी। इसी दौरान उसे कोई उठा ले गया और मारकर ईंट भट्ठे के पास फेंक दिया। मेरी बेटी को बेरहमी से पीट-पीटकर मारा गया है। बच्ची के दांत तक तोड़े गए हैं। उसके शरीर चोट के निशान हैं। लापता होने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। हमें जान के बदला जान चाहिए। जिसने भी ये किया है उसे फांसी की सजा होनी चाहिए।' पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि डबल मर्डर में हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# 2 शार्प शूटर्स का एनकाउंटर, विदेशी साव-पप्पू राय को मारी गोली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार पुलिस एक्शन में है। पटना में देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें 2 शार्प शूटर विदेशी साव और पप्पू राय को पुलिस ने दौड़ाकर गोली मारी है। दोनों के पैर में गोली लगी है।

इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि एक बदमाश दीपक कुमार को अरेस्ट किया है। बीते दिनों पटना के गौरीचक थाना इलाके में हुए अंजनी सिंह हत्याकांड में तीनों अपराधी शामिल थे। तीनों ने शूटर के तौर पर काम किया था। पुलिस की माने तो तीनों किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बिहटा इलाके में पहुंचे थे। विदेशी साव और पप्पू राय पर हत्या के कई केस दर्ज हैं। पुलिस ने घटनास्थल से कई हथियार भी बरामद किए हैं। महिला रिपोर्टर ने 2 दिन पहले डॉक्टर बनकर ऑपरेशन कॉन्ट्रैक्ट किलर में शूटर से पति के मर्डर की पूरी डील की थी। इसके बाद पुलिस ने शूटर्स पर ये बड़ा एक्शन लिया है।



**पुलिस बोली- पहले अपराधियों ने टीम पर फायरिंग कीः** पुलिस ने बताया कि STF को जानकारी मिली थी कि बिहटा क्षेत्र में 3 अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने दोनों का लोकेशन ट्रैक करना शुरू किया। कुख्यात अपराधियों का लोकेशन बिहटा के आनंदपुर गांव के बांध के पास मिला। पुलिस ने दोनों बदमाशों को घेर लिया। पुलिस के मुताबिक खुद को घिरता देख दोनों अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की। दोनों अपराधियों को पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को सरेंडर करने को कहा। दोनों हाथ उठाकर आगे बढ़े। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी हुई। पुलिस दोनों को बिहटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। इसक बाद बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स रेफर किया गया है।

> एसटीएफ बोली- बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे

# ओसामा शहाब की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने सीवान कोर्ट के फैसले को पलटते हुए RJD विधायक ओसामा शहाब की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के फैसले से ठीक पहले पटना में उनके आवास पर गिरफ्तार करने सीवान पुलिस पहुंच चुकी थी। मामला सीवान के महादेवा में एक जमीनी विवाद से जुड़ा है, जिसमें एक डॉक्टर दंपति ने FIR दर्ज कराई थी। ओसामा शहाब सीवान के रघुनाथपुर विधानसभा से विधायक हैं और बाहुबली पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के पुत्र हैं।

**ओसामा को गिरफ्तार करने पटना पहुंची थी सीवान पुलिसः** दरअसल, ओसामा शहाब की गिरफ्तारी के लिए सीवान पुलिस बुधवार को पटना पहुंची थी। सीवान SP अजय कुमार सिंह ने पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित MLA फ्लैट में छापेमारी की। हालांकि, ओसामा अपने सरकारी आवास पर मौजूद नहीं हैं। आवास के अंदर RJD विधायक के दो-तीन करीबी मौजूद थे, जिनसे पूछताछ की गई। उनलोगों ने पुलिस को बताया कि मामले में कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। इसके बाद पुलिस ने स्टे से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। छापेमारी को लेकर भास्कर ने जब सीवान एसपी अजय सिंह से बातचीत करने की कोशिश की, तो उन्होंने मामले पर सीधे तौर पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।



> सीवान पुलिस गिरफ्तार करने पटना पहुंची थी, डॉक्टर दंपती को धमकी देने का आरोप

# निशांत आज पहली बार जनसुनवाई में होंगे शामिल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड की जन सुनवाई में आज बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार शामिल होंगे। वे पटना स्थित जेडीयू कार्यालय पहुंच गए हैं। जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत निशांत आज जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान भी निकालेंगे। यह पहला मौका है जब निशांत आम जनता के बीच बैठकर जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम में शामिल होंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम में निशांत कुमार के साथ मंत्री रत्नेश सादा और दामोदर रावत भी मौजूद रहेंगे।

**स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद बढ़ी सक्रियताः** स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी संभालने के बाद निशांत कुमार की राजनीतिक और प्रशासनिक सक्रियता लगातार बढ़ी है। इससे पहले निशांत अब तक सिर्फ कार्यकर्ताओं से मिलते रहे हैं। बिहार की यात्रा शुरू करने के बाद उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया था। अब वे बतौर स्वास्थ्य मंत्री विभाग के कामकाज देख रहे हैं, वहीं आज आम जनों के समस्याओं को सुनकर उसका समाधान निकालेंगे।

माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम के जरिए सरकार जनता से सीधा संवाद मजबूत करने की कोशिश कर रही है।



> पटना के जदयू कार्यालय पहुंचे, लोगों की समस्याएं सुनेंगे, मंत्री रत्नेश सादा और दामोदर रावत भी मौजूद

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 'सुविधा समागम' आयोजित, बीमाकृत कर्मचारियों की समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय स्थित पंचदीप भवन में बुधवार को 'सुविधा समागम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक निरंजन कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बीमाकृत व्यक्तियों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व लाभ, अपंगता लाभ, आश्रितजन लाभ, अंत्येष्टि व्यय तथा प्रसूति व्यय से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बीमाकृत कर्मचारियों और उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। विशेष रूप से चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों पर गंभीरता से विचार किया गया और कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए।



बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न शाखा कार्यालयों एवं औषधालय-सह-शाखा कार्यालयों से जुड़े लाभुक भी शामिल हुए। दूरदराज के बीमाकृत व्यक्तियों की शिकायतों और समस्याओं का भी ऑनलाइन माध्यम से त्वरित निष्पादन किया गया।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि आपातकालीन परिस्थितियों में निजी अस्पतालों में इलाज कराने पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना अथवा निर्धारित सरकारी दरों के अनुसार सीमित रूप से दी जाती है। इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को सलाह दी गई कि सामान्य परिस्थितियों में पहले कर्मचारी राज्य बीमा निगम मॉडल अस्पताल अथवा कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय में उपचार कराएं। वहां सुविधा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी अस्पतालों का सहारा लें।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम लगातार सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। बीमाकृत कर्मचारियों को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई व्यवस्थाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुजाता कुमारी, वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तनुजा कुमारी सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सदस्य सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा में आरपीएस गर्ल्स पब्लिक विद्यालय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में आर० पी० एस० गर्ल्स पब्लिक विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्राओं की सफलता से अभिभावकों और शिक्षकों में भी उत्साह है। विद्यालय की छात्रा अमिषा श्रीवास्तव ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रिशा रानी ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि आशी कुमारी ने 85 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा विद्यालय की 10 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सफल छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। छात्राओं ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल और अनुशासन मिलने से उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिली। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ० कुमार पुष्पांजय, प्रबंध निदेशक कुमार पृतंजय तथा प्रधानाचार्या मधु ठाकुर ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी छात्राएं इसी तरह बेहतर प्रदर्शन कर संस्थान और जिले का नाम रोशन करती रहेंगी।



AMISHA SRIVASTAVA 87 % (COMM.) | RISHA RANI 86 % (ARTS) | AASHI KUMARI 85 % (SCIENCE)

# आर-पी-एस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** आर-पी-एस पब्लिक स्कूल, पटना-मसौढ़ी मार्ग स्थित बड़ी पहाड़ी शाखा के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों की सफलता पर अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

विद्यालय के छात्र अमन कुमार सिन्हा ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं गगन दीप मिश्रा ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा वरुण कुमार ने भी बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक हासिल कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया।

विद्यालय प्रबंधन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष नियमित अध्ययन और समर्पण के साथ तैयारी की, जिसका परिणाम परीक्षा में देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परीक्षा परिणाम के बाद विद्यालय में मिठाइयां बांटी गईं और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। अभिभावकों ने भी विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के सहयोग की सराहना की।



गगन दीप मिश्रा 88% | अमन कुमार सिन्हा 87.2% | वरूण कुमार 86%

# क्लास में सोता रहा टीचर, मैदान में खेलते दिखे बच्चे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना के बाढ़ अनुमंडल के इब्राहिमपुर नयाटोला प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों की लापरवाही का मामला सामने आया है। स्कूल प्रभारी का क्लासरूम में सोते हुए और बच्चों का मैदान में क्रिकेट खेलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, स्कूल के अन्य शिक्षक इन दिनों जनगणना कार्य में लगे हुए हैं। वे सुबह ड्यूटी पर निकल जाते हैं, जिसके बाद स्कूल की जिम्मेदारी प्रभारी शिक्षक पर रहती है। आरोप है कि प्रभारी शिक्षक क्लास में ही सो जाते हैं और बच्चे क्लास छोड़कर मैदान में क्रिकेट खेलने चले जाते हैं।

**ग्रामीणों ने बनाया वीडियोः** ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजते हैं, लेकिन प्रभारी शिक्षक बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसको लेकर कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रभारी को सबक सिखाने के लिए सोते हुए उनका वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी प्रभारी शिक्षक का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे स्कूल परिसर में एक महिला को छड़ी से पीटते नजर आए थे। उस मामले में बीईओ अमित कुमार ने कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा था। बीईओ अमित कुमार ने कहा कि स्कूल प्रबंधन के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल समय में शिक्षक के सोते हुए वीडियो सामने आने के मामले को गंभीरता से लिया गया है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# डीजल बसों की जगह अब बिहार में इलेक्ट्रिक बसें

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार में परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्र सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना फेज-II के तहत अगले माह बिहार को 200 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इन बसों के परिचालन से राज्य की परिवहन व्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी, वहीं यात्रियों को भी आधुनिक और सुरक्षित सफर का अनुभव मिलेगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (BSRTC) की ओर से इस योजना को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। निगम द्वारा इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव के लिए ग्रीनसेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को लेटर ऑफ अवार्ड जारी कर दिया गया है। इस एजेंसी का चयन भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किया गया है।




परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि योजना के पहले चरण में जून माह के प्रथम सप्ताह तक 200 इलेक्ट्रिक बसें बिहार पहुंच जाएंगी। इसके बाद जून के अंतिम सप्ताह तक इन बसों का परिचालन शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया है। पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत बिहार में कुल 400 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन किया जाएगा।

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। ग्रीनसेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 9 मीटर श्रेणी की 200 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति की जाएगी। यही कंपनी बसों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी संभालेगी। पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत इन बसों का संचालन ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (GCC) मॉडल पर किया जाएगा। इस मॉडल में बसों के संचालन, रखरखाव और तकनीकी सेवाओं की जिम्मेदारी निजी एजेंसी की होगी, जबकि सरकार यात्रियों को बेहतर सेवा सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए जरूरी इलेक्ट्रिक और सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किया जाएगा। चार्जिंग स्टेशन, आधुनिक बस डिपो और अन्य तकनीकी सुविधाओं पर तेजी से काम चल रहा है ताकि बसों का परिचालन बिना किसी बाधा के किया जा सके।

इन अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई आधुनिक सुविधाएं दी जाएंगी। बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा जिससे बसों की लाइव लोकेशन की जानकारी मिल सकेगी। इसके अलावा सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन की व्यवस्था होगी।

> बिहार में शुरू होगा 400 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन, जुलाई महीने से पहले सड़कों पर उतरेंगी 200 ई-बसें

## संक्षिप्त समाचार

## झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन



**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने रांची के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कई दिनों से बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। माधव लाल सिंह, गोमिया विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। वे सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के लिए जाने जाते थे। वे गोमिया क्षेत्र के विकास, आम लोगों की समस्याओं और आम लोगों से सीधे जुड़ाव के कारण जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे।

## आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने मनाया श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव



**खूंटी।** श्री श्री रविशंकर के 70 वें जन्मोत्सव के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से बुधवार को राजस्थान भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भजन समृद्धि समूह की ओर से गणेश वंदना से की गई। इसके बाद संगीता राय ने गुरु अष्टकम की सुंदर प्रस्तुति दी। आयोजन में हरि नारायण, भोले की जय-जय, दुर्गे-दुर्गे एवं भोले कैलाश के वासी जैसे भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण बन गया। अनीता लाल ने कृष्ण भजन और रणेंद्र शाहदेव ने शिव भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान आशु शाहदेव की ओर से ध्यान सत्र कराया गया। वहीं छोटे बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। आयोजन में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जन्मोत्सव समारोह में लगभग सैकडों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार खूंटी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में युवा सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमिला भगत, मंजू सिंह, शीला भगत, अनीता लाल, जयश्री , मीनाक्षी सिन्हा, मोनिका धन, सुब्रतो धन, श्वेता भगत, रितिका लाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## चोरी मामले में युवक गिरफ्तार, 89 किलो गैर-लौह धातु बरामद



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील की सुरक्षा टीम ने कंपनी संपत्ति की चोरी रोकने के अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में चोरी की गैर-लौह धातु सामग्री बरामद की गई है। इस कार्रवाई को टाटा स्टील सिक्योरिटी की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का महत्वपूर्ण परिणाम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर रात करीब 2:14 बजे विशेष सूचना मिलने के बाद टाटा स्टील सिक्योरिटी की टीम ने आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान टीम ने पीछा कर बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट निवासी 20 वर्षीय किशन सरदार को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 89 किलो गैर-लौह धातु सामग्री बरामद की गई। इसमें लगभग 27 किलो तांबा शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 16,200 रुपये बताई गई है। इसके अलावा 62 किलो पीतल भी बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27,900 रुपये आंकी गई है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 44,100 रुपये बताई गई है। गिरफ्तार युवक का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बिष्टुपुर थाना के हवाले कर दिया गया।

## गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह के निधन पर सरयू राय और दुलाल भुईयां ने दी श्रद्धांजलि





**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड की राजनीति में अपनी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के लिए अलग पहचान रखने वाले गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह के निधन पर पूरे राज्य में शोक की लहर है। उनके निधन को जनसरोकारों की राजनीति के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अंत माना जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। बुधवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि माधव लाल सिंह जैसा व्यक्तित्व विरले ही देखने को मिलता है। सरयू राय ने कहा कि उन्होंने माधव लाल सिंह को बेहद करीब से देखा है और उनके जैसा निस्वार्थ तथा संघर्षशील जननेता दूसरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि माधव लाल सिंह ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की और किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया। यही कारण था कि गरीब, मजदूर और आदिवासी समाज उन्हें अपना नेता मानता था। उनका जीवन बेहद सादा था और वे हमेशा आम लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते रहे। पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने भी माधव लाल सिंह के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड ने एक ऐसे जननेता को खो दिया है जिसने पूरी जिंदगी गरीबों, वंचितों और आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। दुलाल भुईयां ने कहा कि माधव लाल सिंह का राजनीतिक जीवन नई पीढ़ी के नेताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

## तजना पुल की चालू कराने की मांग, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**खूंटी।** खूंटी-रांची एनएच 75 ई पथ पर स्थित तजना नदी पुल के एक हिस्से को पिछले एक वर्ष से बंद किए जाने के विरोध में पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जनहित में पुल को अविलंब चालू कराने की मांग की है। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में दिलीप मिश्रा ने कहा है कि तजना नदी पर स्थित पुराना पुल तकनीकी एवं सुरक्षा कारणों का हवाला देकर एक तरफ से बंद कर दिया गया है, जबकि देखने से पुल काफी मजबूत प्रतीत होता है और केवल रेलिंग की मरम्मत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद विभाग की ओर से न तो पुल की मरम्मत कराई गई और न ही किसी वैकल्पिक योजना पर ठोस पहल की गई, जो विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि विभाग को लगता है कि पुल आवागमन योग्य नहीं है, तो अब तक उसका डीपीआर तैयार कर नई निविदा प्रकाशित की जानी चाहिए थी। उन्होंने आशंका जताई कि वर्तमान में जिस नए पुल से आवागमन हो रहा है, उसमें किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर खूंटी-रांची मार्ग पूरी तरह बाधित हो सकता है। दिलीप मिश्रा ने उपायुक्त से मांग की है कि तजना नदी स्थित वन-वे पुल की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि पुल मरम्मत योग्य हो तो तत्काल मरम्मत कर आवागमन शुरू कराया जाए। वहीं, यदि पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त पाया जाता है तो नए सिरे से डीपीआर बनाकर निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि भविष्य में आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनी रहे। ज्ञापन की प्रतिलिपि पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के सचिव तथा एनएच -75ई चाईबासा के कार्यपालक अभियंता को भी भेजी गई है।

# झारखंड में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर 15 को ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों अच्छी बारिश हो रही है। 15 मई को राज्य के उत्तर -पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**सामान्य से ०५ डिग्री तापमान कम–** रांची और आसपास के इलाके सहित राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश की वजह से अधिकतम तापमान सामान्य से ०१ से ०5 डिग्री कम है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रामगढ़ में 44.6 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा राज्य के अन्य इलाकों में बारिश दर्ज की गई उनमें तिलैया डीवीसी में 39.2 मिमी, कोडरमा डीवीसी में 15.2 मिमी, मंझरी में 14.2 मिमी, हजारीबाग जिले के बरकट्ठा में ०8.6 मिलीमीटर, रामगढ़ में 07 मिलीमीटर बड़ी में ०5.2 मिलीमीटर और गुमला जिले के बिशनपुर में 04.5 मिलीमीटर सहित अन्य इलाके शामिल हैं। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 39 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के नामकुम में 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**रांची में हुई झमाझम बारिश–** बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। इससे प्रचंड गर्मी महसूस की गई। दोपहर बाद रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाए रहे और गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और सुहाना हो गया। बारिश होने से तापमान में भी तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39 और न्यूनतम 27.4 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## दुलाल भुईयां ने दिवंगत लक्ष्मण सिंह के परिजनों से की मुलाकात, दी सांत्वना



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

जिले के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत आमझोर गांव निवासी और पूर्व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह के निधन के बाद बुधवार को पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता दुलाल भुईयां उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान दुलाल भुईयां ने कहा कि लक्ष्मण सिंह क्षेत्र के जुझारू, ईमानदार और समाजहित में काम करने वाले नेता थे। उन्होंने बोड़ाम, पटमदा, नीमडीह और चांडिल क्षेत्र में सामाजिक एकता और जनसुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके निधन से पूरे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। परिजनों ने बताया कि रविवार देर शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। पैरालिसिस की शिकायत के बाद उन्हें इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के कालीमाटी ले जाया गया, जहां सोमवार सुबह हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया। वे करीब 63 वर्ष के थे। दिवंगत लक्ष्मण सिंह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्र हैं, जिनमें श्याम प्रसाद सिंह का नाम शामिल है। उनकी पत्नी सोना मणि सिंह है। पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने परिवार के सदस्यों से मिलकर कहा कि दुख की इस घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उनके साथ स्थानीय ग्रामीण और कई सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म नहीं बल्कि जश्नः प्रतुल

**एजेंसी। रांची**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 3000 करोड़ के बहुचर्चित टेंडर घोटाले के मुख्य आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद कांग्रेस नेता जश्न मना रहे हैं जो झारखंड की राजनीति के नैतिक पतन का सबसे बड़ा उदाहरण है। प्रतुल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और उनके सहयोगियों ने जिस प्रकार "बेल उत्सव" मनाया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म का नहीं बल्कि जश्न का विषय बन चुका है। प्रतुल ने कहा कि जिस व्यक्ति के निजी सचिव के सहायक के यहां से ईडी की छापेमारी में 32 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुआ, जिस मामले में उस सहायक जहांगीर आलम ने स्वयं स्वीकार किया कि पैसा आलमगीर आलम का है, उस मामले में बेल मिलने पर कांग्रेसियों का जश्न राज्य की जनता का अपमान है। बेल को कांग्रेस "बाइज्जत बरी" की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि देश की जनता जानती है कि बेल न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है, भ्रष्टाचार मुक्त होने का प्रमाणपत्र नहीं। प्रेस वार्ता में झारखंड प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## रांची अरगोड़ा चौक पर बस पर फायरिंग, एक आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची के अरगोड़ा चौक पर मंगलवार देर रात एक बस पर फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। फायरिंग के बाद अपराधियों ने मौके से फरार होने की कोशिश की, तभी पुलिस ने खदेड़ कर एक अपराधी को दबोच लिया। हालांकि दो अन्य अपराधी फरार होने में कामयाब रहे। बस चालक ने बताया कि बिना किसी कारण बाइक सवार तीन युवक बस के आगे पीछे लगातार घूम रहे थे। इसी बीच उनकी थोड़ी बहुत कहासुनी हो गई। इतने पर ही एक अपराधी ने पिस्टल निकाल लिया और फायरिंग कर दी। गनीमत रही की किसी को गोली नहीं लगी। वहीं, दूसरी तरफ अरगोड़ा चौक के आसपास मौजूद पीसीआर और गस्ती दल को जैसे ही फायरिंग की आवाज सुनाई दी, तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर तीनों अपराधी फरार होने लगे, लेकिन गस्ती टीम ने एक अपराधी को दौड़ाकर पकड़ लिया। गिरफ्तार अपराधी के पास से हथियार भी बरामद किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी पारस राणा भी मौके पर पहुंचे। रांची पुलिस हथियार के साथ गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ कर रही है। उसके साथ मौजूद अन्य दो अपराधियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी हासिल हुई है। जिसके आधार पर दोनों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। अरगोड़ा थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बुधवार को बताया कि मामले की जांच की जा ही है। जांच के बाद पूरे मामले में जानकारी दी जाएगी।

## भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष महावीर राम का निधन



**एजेंसी। खूंटी**

मुरहू प्रखंड के ग्राम कोड़ाकेल निवासी एवं मुरहू मंडल भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष महावीर राम का बुधवार को निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान भाजपा के महामंत्री विजय राम, मुरहू मंडा के मुखिया पति बबलू खान, मुरहू मंडल के उपाध्यक्ष भुनेश्वर मांझी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने महावीर राम के निधन को संगठन एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## पीएलएफआई का हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो गिरफ्तार, हथियार और पर्चा बरामद

**एजेंसी। खूंटी**

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो उर्फ राजेश यादव को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, उग्रवादी पर्चे और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में कर्रा थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एसपी ने बताया कि 12 मई को गुप्त सूचना मिली थी कि कर्रा थाना के प्राथमिकी अभियुक्त और पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य राजेश महतो किसी काम से खूंटी आने वाला है। सूचना के सत्यापन और गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने खूंटी-तिरला मार्ग स्थित निर्माणाधीन बस स्टैंड के समीप एक संदिग्ध युवक को घूमते देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन कुमार उर्फ राजेश महतो उर्फ राजेश यादव बताया। गिरफ्तार उग्रवादी की निशानदेही पर पुलिस ने ग्राम काटमकुकू स्थित एक नवनिर्मित मकान में मिट्टी के अंदर छिपाकर रखे गए हथियार और अन्य सामान बरामद किए। बरामद सामानों में एक देसी पिस्टल, 7.65 बोर के दो जिंदा कारतूस, पीएलएफआई के दो पर्चे, तीन मोबाइल फोन और एक छोटा बैग शामिल है। इस मामले में कर्रा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## कमरे में बंद विवाहिता को पुलिस ने कराया मुक्त

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



शहर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के गरमनाला स्थित बीएसएनएल ऑफिस के पास एक विवाहिता को कथित रूप से कमरे में बंद कर प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता रोशनी कुमारी वर्मा की मां प्रभा देवी ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को उसके ससुराल वालों ने कमरे में कैद कर बाहर से ताला लगा दिया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद समाजसेवी रानी गुप्ता और पुलिस के हस्तक्षेप से महिला को कमरे से बाहर निकाला गया। प्रभा देवी ने बताया कि उनकी बेटी ने कौटिल्य नामक युवक से प्रेम विवाह किया था। परिवार की नाराजगी के बावजूद दोनों की शादी हुई, लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही रोशनी को प्रताड़ित किया जाने लगा। उनका आरोप है कि पिछले दो वर्षों तक बेटी को मायके में रखा गया और जब वह दोबारा ससुराल पहुंची तो उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न शुरू हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके सास-ससुर उसे बहू मानने से इनकार कर रहे हैं, जबकि पति भी साथ रखने को लेकर टालमटोल कर रहा है। रोशनी ने बताया कि घटना वाली रात उसे कमरे में बंद कर दिया गया था। खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं की गई और शौच के लिए कमरे में केवल एक बाल्टी रख दी गई। जब उसकी मां मिलने पहुंचीं तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। परिवार को बेटी को साथ ले जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग करने की कोशिश की तो उसका फोन छीन लिया गया और तोड़ने का प्रयास किया गया। प्रभा देवी ने बताया कि उन्होंने पहले ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और इंजरी रिपोर्ट भी बनवाई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, जबकि पीड़िता और उसके परिजन सुरक्षा तथा न्याय की मांग कर रहे हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau-F2/04/2025-26(2nd Call, Gr No. 02)

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 02 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अनतर्गत कुटूमू पी0डब्लू0डी0 रोड से बनाही मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4437800.00 | 89000 | 5000 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **16.05.2026** (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **16.05.2026** ( **अपराह्न 5:00 PM से** दिनांक **23.05.2026** को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास **विशेष** प्रमण्डल, पलामू।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **25.05.2026** अपराह्न 3:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास **विशेष** प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।**

PR 379714 (Rural Development) 26-27 (D)



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e–Procurement Notice**
**(Short Notice**

**Tender Ref. No.-04/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2026-27 Date: 13.05.2026**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Naudiha Bazar, Palamu, Jharkhand | 2,64,96,900.00 | 11 Months |
| 2. | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Satbarwa, Palamu, Jharkhand | 2,96,89,500.00 | 11 Months |
| 3. | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Kanda Khas, Nawabazar, Palamu, Jharkhand | 2,97,32,100.00 | 11 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08-06-2026 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 22-06-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 24-06-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Daltonganj**

PR 379726 Building(26-27)#D

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम के खेटावास गांव में जीएमडीए ने ध्वस्त किया अवैध दो मंजिला निर्माण

**फरुखनगर, एजेंसी।** जीएमडीए के प्रवर्तन विंग ने सोमवार को फरुखनगर क्षेत्र के गांव खेटावास में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग



800 वर्ग गज में बने अवैध दो मंजिला निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह निर्माण पंजाब अनुसूचित सड़क एवं नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास प्रतिबंध अधिनियम, 1963 (हरियाणा में लागू) के प्रावधानों का उल्लंघन कर बनाया गया था। जानकारी के अनुसार उक्त भवन में अवैध रूप से एक स्कूल संचालित किया जा रहा था। भूमि की धोखाधड़ी से बिक्री और स्कूल के अनधिकृत संचालन को लेकर विभिन्न जन शिकायत मंचों पर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। यह मामला समाधान शिविरों में भी उठाया गया था। वहीं भूमि की पैमाइश से जुड़े मामले माननीय उच्च न्यायालय एवं स्थानीय न्यायालय में विचाराधीन बताए जा रहे हैं। जीएमडीए ने इससे पूर्व भी कार्रवाई करते हुए भवन की चारदीवारी को आंशिक रूप से ध्वस्त किया था तथा संबंधित पक्ष को कारण बताओ नोटिस और बहाली आदेश जारी किए गए थे। बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर प्राधिकरण ने राजस्व विभाग के सहयोग से दोबारा भूमि की पैमाइश करवाई और अवैध निर्माण को पूरी तरह जमींदोज कर दिया। तोड़फोड़ अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फरुखनगर पुलिस के करीब 50 पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया था। कार्रवाई में दो जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल किया गया। जीएमडीए के डीटीपी एवं गुरुग्राम में अतिक्रमण के नोडल अधिकारी आरएस बाठ ने कहा कि नियंत्रित क्षेत्रों में हो रहे अवैध निर्माणों और नियम उल्लंघनों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### गाजियाबाद की हवा फिर हुई खराब, देश में सबसे अधिक दर्ज हुआ प्रदूषण स्तर

**साहिबाबाद, एजेंसी।** जिले की हवा नौ दिन बाद फिर से खराब श्रेणी में पहुंच गई है। केंद्रीय



प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार मंगलवार को एक्यूआई 219 दर्ज किया गया, जो देश के 249 शहरों में सबसे अधिक है। जिले का एक्यूआई अंतिम बार तीन मई को खराब श्रेणी में रहा था। एक्यूआई 207 दर्ज किया गया था। चार मई को एक्यूआई मध्यम श्रेणी में पहुंच गया। इसके बाद से ही हवा मध्यम श्रेणी में बरकरार थी। केवल एक दिन संतोषजनक श्रेणी में रही। अब फिर से खराब हो गई है। सबसे अधिक एक्यूआई लोनी के वेद विहार का 300 दर्ज किया गया। इसके बाद लोनी का 277 दर्ज किया गया। इसके अलावा इंदिरापुरम, संजय नगर व वसुंधरा की हवा मध्यम श्रेणी में रही। वहीं, गोविंदपुरम का प्रदूषण मापक यंत्र बंद रहा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह का कहना है कि अधिक प्रदूषित इलाकों की टीम निगरानी कर लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

# नीट पेपर लीक में बड़ा एक्शन: केरल से सीकर पहुंचा 'गैस पेपर', राजस्थान में 15 आरोपियों को दबोचा

**जयपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 कीतीन मई को हुई परीक्षा रद्द की गई है। राजस्थान के सीकर और झुंझुनूं में परीक्षा से दो दिन पहले कई छात्रों को गैस पेपर मिला था।

दावा किया जा रहा है कि गैस पेपर के सवाल परीक्षा में आए पेपर के सवालों से मिलते हुए थे। इस मामले में राजस्थान एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आठ मई से जांच शुरू की है। एसओजी की दो टीमों ने सीकर और झुंझून में पहुंचकर जांच कर कई तथ्य जुटाने के साथ ही कुछ लोगों से पूछताछ भी की थी। इस मामले में अब तक 15 लोगों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार नीट परीक्षा के सात सौ अंकों में से छह सौ अंकों के सवाल सीकर एवं झुंझुनूं के छात्रों को परीक्षा से दो दिन

पहले मिले गैस पेपर से मिलते हुए थे। साथ ही 120 प्रश्न परीक्षा में हूबहू आए थे। सूत्रों के अनुसार गैस पेपर केरल में पढ़ने वाले चूरू जिले के एक एमबीबीएस छात्र ने सीकर में अपने मित्र को भेजा था। इसके बाद यह गैस पेपर सीकर में एक पीजी संचालक को मिला था।

उसने गैस पेपर अपने यहां रहने वाले छात्रों को दे दिया। साथ ही सीकर के करियर काउंसलर राकेश मंडावरिया ने कुछ अभ्यर्थियों को परीक्षा से




पहले सवाल बताए थे,जिनमें से अधिकांश सवाल परीक्षा में आए थे। उसने अभ्यर्थियों को 'गैस पेपर' दिया था। अब एसओजी जांच कर रही है कि करियर काउंसलर तक सवाल कैसे पहुंचे। एसओजी ने राकेश को तीन अन्य लोगों के साथ देहरादून से पकड़ा गया है।

सूत्रों के अनुसार मनीष यादव एवं अविनाश लांबा नामक दो युवको की इस मामले में भूमिका को लेकर जांच की जा रही है। दो दिन पहले एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल ने कहा था कि नीट परीक्षा-2026 का कथित 'गैस पेपर' कई दिनों से छात्रों के पास था।

गैस पेपर में 250 पेज की पीडीएफ है। इसमें से नीट में 410 में से 120 सवाल कैमेस्ट्री (रसायन विज्ञान) के परीक्षा में आने की बात सामने आई है। इस लिंक में कोई व्यक्ति देहरादून में था,जिससे भी पूछताछ की जा रही है। जांच अभी शुरूआत स्तर पर है।

## दिल्ली को मिला पहला एंटी नारकोटिक्स थाना, दरियागंज में होगा स्थापित; एलजी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीटी करनाल रोड स्थित समारोह में उपराज्यपाल ने क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े गए ड्रग्स तस्करों के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए एक अलग से एंटी नारकोटिक्स थाना बनाने की मंजूरी देने की घोषणा की है। यह थाना दरियागंज में बनाया जाएगा। थाना कब बनना शुरू होगा और कब तक बनकर तैयार होगा इसके समय सीमा का निर्धारण अभी नहीं किया गया है। अब तक क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े गए ड्रग्स तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए क्राइम ब्रांच के पुष्प विहार स्थित थाने में जाना होता था, लेकिन आने वाले समय में एंटी नारकोटिक्स का अलग थाना बन जाने पर वहां एफआइआर दर्ज कराई जा सकेगी। ड्रग्स तस्करों के खिलाफ मजबूत तरीके से कार्रवाई तेज करने के उद्देश्य से पिछले साल क्राइम ब्रांच में एंट्री नारकोटिक्स सेल के लिए अलग से संयुक्त आयुक्त और डीसीपी की तैनाती की गई। अब दिल्ली में एंटी नारकोटिक्स का पहला अलग थाना बनाने के लिए भी मंजूरी दे दी गई है। दिल्ली में देश के सभी राज्यों की तुलना में हर साल सबसे अधिक ड्रग्स बरामद की जाती है लेकिन अब तक इसका कोई अलग से थाना नहीं था। आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना आदि कई राज्यों में नारकोटिक्स के कई-कई थाने खुले हुए हैं।

## चंडीगढ़ के लिए बड़ी राहत, 7 साल से लटका ट्रिब्यून चौक प्रोजेक्ट मंजूर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** ट्रिब्यून चौक पर बनने वाले फ्लाईओवर और अंडरपास प्रोजेक्ट को लेकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने महत्वपूर्ण मंजूरी दे दी है। मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा यूटी इंजीनियरिंग विभाग को भेजे गए पत्र में एल-



1 बोलीदाता से अतिरिक्त परफिर्मेंस सिक्योरिटी जमा कराने की अनुमति प्रदान की गई है।

मालूम होगी पिछले महीने प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। जिस कंपनी ने सबसे कम बोली दी थी उसे अब टेंडर अलाट कर दिया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, परियोजना के लिए एल-1 कंपनी ने निर्धारित लागत से 31.06 प्रतिशत कम दर पर बोली लगाई है।

इसी कारण नियमों के तहत कंपनी से 4 करोड़ 73 लाख 53 हजार 652 रुपये की अतिरिक्त परफार्मेंस सिक्योरिटी मांगी जाएगी। यह राशि आरएफपी के तहत लागू सामान्य परफॉर्मेंस सिक्योरिटी के अतिरिक्त होगी।

यह परियोजना एनएच-05 पर एनएच (ओ) योजना के तहत ईपीसी मोड पर बनाई जानी है। इसमें ट्रिब्यून चौक पर फ्लाईओवर, रोटरी और अंडरपास का निर्माण किया जाएगा, जिससे शहर में ट्रैफिक दबाव कम होने और आवागमन सुगम होने की उम्मीद है।

मंत्रालय ने परियोजना की स्वीकृति की वैधता को 31 मई 2026 तक बढ़ा दिया है और यूटी इंजीनियरिंग विभाग को प्राथमिकता के आधार पर एलओए (लेटर इफ अवार्ड) जारी करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में मंत्रालय की ओर से जारी पत्र की प्रति यूटी चंडीगढ़ के सीपी डिवीजन नंबर-1 के कार्यकारी अभियंता को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। मालूम हो कि पिछले 7 साल से इस प्रोजेक्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## हावड़ा में टीएमसी नेता के मकान के अंदर मिला गुप्त ठिकाना, पुलिस अधिकारी रह गए हैरान

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता से सटे हावड़ा शहर के शिवपुर इलाके में चुनाव बाद हिंसा के आरोपित स्थानीय टीएमसी नेता शमीम अहमद उर्फ बोर के घर मंगलवार को पुलिस की छापेमारी में चौंकाने वाला राजफाश हुआ। घर की तलाशी के दौरान पुलिस अधिकारी उस वक्त हैरान रह गए जब टीएमसी नेता के चार मंजिला मकान के अंदर बना एक बड़ा सा आलीशान गुप्त ठिकाना मिला, वह काफी लग्जरी तरीके से बनाया गया है। इसके भीतर कई अत्याधुनिक कमरे मिले। बताया गया कि मकान की दूसरी और तीसरी



मंजिल के बीच गुप्त सीढ़ियों के जरिए इसमें आने-जाने की व्यवस्था की गई थी, जिसे बाहर से देखकर समझ पाना संभव नहीं था। पड़ोसियों को इसकी भनक नहीं थी।

इसका राजफाश उस वक्त हुआ जब हाल में चुनाव बाद शिवपुर इलाके में हुई हिंसा और एक भाजपा कार्यकर्ता के घर बमबाजी के मामले में हावड़ा सिटी व शिवपुर थाने की पुलिस शिवपुर के चउड़ा बस्ती इलाके में शमीम को गिरफ्तार करने पहुंची थी। शमीम और उसकी पूर्व पार्षद पत्नी शमीमा खातून घर पर नहीं मिले। फिलहाल शिवपुर थाना पुलिस ने उसके मकान को सील कर दिया है और फरार शमीम की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है। रामनवमी हिंसा मामले में भी है आरोपित शमीम पर कुछ साल पहले रामनवमी शोभायात्रा पर हमले के बाद हुई हिंसा में शामिल होने और पुलिस स्टेशन पर हमले जैसे गंभीर मामले भी दर्ज हैं। करीब तीन वर्ष पहले शिवपुर में रामनवमी शोभायात्रा पर हमले के आरोप में एनआइए ने भी शमीम को गिरफ्तार किया था। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद कुछ महीने पहले ही उसे जमानत मिली थी। स्थानीय लोगों के बीच शमीम को अल्पसंख्यक बहुल शिवपुर इलाके का डॉन कहा जाता है। आरोप है कि वह लंबे समय से मध्य हावड़ा विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में प्रभावशाली नेता के रूप में सक्रिय था और उसकी नजदीकियां पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक अरूप राय से थीं। तृणमूल विधायक अरूप राय ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के लोगों से उनका संपर्क होना स्वाभाविक है। यदि किसी ने अपराध किया है तो पुलिस कानून के अनुसार कार्रवाई करेगी।

## फरीदाबाद वालों के लिए खुशखबरी, गंगाजल के लिए पाइपलाइन का रूट तैयार; ये है हरियाणा सरकार का मास्टरप्लान

**फरीदाबाद, एजेंसी।** औद्योगिक नगरी से गंगाजल केवल 35 किलोमीटर दूर है। जिले को गंगाजल हापुड़ जिले के डेहरा गांव के पास से गुजर रही अपर गंगा कैनाल से मिलेगा। वहां से पाइप लाइन यमुना नदी को पार करते हुए जिले के अमीपुर गांव तक बिछाई जाएगी। यहीं पर इस पानी को साफ करने का प्लांट भी लगाया जाएगा। इसके बाद यह पानी शहर में भेजा जाएगा।



सिंचाई विभाग ने इसका पूरा रूट तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दिया है। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द जलशक्ति मंत्री और उत्तर प्रदेश के मंत्री से मुलाकात करेंगे।

पता चला है कि इसी सप्ताह में दिल्ली में यह मुलाकात हो सकती है। इसके बाद योजना को सिरे चढ़ाया जाएगा। याद रहे गंगाजल को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी काफी गंभीर हैं। इसलिए अधिकारियों को जल्द योजना का खाका तैयार करने के आदेश दिए गए थे।

दिनभर में अधिक गंगाजल आ सके, इसलिए 3500 एमएम मोटाई वाली पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसमें एक दिन में 500 एमएलडी पानी शहर में आ सकेगा। इतना पानी आने वाले 25 साल के लिए काफी होगा। इस लाइन को डालने में कहीं कोई अड़चन भी नहीं होगी, क्योंकि जहां से लाइन आएगी, वह पूरी जमीन उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की है।

इसके बाद यमुना नदी और फिर अमीपुर गांव, यहां हरियाणा सिंचाई विभाग की जमीन है। बाकी प्लांट लगाने के लिए जमीन भी आसानी से मिल जाएगी। शहर तक लाइनें पहले से ही बिछी हुई हैं और योजना स्वीकृत होने के बाद नए सिरे से लाइन बिछा दी जाएंगी।

शहर की आबादी 30 लाख से अधिक है। शहर में पेयजल आपूर्ति की मांग 450 एमएलडी और आपूर्ति 330 एमएलडी हो रही है। यमुना नदी किनारे 22 रेनीवेल लगे हुए हैं। 12 और लगाने शुरू कर दिए हैं। फिलहाल शहर में पेजयल किल्लत है। मांग व आपूर्ति में अधिक अंतर होने की वजह से शहर की काफी आबादी टैंकरों के पानी पर निर्भर है। नगर निगम द्वारा टैंकर मुहैया नहीं कराए जाते। लोगों को अपने स्तर पर इंतजाम करना होता है। सबसे अधिक दिक्कत अरावली पहाड़ी के आसपास व एनआइटी क्षेत्र में है। पेयजल मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधि भी आमने-सामने हो जाते हैं। पेयजल सप्लाई को लेकर भेदभाव के आरोप लगते हैं। मानसून में ही यमुना नदी में पानी होता है, बाकी महीनों में यह नाले के रूप में बहती है। इसलिए नदी किनारे लगे हुए रेनीवेल का भूजल लगातार खिसक रहा है। इसलिए चिंता बढ़ गई है। अब एफएमडीए और रेनीवेल लगा तो रहा है लेकिन अगले 20 से 30 साल के लिए अभी से पूरा इंतजाम करना जरूरी हो गया है। यमुना नदी किनारे लगे हुए रेनीवेल का भूजल स्तर हर साल खिसक रहा है। इसलिए आने वाले कुछ साल में और दिक्कत हो सकती है। इसलिए गंगा जल लाने की योजना पर काम किया जा रहा है। यह योजना स्वीकृत हो जाती है तो कई दशक तक पानी की दिक्कत नहीं होगी। हमारी ओर से पूरी तैयारी है। योजना का पूरा खाका तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यालय भिजवा दिया है। स्वीकृति मिलते ही आगे की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

# नोएडा श्रमिक हिंसा के दौरान तीन सेकेंड में जलाए वाहन, प्रशिक्षित थे उपद्रवी

**नोएडा, एजेंसी।** वेतन वृद्धि को लेकर 13 अप्रैल को हुई श्रमिक हिंसा की करीब महीनेभर से चल जांच में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं।



हिंसा के दौरान करीब तीन से पांच सेकेंड में वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। उनको पता था कि बाइक का पाइप खोलकर कैसे आग लगाई जा सकती है या उपलब्ध ज्वलनशील पदार्थ को कहां पर डालना है। एकाएक वाहनों में आग भड़क उठे, जबकि आमजन को किसी भी वाहन में आग लगाने में औसतन दो से पांच मिनट का समय लगता है। नोएडा फेज दो, सेक्टर 63 आदि जगहों पर हिंसा के दौरान के वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों से पुष्टि हुई। उपद्रवियों ने कैमिकल फैक्ट्रियों तक पहुंच नहीं पाने पर आटोमोबाइल व हाजरी की फैक्ट्रियों को भी निशाना बनाया। इससे उत्पादन चेन का प्रभावित करना था। जांच उपद्रवियों के प्रशिक्षित होने और षडयंत्र के तहत हिंसा भड़काने की ओर इशारा कर रही हैं। एसआइटी की ओर से फंडिंग और साजिश की जांच जारी है। नोएडा में दो पहिया वाहन से लेकर हेलीकाप्टर के कलपुर्जों तक का निर्माण हो रहा है। यहां की कानून व्यवस्था से लेकर आधारभूत सुविधाओं के बल पर नोएडा गुणवत्ता और उत्पादन के मामले में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। देश-विदेश के उत्पादों को भी टक्कर दे रहा है। ड्रोन से लेकर मोबाइल, आटोमोबाइल और हाजरी की इकाइयों के लगातार स्थापित होने से चाइनीज और पाकिस्तानी देशों जैसे दुश्मनों की आंख में चुभ भी रहा है। 13 अप्रैल को हुई हिंसा के दौरान श्रमिकों के बीच घुसे उपद्रवियों की करतूत यहां की उत्पादन सप्लाई चेन को प्रभावित करने की आशंका की ओर इशारा कर रही हैं। जिस तरह से तीन सेकेंड में बाइकों में आग लगना सामने आया है। इससे इस बात की पुष्टी हुई कि आगजनी करने वाले एकदम प्रशिक्षित थे। उनको सुनियोजित साजिश के तहत बुलाया गया था। पुलिस का प्रयास है कि साक्ष्य जुटाकर हिंसा भड़काने में शामिल गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

## पूर्वी दिल्ली में जहरीले पानी की सप्लाई, मटमैले पानी से फैल रहा संक्रमण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुनापार के पांडव नगर और हर्ष विहार क्षेत्र में गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से घरों में आने वाला पानी पीने योग्य नहीं है। पानी का रंग मटमैला होने के साथ उसमें बदबू भी आ रही है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को हो रही है। स्थानीय निवासी अजय ने बताया कि पांडव नगर में दूषित पानी आने के कारण कई घरों में पेट दर्द, उल्टी और बुखार जैसी समस्याएं सामने आने लगी हैं। लोगों को मजबूरी में बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। कई इलाकों में लोग पानी को उबालकर इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। गंदे पानी की शिकायत कई जल बोर्ड अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। आरोप है कि पुरानी और जर्जर पाइपलाइन के कारण सीवर का पानी पेयजल लाइन में मिल रहा है, जिससे यह स्थिति पैदा हो रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द पाइपलाइन की जांच कर खराब लाइनों को बदला जाए।

## बंगाल में असम मॉडल अपनाएगी भाजपा, सीएम सुवेंदु बोले- अवैध घुसपैठियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को अवैध घुसपैठ के खिलाफ असम की तर्ज पर सख्त कार्रवाई करने का संकेत दिया। उन्होंने सीमा पर कड़ी निगरानी, बांग्लादेश सीमा पर तेजी से बाड़ लगाने और पीएम नरेंद्र मोदी के पूर्वोदय अभियान के तहत भाजपा-शासित पूर्वी राज्यों के बीच बेहतर तालमेल का वादा किया।

असम में सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के दूसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान यह बातें उन्होंने कही। इसके साथ ही सीएम सुवेंदु ने असम और त्रिपुरा को बंगाल की सुरक्षा और राजनीतिक रणनीति के लिए एक मिसाल के तौर पर पेश किया। उन्होंने आगे कहा, देश के हित में असम और त्रिपुरा में जिस तरह का काम किया गया है, अब भाजपा बंगाल में भी वैसा ही काम करेगी। इस तरह उन्होंने असम की सीमा सुरक्षा रणनीति को बंगाल के लिए भाजपा के रोडमैप से जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा, असम की तरह ही, हम भी अवैध घुसपैठियों से निपटने और बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे।



पिछली टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए अधिकारी ने आरोप लगाया कि उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति के जरिए सीमा सुरक्षा को कमजोर किया और बांग्लादेश सीमा के उन हिस्सों पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जरूरी जमीन सौंपने में नाकाम रही, जहां अभी तक बाड़ नहीं लगी है। इससे कुछ घंटे पहले कोलकाता में अधिकारी ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक के बाद उन्होंने कहा कि बाड़ लगाने के लिए जरूरी जमीन 45 दिनों के भीतर केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी।

गुवाहाटी में अधिकारी ने आर्थिक विकास और सुरक्षा तालमेल पर आधारित भाजपा के नेतृत्व वाले एक व्यापक पूर्वी गठबंधन का प्रस्ताव भी रखा। अधिकारी ने सरमा की विशेष तारीफ करते हुए उन्हें दादा, मार्गदर्शक, संकटमोचक और एक भरोसेमंद राजनीतिक सहयोगी बताया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# भारत के लिए नई सुरक्षा चुनौती

चीन-पाक गठबंधन चीन की चालबाजी से यह साफ है कि भारत को भविष्य में संघर्ष की स्थिति में और अधिक सतर्क रहना होगा। साथ ही भारत को चीन के नापाक इरादों को कूटनीति के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से उठाना चाहिए। आखिरकार चीन ने दुनिया के सामने यह सच कबूल लिया है कि पिछले वर्ष भारत के 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान उसने पाकिस्तान की सहायता की थी। यह पहली बार है, जब चीन ने इस संघर्ष में अपनी प्रत्यक्ष भूमिका स्वीकार की है। हालांकि भारत ने संघर्ष विराम के बाद विश्वास के साथ यह दावा किया था और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस तरह के खुलासे हुए थे, लेकिन चीन ने अब तक इन्हें खारिज कर दिया था।दरअसल, चीन वैश्विक जगत को यह दिखाने की कोशिश कर रहा था कि भारत-पाक संघर्ष के दौरान उसकी भूमिका एक तटस्थ देश की रही है। मगर, चीन और पाकिस्तान की नजदीकियां किसी से छिपी नहीं हैं। अब चीन की इस स्वीकारोक्ति से यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में भारत को सुरक्षा के मोर्चे पर एक साथ कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है और इसी लिहाज से अपनी रक्षा नीतियां, कूटनीति और रणनीति तैयार करनी होंगी।पिछले कुछ समय से ऊपरी तौर पर चीन का रुख भले ही भारत को लेकर आक्रामक न रहा हो, लेकिन वैश्विक स्तर पर उसकी छवि एक ऐसे देश की है, जिस पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। इसके जवाब में भारत ने 'आपरेशन सिंदूर' चलाकर सीमा पार आतंकियों के कई ठिकानों पर हमला किया था। इस कार्रवाई में सौ से ज्यादा आतंकियों के मारे जाने की खबर आई थी।भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने पिछले साल जुलाई में यह दावा किया था कि चीन ने इस संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी मदद प्रदान की थी। भारत की सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए उसने अपने उपग्रहों का भी इस्तेमाल किया था। तब चीन ने इस दावे को खारिज कर दिया था।मगर बीते गुरुवार को चीन के विमानन उद्योग निगम के चेंगदू वायुयान डिजाइन एवं अनुसंधान संस्थान के एक वरिष्ठ इंजीनियर ने मीडिया से एक साक्षात्कार में माना कि आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को प्रौद्योगिकी मदद प्रदान की गई थी।दरअसल, पाकिस्तान की वायुसेना के पास चीन निर्मित जे-10सीई लड़ाकू विमानों का बेड़ा है, जिनका उत्पादन चीन के विमानन उद्योग निगम की एक सहायक कंपनी द्वारा किया जाता है। खबरों के मुताबिक, चीन ने भारत-पाक संघर्ष को अपने लड़ाकू विमानों की क्षमता को परखने की एक प्रयोगशाला की तरह लिया और पाकिस्तान को तकनीकी मदद मुहैया कराई।साफ है कि चीन और पाकिस्तान का रक्षा सहयोग अब केवल हथियारों की आपूर्ति तक सीमित नहीं रह गया है। पाकिस्तान के जरिए चीन अपने आधुनिक हथियारों और निगरानी प्रणालियों का वास्तविक युद्ध स्थितियों में परीक्षण कर रहा है।चीन की यह स्वीकारोक्ति ऐसे समय में सामने आई है, जब वह पाकिस्तान को अपना जे-35 बमवर्षक विमान बेचने की योजना बना रहा है। ऐसे में चीन के इस कबूलनामे को अपने लड़ाकू विमानों को पूरी तरह सक्षम दिखाने और उन्हें सैन्य हथियारों के बाजार में ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है।बहरहाल, चीन की चालबाजी से यह साफ है कि भारत को भविष्य में संघर्ष की स्थिति में और अधिक सतर्क रहना होगा। साथ ही भारत को चीन के नापाक इरादों को कूटनीति के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से उठाना चाहिए।

# होर्मुज की तपिश में सरकार की छांव

**» स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से देश की सरकार को हो रहा प्रतिदिन 1000 करोड़ का नुकसान।**
**» मोदी सरकार की दूरदर्शिता से सभी घरों में जलते रहे चूल्हे, चलते रहे वाहन।**
**» हालात बताते हैं कि बढ़ सकता है ऊर्जा संकट।**
**» जनता की समझदारी व सहयोग ही देगा सरकार को इस मुसीबत से लड़ने की ताकत।**



घर-परिवार हो या कोई देश आकस्मिक आपदा किसी पर भी कभी भी आ सकती है। विगत दिनों में ईरान और अमेरिका के युद्ध के चलते होर्मुज बंद हो गया, जिसके कारण जहाजों की आवाजाही बंद हो गई। युद्ध के शुरूआती दौर में तो यह लगा था कि तेल और गैस की किल्लत से सभी जगह त्राहि-त्राहि मच जायेगी लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। सभी घरों में चूल्हे जलते रहे, वाहन चलते रहे, बच्चों की पढाई सुव्यवस्था के साथ चलती रही। यह सब कुछ तभी संभव हो सका क्योंकि हमारा मुखिया, हमारा संरक्षक जिम्मेदार और दूरदर्शी है। हमारी सरकार ने कुशल नेतृत्व के साथ इस मुसीबत की घड़ी में अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बढ़ती कीमतों के बोझ को अपने तक ही सीमित रखा, जनता को उस तकलीफ से रूबरू ही नहीं होने दिया। जबकि वास्तविकता तो यह है कि हमारी तेल कंपनियों को प्रतिदिन रू. 1000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है, अर्थात थोड़े में कहें तो हमारी सरकार को इस युद्ध के कारण रू. 68,000 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा इस युद्ध का बोझ हमारे तेल भंडारों पर भी पड़ रहा है, उनका स्तर निरंतर नीचे गिर रहा है और जिसको बनाये रखने में निवेश की आवश्यकता पड़ रही है। इस सब का असर सरकार के सेंट्रल एक्साइज पर भी पड़ रहा है। यानी तीन अलग-अलग दिशाओं में भारत को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भारी नुकसान के चलते निरंतर गिरती अर्थव्यवस्था को समय रहते सुधारना ही होगा और इसके लिए सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है कि वो अपनी भागीदारी समझे। ऐसे कठिन समय में जब आर्थिक मार हर घर, हर व्यक्ति तक पहुँच गई हो, गाड़ियां खड़े होने के कगार पर हों, किसी भी सरकार के लिए बहुत आसान रास्ता था इस आर्थिक बोझ को जनता के ऊपर डालकर अलग हो जाना। लेकिन हमारी संवेदनशील सरकार ने अपनी सूझ बूझ से न केवल जनता को राहत दी बल्कि अपनी नीतिगत कुशलता से जनता को ऐसा छत्र दिया जिससे जनता का सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होने से बच गया।

युद्ध न रुकने से जहाँ वैश्विक ऊर्जा संकट निरंतर बढ़ता ही जा रहा है वहीं होर्मुज का रास्ता साफ होने के भी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भविष्य में युद्ध विराम हो भी गया तो स्थिति को संभलने में कम से कम चार महीने लग जाएंगे, जिसके चलते अधिक समय तक तेल और गैस के दाम उच्च स्तर पर बने रह सकते हैं। परन्तु युद्ध के इस ग्यारहवें सप्ताह में सरकार द्वारा अपनाएं वर्तमान मॉडल को यदि और आगे खींचा गया तो इसके प्रतिकूल प्रभाव हमारी अर्थयवस्था पर पडने लगेंगे।

इन परिस्थितियों में हमारे सामने तीन चुनौतियां हैं- पहली चुनौती तेल भंडार से जुड़ी है। भारत का तेल भंडार आज 5.33 मिलियन टन पर है, जो लगभग दो सप्ताह की आवश्यकता पूरी कर सकता है। आईईए मानक नब्बे दिनों का है। चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में 6.5 मिलियन टन का दूसरा चरण निर्माणाधीन है, और इसे त्वरित समय-सीमा पर पूरा करना होगा। साथ ही, जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30-दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है। इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है। दूसरी चुनौती रिफाइनिंग और घरेलू उत्पादन की है। हमें अपनी रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाना होगा। इसके लिए पहले ही कदम उठाये जा चुके हैं। नुमालीगढ़, जहाँ रु. 34,000 करोड़ की लागत से 3 से 9 एमएमटीपीए तक का विस्तार हो रहा है, उसे समय से पहले परिचालन में लाना होगा। बाड़मेर का संयंत्र अब परिचालन में है। पश्चिमी तट के एकीकृत संयंत्र विभिन्न चरणों में हैं। साथ ही घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन, जो आज मांग का मात्र 12 प्रतिशत पूरा करता है, उसको बढ़ाना होगा।

तीसरी चुनौती इथनॉल ब्लेंडिंग की है, आज बीस प्रतिशत ब्लेंडिंग करके देश 1.5 लाख करोड़ से अधिक की विदेशी मुद्रा बना पा रहा है। इस कठिन समय में वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एल पीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रतिदिन कम किया जा रहा है। आर्थिक नीतियों के जानकारों का कहना है कि यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजी, मिट्टी का तेल, ईंधन तेल और बायो गैस की वैकल्पिक संरचना संकट आने से पहले ही तैयार कर ली गई थी। जो विशेषज्ञ इस दिशा में लगातार शोध कार्य कर रहे हैं उनका मानना है कि आज की तुलना में आने वाला समय और भी कठिन होगा, तब हमें इस संकट के समय जो हमने व्यय किया उससे उबरना भी होगा और ऐसी योजनाएं जो भविष्य में हमें मजबूती दे सकें उन योजनाओं में निवेश भी करना होगा। विश्व के इस संकट के समय में जब लगभग सभी देशों में पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी गयीं, श्रीलंका, पाकिस्तान में चार दिवसीय कार्य सप्ताह कर दिया गया, फिलीपींस में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लगा दिया गया, भारत में जनजीवन सामान्य बना रहा। न तो भारत में कोई ईंधन राशनिंग हुई न वर्क फ्राम होम हुआ, न ही स्कूल बंद हुए, न ईंधन संकट हुआ और सबसे महत्वपूर्ण बात पेट्रोल के दाम भी नहीं बढ़े। इसे कर दिखाना इतना आसान तो नहीं था पर हमारे प्रधान मंत्री के कुशल नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने शिव की भाँति युद्ध से उपजे समस्त गरल को स्वयं ही पी लिया। हमारे नागरिकों को भी यह समझना होगा कि यह सुखद स्थिति हर समय नहीं बनी रहेगी, बदलते समय और परिस्थितियों के साथ हमें अपनी कार्य प्रणाली को भी तेजी से बदलना होगा। जनता का सहयोग और समझदारी ही वह कुंजी है जो हमें आने वाली मुसीबतों से लड़ने की, जूझने की और जीतने की ताकत देगी। हमें अपनी सरकार के प्रति कृतज्ञ बने रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी सच्चे और मजबूत इरादों के साथ ही करना होगा। धूप से बचने के लिए जिस तरह पेड़-पौधों का होना जरूरी है, उसी तरह इस ऊर्जा संकट की तपिश से बचने के लिए हमें भी अपना योगदान देना होगा।

# वैश्विक संकट के बीच सबसे बड़े कूटनीतिक मिशन पर निकल रहे हैं मोदी

**(नीरज कुमार दुबे)**

भारत अपने पारंपरिक मित्र देशों के साथ केवल व्यापारिक संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को भी विस्तार देना चाहता है। वैश्विक चुनौतियों, बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितताओं और तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बड़े कूटनीतिक मिशन पर निकल रहे हैं। 15 मई से 20 मई तक प्रस्तावित उनकी बहुराष्ट्रीय विदेश यात्रा के दौरान वह संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा करेंगे। यह यात्रा भारत की वैश्विक रणनीति, आर्थिक हितों और सामरिक साझेदारियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस दौरान ऊर्जा सहयोग, व्यापार, हरित प्रौद्योगिकी, रक्षा, निवेश, नवाचार और वैश्विक सुरक्षा जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिससे भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका और अधिक मजबूत होने की संभावना है। इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि भारत अपने पारंपरिक मित्र देशों के साथ केवल व्यापारिक संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को भी विस्तार देना चाहता है। हाल के वर्षों में भारत ने विश्व मंच पर एक भरोसेमंद और संतुलित शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यही कारण है कि यूरोप और पश्चिम एशिया के देश भारत को भविष्य के आर्थिक और सामरिक साझेदार के रूप में देख रहे हैं। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात से करेंगे, जहां वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग, निवेश, डिजिटल भुगतान, रक्षा और भारतीय समुदाय के कल्याण जैसे विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हुई है। संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है तथा बीते पच्चीस वर्षों में भारत में निवेश करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते ने व्यापार को नई गति दी है। ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भी संयुक्त अरब अमीरात भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी है। इसके अलावा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा दोनों देशों की सामरिक निकटता को और अधिक मजबूत बना रहा है। वहां रह रहे लाखों भारतीय दोनों देशों के सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों की मजबूत कड़ी हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6091

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6090

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 6091

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | | ■ | 8 | |
| ■ | 9 | | 10 | | | | ■ |
| 11 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 12 | 13 |
| | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | |
| | ■ | 17 | | | ■ | ■ | |
| 18 | | | ■ | 19 | 20 | ■ | |
| | ■ | 21 | | ■ | 22 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 21 सितंबर 1964 माल्टा ने इस देश से स्वतंत्रता हासिल की (3)
4. ये भारत के उपराष्ट्रपति थे (कार्यकाल 1997-2002)(4)
7. जल से उतपन्न वस्तु (3)
8. सोपान, सीढ़ी, जीवित रहना (2)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
12. वह का रूप जो विभक्ति लगाने पर यह रूपधारण करता है (2)
14. कारण कार्य भाव, अन्योअन्य भाव, आकांक्षा, चाह (3)
16. बराबर, तुल्य (2)
17. अध्यापक, टीचर, प्रवीण व्यक्ति (3)
18. मनुज, इंसान, मनु संतति (3)
19. किस समय, किस वक्त (2)
21. यह थाईलेंड का एक पूर्व नाम है (2)
22. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष, याम घोष (3)

**ऊपर से नीचे**
1. पुल, सेतु (अंग्रेजी) (2)
2. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
3. इराक का एक प्रमुख शहर है जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार होने की वजह से ये इस्लाम तथा शिया इस्लाम का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है (3)
4. किसान, खेतिहर (3)
5. मवेशीशाला, पौनघर, बाड़ा (5)
6. अनमित, वृक्ष का एक भाग, विनत (2)
10. यह हंगरी देश के मध्य उत्तरी भाग में डैन्यूब नदी के दोनों किनारों पर स्थित है (4)
11. यह नेपाल के पूर्वाचल विकास क्षेत्र का एक प्रांत है (5)
13. बोध प्राप्त, तथागत, सुधी (5)
14. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
15. चिड़ियों को फंसाने का जाल, पक्षीपाश (3)
20. धब्बा, बतौर निर्माता यश चोपड़ा की पहली फिल्म जिसेमें राजेश खन्ना, राखी व शर्मिला थी (3)

### वर्ग पहेली 6090 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | त | ना | म | ■ | गि | नी |
| दु | म | दा | र | ■ | ■ | री | ति |
| र | ज | ■ | द | ■ | खु | श | ■ |
| ■ | ■ | रि | पु | ता | ■ | ■ | पा |
| श | मा | ■ | रा | ज | गु | रू | ■ |
| रा | मा | य | ण | ■ | ल | ब | रा |
| फ | ■ | हू | ■ | जं | जा | ल | ■ |
| त | क | दी | र | ■ | र | ■ | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज किस्मत आपके दरवाजे पर नए अवसरों की दस्तक दे सकती है। पैसों से जुड़े फैसले समझदारी से लेंगे तो लाभ की राह खुल सकती है। काम में आपका जोश लोगों को प्रभावित करेगा और प्रेम जीवन में रोमांस की मिठास दिल को खुश कर देगी। संतान की भावनाओं को समझने की कोशिश रिश्तों को और मजबूत बनाएगी। सेहत को हल्के में न लें।

### वृष
आज आपकी योजनाएं सफलता की सीढ़ियां बन सकती हैं। सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ने के संकेत हैं, जिससे आत्मविश्वास भी ऊंचा रहेगा। परिवार में शादी या शुभ समाचार का माहौल खुशियां ला सकता है। यात्रा से जुड़ी कोई जानकारी आपके लिए भविष्य में लाभकारी साबित हो सकती है। गुस्से और बहस से दूरी बनाकर रखें, तभी दिन और बेहतर गुजरेगा।

### मिथुन
आज आप खुद को बेहतर बनाने के मूड में रहेंगे और यही सोच आपको आगे बढ़ाएगी। घर में खुशखबरी का माहौल बन सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी सलाह लोगों को प्रभावित करेगी और वरिष्ठ भी आपकी तारीफ कर सकते हैं। पिताजी की बातों में आज आपके लिए खास सीख छिपी हो सकती है।

### तुला
आज मेहनत का सुनहरा फल मिलने वाला है। व्यापार और निवेश दोनों में लाभ के अच्छे संकेत हैं। प्रेम जीवन में रोमांस और अपनापन बढ़ेगा, वहीं सिंगल लोगों की मुलाकात किसी खास इंसान से हो सकती है। आध्यात्मिकता की ओर बढ़ता झुकाव मन को शांति देगा। घर में किसी नए शुभ काम की शुरुआत का योग भी बन रहा है।

### वृश्चिक
आज आपकी लगन और मेहनत आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती है। नौकरी में तारीफ मिलेगी और विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। खर्चों पर थोड़ा कंट्रोल रखना जरूरी होगा। रिश्तों में समझदारी और मीठी वाणी कई परेशानियों को दूर कर देगी। विरोधियों से सावधान रहें, लेकिन खुद पर भरोसा बनाए रखें।

### धनु
आज हर कदम सोच-समझकर बढ़ाने की जरूरत है। मन में चल रही उलझनों को शांत दिमाग से सुलझाएं। नए काम की योजना भविष्य में बड़ा फायदा दे सकती है। विवादों से दूरी बनाए रखना ही समझदारी होगी। किसी मनोरंजन या यात्रा से मन हल्का और खुश महसूस करेगा। दिन सकारात्मक ऊर्जा और नई उम्मीदों से भरा रहेगा।

### कर्क
आज सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के संकेत हैं। नया वाहन या घर से जुड़ी कोई खास खरीदारी मन को खुश कर सकती है। किसी मित्र की मदद करके आपको आत्मसंतोष मिलेगा। पुराने पैसों या लेन-देन का मामला दोबारा सामने आ सकता है, जिसे समझदारी से सुलझाना बेहतर रहेगा। धैर्य बनाए रखें, क्योंकि सरकारी कामों में थोड़ी देरी संभव है।

### सिंह
आज आपकी सकारात्मक सोच और ऊर्जा हर काम में चमक बिखेर सकती है। रुका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यवसाय में लंबी योजनाएं अब गति पकड़ सकती हैं। परिवार में सरप्राइज और खुशियों का माहौल रिश्तों में और अपनापन बढ़ाएगा। सरकारी कामों में भी सफलता मिलने के संकेत हैं।

### कन्या
आज आपको पैसों और सेहत दोनों मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है। पुराने विवाद खत्म होने से मन हल्का महसूस करेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात यादों को ताज़ा कर सकती है। परिवार का माहौल धीरे-धीरे बेहतर होगा।

### मकर
आज समझदारी से लिया गया हर फैसला भविष्य को मजबूत बना सकता है। व्यवसाय में नई योजनाएँ फायदा देने लगेंगी। जीवनसाथी के साथ बिताया गया समय रिश्ते में नई ताजगी ला सकता है। गुस्से और टालमटोल से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि यही आपकी सफलता की चाबी होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा।

### कुंभ
आज सफलता आपके कदम चूम सकती है। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें अच्छे परिणाम मिलने के योग हैं। सम्मान या पुरस्कार मिलने से मन गर्व महसूस करेगा। व्यापार की उलझनें सुलझेंगी और संपत्ति खरीदने का सपना भी पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के तनाव से राहत मिल सकती है। छोटी सावधानी बड़ा फायदा दे सकती है।

### मीन
आज छोटी चुनौतियां आपके धैर्य की परीक्षा ले सकती हैं। कार्यक्षेत्र में सतर्क रहना जरूरी होगा, क्योंकि कोई आपके खिलाफ माहौल बना सकता है। खर्च बढ़ने से चिंता हो सकती है, इसलिए बजट संभालकर चलें। पुरानी गलती से मिली सीख आपको आगे मजबूत बनाएगी। सेहत पर विशेष ध्यान देना जरूरी रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



# विनेश फोगाट की वापसी पर सियासत तेज

**● बृजभूषण सिंह बोले- रायता फैलाकर गईं हैं देवीजी, कांग्रेस सांसद ने कहा- न्याय मांगने की कीमत चुका रहीं, साक्षी मलिक ने लगाई गुहार**

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती में विनेश फोगाट की वापसी को लेकर विवाद अब खेल से निकलकर राजनीतिक और सामाजिक बहस का विषय बन गया है। ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने जहां मां बनने के बाद खिलाड़ियों को दुनिया भर में मिलने वाली राहत का हवाला देते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ से विनेश फोगाट को ट्रायल का मौका देने की अपील की है। वहीं, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि WFI कभी बिना वजह किसी खिलाड़ी को नहीं रोकता। अगर रोक लगाया गया है तो उसके पीछे कोई कारण जरूर होगा। रोहतक से सांसद और कांग्रेस नेता दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इसे 'साजिश, बदला और अन्याय' करार दिया। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए न्याय मांगने की कीमत विनेश फोगाट आज भी चुका रही हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट को राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी है।





### विनेश के समर्थन में आईं साक्षी मलिक

इस पूरे विवाद के बीच साक्षी मलिक खुलकर विनेश के समर्थन में सामने आईं। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन में दोनों पहलवान एक साथ नजर आई थीं। बाद में विनेश फोगाट के राजनीति में आने और कांग्रेस से जुड़ने के बाद दोनों के रास्ते अलग माने जाने लगे थे। अब साक्षी मलिक ने मंगलवार 12 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। साक्षी मलिक ने कहा कि दुनिया भर में मां बनने के बाद महिलाओं को वापसी के लिए नियमों में ढील दी जा रही है, दूसरी ओर विनेश की राह रोकने की कोशिश हो रही है। साक्षी ने ङ्ग पर पोस्ट वीडियो में कहा, ''मुझसे इस मुद्दे पर राय मांगी गई थी और मैं पिछले दो-तीन दिनों से सोच रही थी, क्योंकि विनेश एक राजनीतिक दल की विधायक हैं और मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है, लेकिन मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं।



## भुवी झटक चुके हैं 21 विकेट

### ...लेकिन भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में बड़े-बड़े गेंदबाज संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन भुवनेश्वर कुमार का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 11 मैच में 21 विकेट लेकर पर्पल कैप पर कब्जा जमाए रखा है। ऐसे में रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज खिलाड़ी ने भुवनेश्वर की भारतीय टीम में वापसी की मांग कर दी है। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने कहा है कि वह भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार ने आरसीबी के सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, 'मैं भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहा हूं। कई साल हो गए हैं जब मैंने लंबे समय के लक्ष्य रखना या बनाना बंद कर दिया है। जब भी मैंने ऐसा किया है तो यह मेरे लिए कभी काम नहीं आया। मैं खुश हूं कि 200 मैच खेले और पावरप्ले और डे ओवर इतने सारे विकेट लिए। मुझे लगता है कि यह सब उन कामों का इनाम है जो मैंने इतने सालों में किए हैं। अच्छे साल भी रहे हैं और बुरे साल भी। सच कहूं तो इस समय मुझे कुछ खास महसूस नहीं हो रहा है। बेशक, अगर मैं कहूं कि बाद में मुझे ऐसा महसूस नहीं होगा तो मैं झूठ बोलूंगा। मुझे लगता है कि ये यादें बाद में काम आएंगी, लेकिन इस समय मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत सामन्य है।'



### आईपीएल के बाद मुझे काफी लंबा ब्रेक मिलता है

भुवनेश्वर कुमार ने कहा, 'मुझे पता है कि 2026 अच्छा जा रहा है। मुझे विकेट मिल रहे हैं, लेकिन मैं वही सब कर रहा हूं जो मैं पहले भी कर रहा था। बेशक मैं कह सकता हूं कि ट्रेनिंग थोड़ी ज्यादा हो गई है या शायद कुछ चीजें बेहतर हुई हैं क्योंकि मैं देश के लिए नहीं खेल रहा हूं। सबसे अच्छी बातों में से एक यह है कि आईपीएल के बाद मुझे काफी लंबा ब्रेक मिलता है।

**फुटबॉल प्रीमियर लीग**

## टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा

**लंदन।** फुटबॉल प्रीमियर लीग में टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इस ड्रॉ के साथ ही टॉटेनहम 38 अंकों के साथ 17वें नंबर पर आ गया है। वहीं, लीड्स यूनाइटेड 14वें स्थान पर है। प्रीमियर लीग की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांसीसी फुटबॉलर मैथिस टेल पहले मुकाबले में हीरो बने, लेकिन उन्होंने अपनी गलती से टीम के लिए परेशानी भी खड़ी कर दी। टेल ने मैच के 50वें मिनट में पहला गोल दागा और



टॉटेनहम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने अपने ही बॉक्स में गेंद को खतरनाक तरीके से क्लियर करने का प्रयास किया और इसी कोशिश में उनका पैर एथन अमपाडू को लग गया। वीएआर जांच के बाद लीड्स यूनाइटेड को पेनल्टी मिल गई, जिसका पूरा फायदा इंग्लिश फुटबॉलर कैल्वर्ट लेविन ने उठाया। लेविन ने मैच के 74वें मिनट में हाथ आए मौके को भुनाया और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। टॉटेनहम हॉटस्पर ने इसके बाद मुकाबले में वापसी करने का काफी प्रयास किया, लेकिन लीड्स यूनाइटेड की टीम ज्यादा हावी नजर आई। मैच के अंतिम पलों में गोलकीपर किंस्की ने सीन लॉन्गस्टाफ के जबरदस्त शॉट का बेहतरीन बचाव करते हुए टीम की हार को टाला।

# मुझे नहीं पता कि वह कितने समय तक टिक पाएगा

**● सूर्यवंशी को टेस्ट और वनडे खेलते देखना चाहते हैं डिविलियर्स**

**लंदन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा कि वनडे और टेस्ट क्रिकेट खेलने से 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के होनहार खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को मानसिक और शारीरिक रूप से अपने क्रिकेट के एक बिल्कुल अलग पहलू को जानने में मदद मिलेगी, लेकिन इस युवा खिलाड़ी के लिए यह रास्ता मुश्किलों भरा होगा।

सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में अपनी बेखौफ बैटिंग से सभी को हैरान कर दिया है। उन्होंने 11 पारियों में 40.00 की औसत और 236.55 के स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार जैसे विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनके निडर खेल ने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी है कि उन्हें तेजी से भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है। हालांकि अब तक उनका फर्स्ट-क्लास करियर बहुत मजबूत नहीं रहा है। उन्होंने आठ मैचों और 12 पारियों में सिर्फ 207 रन बनाए हैं, जिनका औसत 17.25 रहा है और उनके नाम एक अर्धशतक दर्ज है।

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड द्वारा होस्ट किए जाने वाले पॉडकास्ट फार द लव आफ क्रिकेट में बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि इस उम्र में सूर्यवंशी की प्रतिभा अविश्वसनीय है, लेकिन इस बल्लेबाज को अभी यह नहीं पता कि टेस्ट क्रिकेट में उनके लिए क्या चुनौतियां इंतजार कर रही हैं। उनके खेल में बदलाव आ सकते हैं, जब तक कि कोई उन्हें टी-20 विशेषज्ञ के तौर पर खेलने की सलाह न दे, जिसके बारे में एबी का मानना ??है कि इससे इस युवा खिलाड़ी का करियर लंबा और सफल होगा।

उन्होंने कहा, सच कहूं तो, मुझे नहीं पता कि वह कितने समय तक टिक पाएगा। इस उम्र में उसकी प्रतिभा अविश्वसनीय है। लेकिन मैं उसे दूसरे फॉर्मेट में भी खेलते देखना चाहूंगा। टेस्ट क्रिकेट में उसे अभी यह नहीं पता कि उसे किन चीज़ों का सामना करना पड़ेगा। बहुत सी चीजें बदल जाएंगी, जब तक कि कोई बहुत अच्छा मैनेजर उसे यह सलाह न दे कि वह अपनी बाकी की जिंदगी एक टी20 विशेषज्ञ के तौर पर ही खेले। अगर वह सिर्फ यही (टी) खेलता है, तो उसका करियर बहुत लंबा और सफल होगा।



डिविलियर्स चाहते हैं कि वह टेस्ट क्रिकेट और वनडे भी खेले, ताकि वह अपने खेल के बारे में और ज्यादा जान सके - खासकर टेस्ट क्रिकेट के बारे में। उन्होंने कहा, अगर वह वनडे और खासकर टेस्ट क्रिकेट में हाथ आजमाना शुरू करता है, तो उसे अपने क्रिकेट का एक बिल्कुल अलग पहलू - मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से - पता चलेगा। उसमें निश्चित रूप से वह प्रतिभा है जिससे वह अपने रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को पार कर सकता है। लेकिन यह सफर आसान नहीं होगा, बल्कि कांटों भरा होगा। मुझे उम्मीद है कि वह इस रास्ते पर चलेगा और अपने देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की कोशिश करेगा।

सूर्यवंशी ने इस साल 19 वर्ल्ड कप में 7 मैचों में 439 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनका औसत 62.71 और स्ट्राइक रेट 169.49 रहा, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल थे, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 था। उन्होंने इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड तोड़ते हुए 30 छक्के जड़े जो 2022 के संस्करण में दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस के 18 छक्कों के रिकॉर्ड से कहीं ज़्यादा थे। असल में 19 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज़्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड अब उन्हीं के नाम है। वह 19 वनडे में भारत के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 25 पारियों में 56.48 के औसत और 165 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 1,412 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक, सात अर्धशतक और 175 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने लिमिटेड-ओवर्स फॉर्मेट में अपना दबदबा बनाया है। उन्होंने 28 टी20 मैचों में 40.92 के औसत और 215.39 के स्ट्राइक रेट से 1,105 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 144 है।

# रियल बेटिस 20 साल बाद चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई

**स्पेनिश लीग ला लीगा में एल्चे को 2-1 से हराया, पेत्रोत को रेड कार्ड**



**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेनिश क्लब रियल बेटिस ने 20 साल बाद फुटबॉल की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता श्व्र चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रच दिया है। मंगलवार को स्पेनिश लीग ला लीगा में बेटिस ने एल्चे को 2-1 से हराकर 5वां स्थान और चैंपियंस लीग का अंतिम स्पॉट पक्का कर लिया। एल्चे रेलीगेशन के करीब है।

रियल बेटिस ने आखिरी बार 2005-06 सीजन में चैंपियंस लीग खेली थी। मैनुअल पेलेग्रिनी की टीम ने जीत के साथ छठे स्थान पर मौजूद सेल्टा विगो पर 7 अंकों की बढ़त बना ली है। लीग में अब केवल दो दौर के मैच बाकी हैं। बेटिस के प्रशंसकों के लिए यह इमोशनल पल है, क्योंकि 2 दशक बाद उनकी टीम यूरोप के सबसे बड़े मंच पर खेलेगी।

**पेत्रोत को रेड कार्ड, एल्चे को 10 प्लेयर्स से खेलना पड़ा** - बेटिस के लिए कुचो हर्नांडेज ने 9वें मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई थी। हाफ-टाइम से पहले एल्चे के हेक्टर फोर्ट ने स्कोर बराबर कर दिया। 49वें मिनट में एल्चे के लियो पेत्रोत को रेड कार्ड मिला। इसके बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही एल्चे के खिलाफ पाब्लो फोर्नाल्स ने 68वें मिनट में विनिंग गोल दागकर बेटिस की जीत और चैंपियंस लीग का टिकट तय कर दिया।

**एटलेटिको मैड्रिड की भी जीत** - एक अन्य मुकाबले में चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड ने ओसासुना को 2-1 से हराया। एटलेटिको के लिए एडेमोला लुकमैन और अलेक्जेंडर सोरलॉथ ने गोल किए। 79वें मिनट में मार्कोस लोरेंटे को रेड कार्ड मिलने के बाद टीम को अंत में 10 खिलाड़ियों के साथ संघर्ष करना पड़ा।

### ला लीगा की ताजा स्थिति

- **रियल बेटिस**- 5वें स्थान पर रहकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई किया।
- **सेल्टा विगो**- लेवांते से 3-2 की हार के बाद छठे स्थान पर खिसकी।
- **लेवांते**- विगो पर जीत के साथ ही अंक तालिका में 16वें स्थान पर पहुँच गई है।
- **एल्चे** - हार के बाद टीम रेलीगेशन जोन के करीब है।

### बार्सिलोना ने मैड्रिड को हराकर जीता टाइटल

ला लिगा के मौजूदा सीजन का खिताब बार्सिलोना ने जीता। उसने पॉइंट टेबल में 14 अंकों के भारी अंतर के साथ ला लिगा का खिताब अपने नाम किया। बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया। 97 साल बाद 'एल क्लासिको' से लीग का विजेता तय हुआ।

## एफआईएच नेशनल कप की तैयारी में जुटी भारतीय महिला हॉकी टीम, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेगी 4 मैच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाकी इंडिया ने मंगलवार को ऐलान किया कि भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। यह टूर्नामेंट 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम 21 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में ट्रेनिंग और अभ्यास मैच खेलेगी, जिससे खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट से पहले परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में मदद मिलेगी।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाएंगी 4 मैचों की सीरीज** - भारत इस दौरे के दौरान आस्ट्रेलिया बुमेन नेशनल फील्ड हाकी टीम के खिलाफ चार मैच खेलेगा। ये मुकाबले पर्थ हॉकी स्टेडियम में 26, 27, 29 और 30 मई को आयोजित होंगे। इन मुकाबलों के जरिए भारतीय टीम अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी और टीम संयोजन को मजबूत करने की कोशिश करेगी।

# सीएसके ने 24 वर्षीय ऑलराउंडर मैकनील हैडली नरोन्हा को टीम में किया शामिल

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल 2026 के बाकी मुकाबलों के लिए कर्नाटक के 24 वर्षीय ऑलराउंडर मैकनील हैडली नरोन्हा को टीम में शामिल किया है। वह चोटिल तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष की जगह लेंगे, जो अपने आईपीएल डेब्यू मैच में पैर की चोट का शिकार हो गए थे। हालांकि, अभी इस साइनिंग पर बीसीसीआई की आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंजूरी मिलने के बाद सीएसके इसकी औपचारिक घोषणा करेगी।



**कौन हैं मैकनील हैडली नरोन्हा** - मैकनील नरोन्हा घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक के लिए खेलते हैं और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर दोनों में बल्लेबाजी कर सकते हैं, जबकि ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए तीन मुकाबले खेले, जिसमें 161.11 के स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए।

**महाराजा ट्रॉफी में दिखाया दम** - नरोन्हा ने महाराजा ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा था। उन्होंने मंगलुरु ड्रैगन्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। 13 मैचों में उन्होंने 148.82 के स्ट्राइक रेट से 253 रन बनाए, जिसमें 19 छक्के शामिल थे। गेंदबाजी में भी उन्होंने 10 विकेट झटके और उनका इकॉनमी रेट 7.44 रहा।

**रेड-बॉल क्रिकेट में भी कमाल** - मैकनील सिर्फ टी20 ही नहीं, बल्कि लंबे फॉर्मेट में भी शानदार रिकॉर्ड रखते हैं। उन्होंने कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी 2024-25 में दो तिहरे शतक लगाए। उन्होंने त्रिपुरा और उत्तराखंड के खिलाफ ट्रिपल सेंचुरी जड़ी थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 14 पारियों में 1037 रन बनाए।

**सीएसके की बढ़ती इंजरी समस्या** - आईपीएल 2026 में सीएसके लगातार चोटों से परेशान रही है। रामकृष्ण घोष टीम के तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें चोट के कारण बाहर होना पड़ा। इससे पहले नाथन एलिस की जगह स्पेंसर जॉनसन और आयुष म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया गया था। वहीं खलील अहमद भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं, जबकि एमएस धोनी अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

**प्लेऑफ की रेस में बरकरार सीएसके** - सीजन की खराब शुरुआत के बाद सीएसके ने शानदार वापसी की है और टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है। चेन्नई को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बाकी तीन मुकाबलों में कम से कम दो जीत दर्ज करनी होंगी। टीम का अगला मुकाबला 15 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होगा।

# आईपीएल के बाद अब होगा ईटीपीएल

**राहुल द्रविड़ बने टीम के मालिक और अश्विन को मिली कप्तानी**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को इससे पहले कोच, मेंटोर समेत अलग-अलग जिम्मेदारियों में देखा गया है। अब वह एक नई टी20 लीग में बतौर टीम के मालिक नजर आएंगे। उन्हें कोच के तौर पर अलग-अलग तरह के मालिकों के साथ काम करने का अनुभव रहा है, जिनमें से कुछ मालिक बेहद जुनूनी रहे, जबकि कुछ दूर रहकर केवल निगरानी करने पर ध्यान देते हैं। द्रविड़ अब यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ETPL) की टीम डबलिन गार्डियंस के मालिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उन्होंने पीटीआई से बात करते हुए यह साफ कर दिया है कि वह ETPL की इस टीम के मालिक के तौर पर क्रिकेट संचालन में दखल नहीं देंगे और कप्तान रविचंद्रन अश्विन को फैसले लेने की पूरी छूट देंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह किस तरह के मालिक बनना चाहेंगे, तो द्रविड़ हंस पड़े। उन्होंने कहा, 'यह तो समय आने पर ही पता चलेगा। यह मेरे लिए पहला अनुभव होगा, इसलिए मैं खुद भी देखना चाहता हूं कि मैं इस भूमिका में कैसा रहूंगा।'



### कप्तान के कार्य में नहीं देंगे दखल

करीब 30 वर्षों तक शीर्ष स्तर के क्रिकेट से जुड़े रहने के बावजूद द्रविड़ मानते हैं कि नई जिम्मेदारी में उन्हें टीम से कुछ दूरी बनाकर रखनी होगी। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मेरी योजना क्रिकेट से जुड़े रोजमर्रा के मामलों से थोड़ी दूरी बनाकर रहने की है। मेरा मकसद ऐसी मजबूत टीम तैयार करना होगा, जो अपने स्तर पर काम कर सके। आप मुझे डगआउट में लगातार नहीं देखेंगे। मैं हर अभ्यास सत्र या हर मैच में मौजूद रहने वाला व्यक्ति भी नहीं हूं।'
राहुल द्रविड़ ने साफ किया कि वह टीम मालिक के तौर पर सीमित लेकिन सहयोगी भूमिका निभाना चाहते हैं।

## गुजरात टाइटंस शीर्ष पर

**● क्लासेन ने साई से छीनी ऑरेंज कैप, भुवी का दबदबा बरकरार**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 51वें मैच में मंगलवार (12 मई) को गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे नंबर पर है। सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे नंबर पर है। दोनों के 14-14 अंक हैं। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के 12-12 अंक हैं।

ऑरेंज कैप रेस की बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने इस पर फिर से कब्जा जमा लिया। इससे पहले गुजरात टाइटंस की पारी में साई सुदर्शन ने इस पर कब्जा जमा लिया था। दोनों के 500 रन पूरे हो गए हैं। पर्पल कैप रेस में भुवनेश्वर कुमार का दबदबा बरकरार है। उन्होंने 21 विकेट झटके हैं। कगिसो रबाडा ने उनकी बराबरी कर ली है।

## न्यूज बाइट्स

### चिकित्सकों की लगातार अनुपस्थिति से मरीज परेशान

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। ओबरा प्रखंड के खुदवां अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की लगातार अनुपस्थिति से स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल होती नजर आ रही है। बुधवार को दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से इलाज कराने पहुंचे मरीजों को घंटों इंतजार के बाद भी चिकित्सीय सुविधा नहीं मिल सकी, जिसके कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। मरीजों ने बताया कि वे सुबह नौ बजे से पर्ची कटाकर चिकित्सक के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे, लेकिन लगभग 11 बजे तक भी कोई चिकित्सक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति प्रतिदिन बनी रहती है तथा चिकित्सकों के आने का कोई निश्चित समय नहीं है। इससे गरीब एवं ग्रामीण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार सरकार ने गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य कल्याण केंद्र स्थापित किए थे, ताकि सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए लोगों को प्रखंड या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़े।

विरोध करने पर अपराधियों ने की मारपीट

# स्वर्ण व्यवसायी से 18 लाख की लूट



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद में मंगलवार की रात अपराधियों ने एक स्वर्ण व्यवसायी को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए नकद एवं आभूषण लूट लिए। घटना के दौरान बदमाशों ने व्यवसायी के साथ बेरहमी से मारपीट भी की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार कर्मा मार्ग निवासी धीरेंद्र प्रसाद के पुत्र मंगलवार की रात अपनी आभूषण दुकान बंद कर दोपहिया वाहन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान जब वे रामराजनगर स्थित पुराने विद्युत कार्यालय के समीप पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए छह अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। अपराधियों ने जबरन उनका दोपहिया वाहन रुकवाया और उन पर हमला कर दिया। पीड़ित व्यवसायी के अनुसार उनके पास लगभग 2 लाख 40 हजार रुपए नकद तथा बड़ी मात्रा में आभूषण थे। अपराधी नकदी एवं आभूषण लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि लूटे गए सामान की कुल कीमत लगभग 18 लाख रुपए आंकी गई है। घटना के बाद घायल व्यवसायी सड़क पर पड़े रहे। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों की नजर उन पर पड़ी। इसके बाद लोगों ने उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर व्यवसायी के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। पीड़ित के भाई अमित कुमार ने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना नगर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस आसपास लगे निगरानी कैमरों के दृश्य खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। मामले को लेकर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है तथा शीघ्र ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दो घरों में चोरी, महिलाओं को कमरे में बंद कर जेवरात और नकदी ले गए चोर



**निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

दाउदनगर थाना क्षेत्र के बेलाढ़ी गांव में मंगलवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बेलाढ़ी निवासी शैलेंद्र सिंह अपने भगिने के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बारुण गए हुए थे। घर में केवल महिलाएं मौजूद थीं। देर रात चोर घर में घुस गए और महिलाओं को बाहर निकलने से रोकने के लिए कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद चोरों ने अलमारी एवं बक्सों का ताला तोड़कर घर में रखे सामान की तलाशी ली। परिजनों के अनुसार चोर सोने-चांदी के आभूषणों से भरा एक पूरा बक्सा अपने साथ ले गए। बक्से में घर की तीन महिलाओं के कीमती आभूषण रखे हुए थे। चोरी गई संपत्ति की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। हालांकि नकदी की सही राशि का आकलन अभी नहीं हो पाया है।

इसी रात चोरों ने गांव के ही जनेश्वर सिंह के बंद पड़े घर को भी निशाना बनाया। बताया जाता है कि जनेश्वर सिंह दिल्ली में रहकर एक निजी संस्था में कार्य करते हैं। चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और बक्सों में रखा सामान चोरी कर लिया। उनके घर से चोरी हुई संपत्ति का पूरा विवरण अभी सामने नहीं आया है।

किसानों की डिजिटल पहचान को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन की बड़ी पहल

# जिलाधिकारी ने किसान पंजीकरण–किसान की डिजिटल पहचान अभियान का किया स्थल निरीक्षण

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद में किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला पदाधिकारी अभीलाषा शर्मा ने औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत फेसर पंचायत के सोहरैया गांव में संचालित "किसान पंजीकरण–किसान की डिजिटल पहचान" अभियान का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने किसानों के किसान पहचान संख्या निर्माण, ई-केवाईसी प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन तथा तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान को मिशन मोड में संचालित करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किसान पंजीकरण कार्य पूरा किया जाए। जिला पदाधिकारी ने पंचायत स्तर पर घर-घर अभियान चलाकर दूरस्थ एवं वंचित किसानों को जोड़ने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान इस महत्वपूर्ण अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा 12 मई 2026 से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत किसानों का किसान पंजीकरण एवं किसान पहचान संख्या निर्माण किया जा रहा है। पंचायत सरकार भवनों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, राजस्व कर्मचारी एवं आवास सहायकों की उपस्थिति में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले ने इस अभियान में पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रशासन के अनुसार बुधवार तक 753 किसानों का सफल ई-केवाईसी तथा 520 किसानों का सफल किसान पंजीकरण किया गया।

वहीं अब तक कुल 1 लाख 21 हजार 820 किसानों का सफल पंजीकरण किया जा चुका है। जिला प्रशासन ने सभी किसान भाई-बहनों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने पंचायत के किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मचारी अथवा निकटतम जन सेवा केंद्र पहुंचकर शीघ्र अपना किसान पंजीकरण कराएं तथा सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## सत्येन्द्र नारायण पार्क के समीप संचालित दीदी की रसोई एक्सप्रेस पहुंचीं डीएम

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)**। शहर में सत्येन्द्र नारायण पार्क के समीप संचालित "दीदी की रसोई एक्सप्रेस" का जिला पदाधिकारी अभीलाषा शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा संचालित रसोई व्यवस्था का जायजा लिया तथा उनके कार्यों की सराहना की। जिला पदाधिकारी ने जीविका समूह की महिलाओं से बातचीत करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता की दिशा में उनका यह प्रयास प्रेरणादायी है। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने रसोई संचालन, स्वच्छता व्यवस्था तथा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों की भागीदारी से महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं तथा समाज में आत्मनिर्भरता का सकारात्मक संदेश भी जा रहा है।

## पर्यावरण का संदेश : साइकिल से न्यायालय पहुंचे जिला जज



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत की अपील का असर देखने को मिला। व्यवहार न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार अपनी लग्जरी कार सरकारी आवास पर छोड़ साइकिल से न्यायालय पहुंचे। उनके साथ पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश अरुण कुमार, पेशकार आत्मानंद राय तथा सुरक्षा ड्यूटी में तैनात जवान भी साइकिल से न्यायालय आते दिखाई दिए। इसका दृश्य भी सामने आया है। बताया जाता है कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अपने सरकारी आवास से लगभग 500 मीटर दूर स्थित व्यवहार न्यायालय साइकिल से पहुंचे। सुबह जब वे साइकिल से न्यायालय के लिए निकले तो रास्ते में मौजूद लोग उन्हें देखकर आश्चर्यचकित रह गए। न्यायालय परिसर पहुंचने के बाद भी कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं आम लोगों की नजरें उन्हीं पर टिकी रहीं।

लोगों ने जिला जज की इस पहल को ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक संदेश बताया। हालांकि इस संबंध में जिला जज की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन उनकी इस पहल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान देशवासियों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील की थी। उन्होंने लोगों से जहां तक संभव हो निजी वाहनों का कम उपयोग करने तथा सार्वजनिक परिवहन, साइकिल एवं विद्युत चालित वाहनों को प्राथमिकता देने की बात कही थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और विदेशी मुद्रा पर पड़ने वाला दबाव भी कम होगा।

## अष्टभुजी धाम महोत्सव के प्रथम वर्षगांठ पर महाआरती



- महोत्सव को चार माह के भीतर बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से राजकीय दर्जा प्राप्त हुआ।

**निज सं. | बारूण (औरंगाबाद)**

बारुण प्रखंड के पिपरा गांव स्थित प्रसिद्ध शक्ति उपासना केंद्र अष्टभुजी धाम पिपरा में प्रथम अष्टभुजी महोत्सव की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण देखा गया। सुबह योग्य आचार्यों के सान्निध्य में अष्टभुजी धाम परिसर स्थित माता अष्टभुजी सहित अन्य देवी-देवताओं के मंदिरों में षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा-अर्चना की गई। वहीं संध्या बेला में भव्य महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

महोत्सव आयोजन समिति के संरक्षक अजीत मिश्रा, अध्यक्ष एवं मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, सचिव राजा दिलीप, कोषाध्यक्ष रामेश्वर भगत, सह सचिव संजय सिंह यादव, कर्मदेव पाल तथा उपकोषाध्यक्ष लालमोहर प्रजापति के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन समिति के संयोजक सह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया ने बताया कि एक वर्ष पूर्व इसी दिन जनसहयोग से अष्टभुजी धाम महोत्सव की शुरुआत की गई थी। उन्होंने कहा कि महोत्सव के सफल आयोजन तथा महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के प्रयासों से मात्र चार माह के भीतर ही बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा इसे राजकीय दर्जा प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि पिपरा स्थित अष्टभुजी धाम मां विंध्यवासिनी की प्रतिकृति के रूप में प्रसिद्ध है तथा आसपास के सैकड़ों गांवों में इसे कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है। कार्यक्रम में सच्चिदानंद मिश्र, रामाशंकर भगत, अशोक भगत, गिरिजेश साव, सुरेंद्र साव, अर्जुन साव, अक्षय लाल गुप्ता, सुधीर पाल, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

